3 बस्तर संभाग
भारत बंद का किरंदुल में दिखा व्यापक असर, बन्द रही दुकानें

6 अभिमत
म्यांमार में लोकतंत्र पर संकट

10 संस्कारधानी
संक्रमण को निमंत्रण - कपड़े की सेल में कोविड प्रोटोकॉल ...

11 छत्तीसगढ़
तालाब पाटकर बनाया जा रहा अवैध कॉम्प्लेक्स

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 27 फरवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 188 मूल्य 3.00 ₹

# यह देश और प्रदेश अन्नदाताओं का है : भूपेश



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ। इससे पहले सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि यह देश और प्रदेश अन्नदाताओं का है। हम किसी भी सूरत में किसानों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं होने देंगे। हम अन्नदाताओं के साथ छल नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा के दौरान जो लोग यहां समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर बातें कर रहे थे। दिल्ली में उन्हीं की सरकार है। वहां समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं, 2 सौ से अधिक किसानों की मौत हो गई, लेकिन तब भी उस सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि किसानों पर 3 ऐसे कानून जबरदस्ती थोपे जा रहे हैं, जिसे किसान चाहते ही नहीं। उन्होंने कहा कि हमनें छत्तीसगढ़ में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के हितों को लेकर केन्द्र को लगातार पत्र लिखता हूं। इसलिए विपक्षी सदस्यों ने आज मुझे पत्रजीवी कहा, लेकिन आदिवासियों, नौजवानों, किसानों, अनुसूचित जाति, जनजाति और छत्तीसगढ़ के हितों की बात जब भी आएगी, तो मैं हजार बार पत्र लिखूंगा। हमने किसानों की सुविधा बढ़ाने के लिए 263 नये उपार्जन केन्द्र बनाएं। प्रदेश में 2300 धान खरीदी केन्द्र होने से धान खरीदी में कहीं अव्यवस्था नहीं हुई। बारदानों की कमी के बाद भी धान खरीदी का काम सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जब केन्द्रीय पूल में 60 लाख मीटरिक टन चावल जमा करने की सहमति दी थी, तो विपक्षी सदस्यों ने कहा कि केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहिए। इस पर मैंने कहा था कि जिस दिन पूरा 60 लाख मीटरिक टन चावल केन्द्रीय पूल में लिया जाएगा, उस दिन पूरा सदन उन्हें धन्यवाद दूंगा। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र ने केवल 24 लाख मीटरिक टन जमा करने की अनुमति दी है। अब विपक्ष को पूरे 60 लाख मीटरिक टन चावल जमा कराने के लिए केन्द्र से अनुमति दिलानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नीतियों से कृषि के प्रति लोगों का आकर्षण ब?ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में 13




लाख 17 हजार 583 किसानों का पंजीयन हुआ था, इनमें से 11 लाख 5 हजार 556 किसानों ने धान बेचा। 16.1 प्रतिशत किसान धान नहीं बेच पाए। इसी तरह 2016-17 में 14 लाख 51 हजार 88 किसानों का पंजीयन हुआ, इनमें से 13 लाख 27 हजार 944 किसानों ने धान बेचा। 8.5 प्रतिशत किसान धान नहीं बेच पाए। 2017-18 में 15 लाख 77 हजार 332 किसानों का पंजीयन हुआ, 12 लाख 6 हजार 224 किसानों ने धान बेचा और 23.6 प्रतिशत किसान धान नहीं बेच पाए। जबकि इस साल याने 2020-21 में 21 लाख 52 हजार 475 किसानों का पंजीयन किया गया। 20 लाख 53 हजार 483 किसानों ने धान बेचा यानि 95.38 प्रतिशत किसानों से धान की खरीदी हुई। इस बार प्रदेश में 24 लाख 86 हजार 665 हेक्टेयर रकबे में किसानों ने धान का उत्पादन किया, जो वर्ष 2015-16 की तुलना में बहुत ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विपक्षी सदस्य यह प्रश्न उठा रहे हैं कि अतिशेष धान राज्य सरकार क्यों बेच रही है। मैं कहना चाहता हूं कि आप हमें 60 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में जमा करने की अनुमति दिला दीजिए, हमें बाहर धान या चावल बेचने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम धान का उपार्जन केन्द्र सरकार के लिए करते हैं। एक समय था जब देश में अनाज की कमी थी, तब इंदिरा जी के आव्हान पर हरित क्रांति हुई और हमारे किसानों ने उस चुनौती को स्वीकार किया। देश स्वावलंबी हुआ और आज जब आधिक्य हो गया तो आप व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर 2 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा करने के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे 7 लघु वनोपजों की संख्या बढ़ाकर 52 कर दी है। इसके साथ ही हम लघु वनोपजों का वैल्यू एडीशन भी कर रहे हैं। हम लोगों ने वन अधिकार पत्र के उन मामलों का भी निराकरण किया, जो पूर्व में निराकृत नहीं किए गए थे। वनवासियों को उनकी काबिज वनभूमि के वन अधिकार पत्र वितरित करने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल है। हमनें 4 लाख 33 हजार व्यक्तिगत प्रकरणों में 9 लाख 3 हजार 520 एकड़ और 41 हजार 16 सामुदायिक प्रकरणों में 37 लाख 870 एकड़ इस प्रकार कुल 46 लाख 4 हजार 399 एकड़ वनभूमि का अधिकार दिलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमनें 2019 में ➤शेष पेज 8 पर

## सब कुछ उधारी है, कुछ भी नहीं भागीदारी है : कौशिक

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की योजनायें राज्यपाल के अभिभाषण में परिलिक्षित होनी चाहिये साथ ही प्रतीत होना चाहिये कि आने वाले के लिये सरकार की क्या योजनाएं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार असत्य के बुनियाद पर खड़ी है। कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र को आत्मसात् किया है। फिर उसका पालन होना चाहिये लेकिन अभिभाषण में कही भी इसका मेल नहीं है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि किसानों के मसले पर प्रदेश सरकार का रूख का पता नहीं है। अब तक वादे मुताबिक 2500 रूपये नहीं दिया है। युवाओं की कही भी चिंता नहीं है। स्वास्थ्य सेवा बदहाल है। गोबर खरीदी से महिलाओं की सुरक्षा पर कोई चर्चा नही है। पेंशन योजना का पता नहीं है। जिस चावल वितरण को लेकर प्रदेश खुद की प्रशंसा कर रही है वो केन्द्र की योजना है। मनरेगा में अभी भुगतान शेष है। सड़क निर्माण को लेकर कोई चर्चा नहीं है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट योजना नरवा-गुरूवा, घुरवा-बाडी भी असफल है। केवल मात्र शराब की ब्रिकी इस सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार किसान आत्महत्या कर रहे हैं। दो साल में करीब 439 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि सब कुछ उधारी है, कुछ भी नहीं भागीदारी है।



### दस माह में किया 141 किसानों ने किया आत्महत्या, प्रदेश सरकार ने स्वीकारा

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में किसानों के आत्महत्या का मामला उठाया। जिस पर प्रदेश सरकार ने स्वीकारा कि करीब दस माह में 141 किसानों ने आत्महत्या की हैं। विधानसभा में हुई चर्चा के बारे में पत्रकारों को बताया कि किसानों के मसले पर प्रदेश की सरकार कही भी संवेदनशील नहीं है। जिसके कारण ही किसान आत्महत्या को विवश है। किसानों के आत्महत्या के के पूरे मामले की जांच होनी चाहिये साथ ही पीड़ित परिवारों को मुआवाजा दिया जाना चाहिये। इस पूरे मुद्दे पर प्रदेश की सरकार गैर जिम्मेदाराना बातें करके बचना चाहती है। जिस तरह के प्रदेश सरकार के लोगों का बयान किसानों के आत्महत्या की घटना को लेकर आया है वो पीड़ादायक है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि किसानों के हितों की चिंता करते प्रदेश की सरकार को जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिये।






# किसानों की आत्महत्या के मुद्दे पर सदन गरमाया, भाजपा ने किया वॉकआउट

## कृषि मंत्री ने कहा-144 किसानों ने आत्महत्या की, जिसमें एक प्रकरण में पटवारी को निलंबित किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को भाजपा सदस्यों ने प्रदेश में किसानों की आत्महत्या का मामला जोरशोर से उठाया। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि 10 माह में प्रदेश में 144 किसानों ने आत्महत्या की है। इनमें एक प्रकरण में पटवारी को निलंबित किया गया है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश में किसानों का आत्महत्या का मामला उठाते हुए कृषि मंत्री से पूछा कि अप्रैल 2020 से लेकर 01 जनवरी 2021 तक कितने किसानों ने किन कारणों से आत्महत्या की है तथा कितने किसानों को कितना मुआवजा दिया गया और कितने मामलों में दोषी पाये जाने पर कार्यवाही की गई।



कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इन प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि उक्त प्रश्नावधि में 141 किसानों द्वारा अलग-अलग कारणों से आत्महत्या की गई। उन्होंने बताया कि जिला कोण्डागांव के केशकाल में कृषक धनीराम मरकाम के आत्महत्या प्रकरण में अभिलेख दुरूस्ती एवं फसल गिरादावरी में त्रुटि पाये जाने पर पटवारी डोंगर नाग दोषी पाये जाने पर उन्हें निलंबित किया गया।

नेताप्रतिपक्ष कौशिक ने इस पर कहा कि 10 माह में 141 किसान आत्महत्या करते है और कार्रवाई सिर्फ एक प्रकरण में पटवारी के खिलाफ की जाती है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों की सूद लेने वाला कोई नहीं है, उल्टा आत्महत्या करने वाले किसानों पर आरोप लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए जांच होनी चाहिए और सभी किसानों को मुआवजा राशि मिलनी चाहिए।

कृषि मंत्री चौबे ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पुराने 15 साल के कार्यकाल पर हम नहीं जाएंगे क्योंकि यह राजनीति करने का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि भाजपा इस पर राजनीति करना चाहती है। आत्महत्या शब्द मतलब पोस्टमार्टम से जुड़ा है इसलिए सारी रिपोर्ट का पोस्टमार्टम करना उचित नहीं है। नेताप्रतिपक्ष ने इस पर कहा कि मैं पोस्टमार्टम नहीं कर रहा हूं, हां प्रश्नकाल के बाद जरूर पोस्टमार्टम करेंगे। इस पर हम राजनीति नहीं कर रहे है। हम चाहते है कि कम से कम मृतक कृषकों के घर जाकर उन्हें सहानुभूति तो दे सकते है और किसान आत्महत्या ना करें इसका रास्ता निकलना चाहिए।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस मुद्दे पर कहा कि किसानों की आत्महत्या की बात उठ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्यों का नाम लिए बगैर कहा कि आप लोग सांत्वना दिए अच्छी बात है। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू उसी गांव में रहते है। वहां फोटो सैशन किए गए। ये आपकी मानसिकता रहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोग पेशी करने के लिए खड़े होते थे।कांग्रेस सदस्य धनेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा शासन काल में हजारों संख्या में मौतें हुई पर एक रूपये भी मुआवजा राशि नहीं दी गई। ये रिकार्ड में है। इस पर नेताप्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि मरे हुए किसानों के अपमान की बात आप लोग कर रहे है।

भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने कहा कि जिस मामले में पटवारी को निलंबित किया गया क्या वो पर्याप्त है। पटवारी के खिलाफ एफआईआर भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील पर क्या कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि किसान ने नकली दवाईयों के कारण आत्महत्या की है।

इस पर कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि सुसाइट नोट केवल इसी मामले में मिला है। इसके बाद 50 दवाई दुकानों में छापा मार कार्यवाही की गई, जिसमें एक व्यापारी पर कार्रवाई भी की गई। इसके बाद नेताप्रतिपक्ष कौशिक ने इस मुद्दे पर मंत्री द्वारा दिए समुचित उत्तर को असंतोषजनक बताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। जिसके बाद सभी भाजपा सदस्य सदन से बाहर जाकर पुनः कार्यवाही में शामिल हुए।

## गौठान के विकास और रखरखाव के लिए राशि का प्रबंध एवं व्यय का मामला सदन में उठा

■ भाजपा सदस्यों ने कृषि मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर किया वॉकआउट

बजट सत्र के पांचवें दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने राज्य सरकार की गौठान और गौधन योजना के विकास और रखरखाव के लिए राशि के प्रबंध एवं व्यय का मुद्दा जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा दिये उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन भी किया।




प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने यह मामला उठाते हुए कृषि मंत्री से पूछा कि गौठान एवं गौधन न्याय एक ही योजना है या फिर अलग-अलग। इसके जवाब में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहां दोनों योजना अलग-अलग है।

भाजपा सदस्य चंद्राकर ने इस पर पूरक प्रश्न करते हुए कहा कि कोराना काल में आबकारी विभाग में सेस लगाया गया था, उस राशि का उपयोग गोठान व गौधन न्याय योजना में किया गया, जबकि शराब पर सेस कोरोना के नाम पर लगाया गया था, लेकिन उस सेस की राशि का स्वास्थ्य व कोरोना संकट में उपयोग नहीं किया गया।

भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने पूरक सवाल उठाते हुए कहा कि गौठान की राशि को गोबर खरीदी में उपयोग किया जा रहा है, जबकि सेस की राशि को एक दूसरे मद पर खर्च नहीं किया जा सकता है। शिवरतन शर्मा ने कृषि मंत्री से सवाल पूछा कि क्या एक योजना की राशि को दूसरी योजना में खर्च कर सकते हैं। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए राशि आई है उसी में खर्च किया जा रहा है। शिवरतन शर्मा अपना प्रश्न बार-बार दोहराते रहे और मंत्री भी बार-बार वहीं उत्तर देते रहे। मंत्री ने यह भी बताया कि गौठान के लिए 155 करोड़ 92 लाख राशि प्राप्त हुई है। इस पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि क्या अतिरिक्त शुल्क से बाहर जाकर खर्च करने का अधिकार है। लेकिन इसके बाद भी कृषि मंत्री बार-बार एक ही जवाब देते रहे, जिसके बाद भाजपा सदस्यों ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया।

### दो साल में दुर्ग जिले में 39 तालाबों का निर्माण हुआ : चौबे

विधानसभा में जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने कांग्रेस विधायक अरूण वोरा के प्रश्नों के जवाब में बताया कि पिछले दो वर्ष में दुर्ग जिले में विभिन्न योजनांतर्गत 39 तालाबों का निर्माण किया गया है। मंत्री चौबे ने बताया कि दुर्ग जिले में मत्स्य पालन एवं इसके संरक्षण हेतु केन्द्रीय एवं राज्य की विभिन्न योजनांतर्गत वर्ष 2018-19 में 16 स्थानों पर 19 तालाबों का एवं वर्ष 2019-20 में 14 स्थानों पर 20 तालाबों का निर्माण कराया गया। उन्होंने यह भी बताया कि दो वर्षों में जिले में मत्स्य पालन योजनांतर्गत वर्ष 2018-19 में 314 हितग्राहियों को जाल एवं 10 हितग्राहियों को मोटर सायकिल तथा वर्ष 2019-20 में 241 हितग्राहियों को जाल एवं 66 हितग्राहियों को मोटरसायकल प्रदान की गई।



## प्रदेश में स्थापित कृषि सेवा केन्द्र एवं उनका भौतिक सत्यापन का मामला उठा



■ कांग्रेस सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने अनाधिकृत अधिकारियों द्वारा सत्यापन किये जाने का लगाया आरोप

कांग्रेस सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाते हुए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से पूछा कि वर्ष 2017 से 3 फरवरी 2021 तक प्रदेश में कितनी कृषि सेवा केन्द्र स्थापित हुए तथा इनके भौतिक सत्यापन के लिए कौन अधिकृत है। कृषि मंत्री चौबे ने इसके जवाब में बताया कि प्रश्नावधि तक प्रदेश में कुल 1497 कृषि सेवा केन्द्र स्थापित किये गये है। उन्होंने बताया कि राज्य पोषित कृषि यंत्र सेवा केन्द्रों की स्थापना, केन्द्र प्रवर्तित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजनांतर्गत स्थापित सेवा केन्द्रों का संचालक कृषि अथवा उनके द्वारा नामित कार्यालय जो वर्ग-1 स्तर से कम न हो व संबंधित बैंक के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से मशीनों के अनुमोदित सूची के आधार पर भौतिक सत्यापन के निर्देश है। मंत्री द्वारा दिए उत्तर के बाद कांग्रेस सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि भौतिक सत्यापन अनाधिकृत अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। श्री शर्मा ने अनाधिकृत अधिकारियों के नाम का उल्लेख सदन में करते हुए कहा कि भौतिक सत्यापन अब घर में बैठे-बैठे हो रहे है। कृषि मंत्री ने इस आरोप से इंकार करते हुए कहा कि अधिकृत अधिकारियों द्वारा ही सत्यापन किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्य की चिंता को देखते हुए हम एक नियमित आदेश जारी करेंगे जिसमें सत्यापन करने वाले अधिकारियों की सूची में जॉईन डायरेक्टर स्तर के अधिकारी को भी शामिल किया जाएगा। चौबे ने अपने दल के वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य को भरोसा दिलाया कि कहीं अनियमितता की बात आयेगी तो उसकी जांच होगी और कार्यवाही भी की जाएगी।

## प्रदेश में 6 पेंशन योजना संचालित : अनिला भेड़िया

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिल भेड़िया ने विधानसभा में आज भाजपा सदस्य रंजना डीपेन्द्र साहू के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि प्रदेश में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत 06 पेंशन योजना संचालित है, जिनमें 03 राज्य सरकार की और 03 केन्द्र सरकार की योजना है। प्रश्नकाल में आज भाजपा सदस्य के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री श्रीमती भेड़िया ने बताया कि संचालित पेंशन योजना में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त जन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी पेंशन योजनाओं का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य है। इस मुद्दे पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मंत्री से कहा कि आपको इसका आत्मसात हे कि कांग्रेस के जनघोषणा पत्र में 60 साल उम्र वालों के लिए 1000, 71 साल उम्र वालों के लिए 1500 और दिव्यांगों के लिए 1500 पेंशन योजना प्रारंभ करने की बात कहीं गई है , अगर हां तो ये योजना कब प्रारंभ की गई है। इसके जवाब में मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि उन्हें इसका आत्मसात है पर ये योजना प्रारंभ करने हेतु समय-सीमा बताना संभव नहीं है।



## एड्स से जागरूक करने ऑनलाइन क्विज स्पर्धा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश एड्स नियंत्रण विभाग से समर्थित रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ इकाई ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब बीआईटी रायपुर के स्वंय सेवकों ने ऑनलाइन क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया. आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनैतिक संबंधों की बाढ़ में यह बीमारी और भी तेजी से फैल रही है. यह बीमारी संक्रमित खून या संक्रमित इंजेक्शन की वजह से फैलती है। आज यह बीमारी पूरे विश्व के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है. यही वजह है कि संयुक्त राष्ट भी इस बीमारी को बेहद गंभीरता से लेता है. ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जागरूकता से संबंधित सवाल पूछे गए. इस स्पर्धा में कुल 180 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. रामा राव ने स्वयं सेवकों की इस उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की और उन्होंने रेड रिबन क्लब के माध्यम से युवाओं में जागरूकता लाकर इसके फैलाव पर काबू पाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

### प्रेस क्लब में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 28 को

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब एवं ए बी सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल द्वारा रायपुर प्रेस क्लब, स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन, मोती बाग में 28 फरवरी 2021को सुबह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विशेष रुप से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक पाल. डॉ.विजेता देव तथा निर्मल अवस्थी उपस्थित रहेंगे।आप सभी सदस्यों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ लें।

### चरणदास महंत ने राजिम माघ पूर्णिमा मेला पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजिम माघी पुन्नी मेला की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि राजिम का माघ पूर्णिमा का मेला संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ के लाखों श्रद्धालु इस मेले में जुटते हैं। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक पंद्रह दिनों का मेला लगता है। महानदी, पैरी और सोंढुर नदी के तट पर लगने वाले इस मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र संगम पर स्थित कुलेश्वर महादेव जी का मंदिर है। इस मंदिर का संबंध राजिम की भक्तिन माता से है। कहते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य के राजिम क्षेत्र राजिम माता के त्याग की कथा प्रचलित है और भगवान कुलेश्वर महादेव का आशीर्वाद इस क्षेत्र को प्राप्त है, दोनों ही कारणों से राजिम मेला का महत्व है।



## विकसित होते भारत में स्मार्टफोन खरीदने के लिए 5जी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सर्वे

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईस ब्रांड, ओप्पो ने हाल ही में ओप्पो रेनो 5 प्रो की प्रेरणा एवं अनुभव को समझने के लिए भारत में एक सर्वे किया। 1800 से ज्यादा उत्तरदाताओं के जवाब से निकले निष्कर्ष से पता चला कि डिवाईस खरीदने के लिए उपयोगकर्ता सबसे ज्यादा महत्व 5जी को देते हैं।

इस सर्वे में यह भी सामने आया कि 5जी की विशेषता विकसित होते हुए भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले खरीददारों के बीच लोकप्रिय हो रही है और रेनो5 प्रो डिवाईस खरीदने वाले 57.8 प्रतिशत उत्तरदाता इस विशेषता को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। 5जी इनेबल्ड डिवाईसेस की मांग में यह वृद्धि यूजर्स के बीच कंटेंट के उपभोग में होने वाली वृद्धि का सबसे प्रमुख तत्व है। इससे भारतीय यूजर्स की डिजिटल रेडीनेस प्रदर्शित होती है। हलोल, रायगंज, चिखली, ओंगोले, रजुला आदि शहरों के नागरिकों ने फास्ट चार्जिंग के साथ रेनो5 प्रो को चुनने का मुख्य कारण 5जी को बताया।इन निष्कर्षों में कैमरा एवं वीडियो के क्षेत्र में ज्यादा इनोवेशन की भूमिका को भी बल मिला है। इसमें सामने आया कि उपभोक्ता सबसे ज्यादा उपयोग कैमरा और वीडियोग्राफी का करते हैं। 69.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वो अपने खास लम्हों को कैप्चर करने के लिए स्मार्टफोन में वीडियोग्राफी का उपयोग अक्सर करते हैं। 81.6 प्रतिशत उत्तरदाता रेनो5 प्रो में एआई वीडियोग्राफी का उपयोग करते हैं, क्योंकि इससे उनका स्मार्टफोन का अनुभव बेहतर होता है। इसके बाद बैटरी, परफॉर्मेंस, डिस्प्ले, एवं प्रोसेसर को महत्व देते हैं। पाँच में से चार उत्तरदाताओं ने माना कि इस डिवाईस ने कम रोशनी में उनके वीडियोग्राफी के अनुभव में काफी सुधार कर दिया है।




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोएल से सोजन्य मुलाक़ात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, खाद्य सचिव कमलप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।

### आलीशान मकान बनाने वाले लोगों को प्रशासन की तरफ से जल्द नोटिस जारी करने की तैयारी

# कोटवारी जमीन पर सख्त हुआ प्रशासन, कलेक्टर का तगड़ा फरमान जारी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिले में कोटवारों से जमीन खरीदकर वहां आलीशान मकान बनाने वाले लोगों को प्रशासन की तरफ से जल्द नोटिस जारी करने की तैयारी है। सेवा भूमि में स्वामित्व के लिए कराई गई रजिस्ट्री अब जल्द रद्द होंगी। प्रशासन बेची गई इन जमीनों को दोबारा सरकारी खाते में दर्ज करेगा।

गुरुवार को रायपुर अपर कलेक्टर कार्यालय से सभी तहसीलों, पटवारियों और राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी कर कार्रवाई का ब्योरा देने को कहा गया है। आपको बता दें कि यह कार्रवाई तब हुई है, जब जिले में सालों पहले से कोटवारों द्वारा खुद को भू-स्वामी बताकर दूसरे के नामों पर सरकारी जमीनों की बंदरबाट की गई है। रकबा में करीब 135 एकड़ से ज्यादा जमीनें दूसरों के नाम पर रजिस्ट्री करा दी गई हैं, जिसे हाईकोर्ट का नया आदेश जारी होने के बाद अब प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए वहां की जमीनों में वापस सरकारी दखल से शासकीय कब्जे के लिए आदेश जारी किया है। अपर कलेक्टर की ओर से जारी आदेश में कई अहम बिंदुओं को शामिल कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया गया है। बता दें, जिले में बेची गई सेवा भूमि की कीमत आज की स्थिति में करोड़ों रुपये है। यही नहीं, यहां आलीशान निर्माण होने के बाद महंगी कॉलोनियों के बीच भवनों की कीमतें भी करोड़ रुपये के पार है। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के बताए अनुसार सभी तहसीलों को पत्र जारी कर कार्रवाई चल रही है।

बिक्री पर तत्काल रोक, अभिलेख में अहस्तांतरण -जारी आदेश के मुताबिक सभी तहसीलों में पटवारी सेवाभूमि के खसरे की जमीनों पर बी-01 के अभिलेख में अहस्तांतरणीय शब्द लिखा जाना सुनिश्चत करेंगे। खाता बही में यह लिखे जाने के बाद जमीन की खरीदी बिक्री नहीं होगी। क्रेताओं को नोटिस देकर जानकारी दी जाएगी। यही नहीं, उनसे जवाब भी लिया जाएगा। 2014 में भी राज्य शासन ने जारी किए थे निर्देश ठीक 7 साल पहले राज्य शासन ने सभी तहसीलों में सख्त निर्देश जारी करते हुए जानकारी तलब की थी। इस दौरान जिन बिंदुओं में निर्देश जारी हुए, उनमें मुख्य रूप से कितने कोटवारों को कितनी जमीन का स्वामी हक दिया गया है? कितनी जमीनें बेची गई है? क्रेताओं के विरुद्ध अवैध नामांतरण के मामले में कार्रवाई सुनिश्चत करें। नए आदेश के बाद यह कार्रवाई सुनिश्चित की कोटवारों को दी गई भूमि के अभिलेख में अहस्तांतरणीय शब्द लिखा जाना जमीन संबंधी दस्तावेजों की उप पंजीयक कार्यालय से प्राप्ति और न्यायालय में वाद दायर करना 2003 के परिप्रेक्ष में कोटवारों को आवंटित सेवा भूमि नए सरकारी रिकार्ड में फिर से सेवा भूमि दर्ज करना क्रेताओं के मामले में अवैध अंतरण एवं अवैध नामांतरण के विरुद्ध में नोटिस जारी करने की कार्रवाई की ।

## छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन देश से बेहतर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 को भूपेश बघेल सरकार की नीतियों पर अर्थव्यवस्था की मुहर निरूपित करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना के बावजूद हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने देश के राष्ट्रीय सूचकांको से बेहतर प्रदर्शन किया है। कोरोना संकट और लॉकडाउन के बावजूद छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था बहुत बेहतर स्थिति में केवल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सही फैसलों और कांग्रेस सरकार की सही नीतियों के कारण ही है। अखिल भारतीय वृद्धि दर से तुलनात्मक रूप से हमारा प्रदर्शन बेहतर रहना अनुमानित है। वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी एवं लाकडाउन होने के बावजूद भी कृषि एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि का सकारात्मक रूझान है। जो कि शासन की नीतियों एवं नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी विकास योजना के प्रभाव को दिखाता है।



# भारत बंद का किरंदुल में दिखा व्यापक असर, बन्द रही दुकानें

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



जीएसटी के कड़े प्रावधानों के खिलाफ कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स के आव्हान पर शुक्रवार को भारत बंद का समर्थन करते बस्तर चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले किरंदुल में बंद का व्यापक असर देखने को मिला शुक्रवार सुबह से व्यावसायिक प्रतिष्ठानें स्व सवुर्त बन्द रही छोटी बड़ी दुकानों के साथ साथ चाय, मेडिकल और अन्य व्यवसाइयों ने भी बंद का समर्थन करते जटिल जीएसटी का विरोध जताया, स्थानीय व्यापारियों का मानना है की जीएसटी के कई संसोधनों के बाद भी सरकार इसका सरलीकरण नहीं कर पायी है और व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बस्तर चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष धीरज माकन ने जानकारी देते बताया की जीएसटी के प्रावधानों में सरलीकरण बेहद आवश्यक है, गत वर्ष वैश्विक महामारी में व्यापारी वर्ग बेहद प्रभावित रहा और हर किस्मों के करों का भुगतान सरकार को समय पर करता रहा वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा व्यापारी वर्ग के ऊपर ही जीएसटी के कड़े नियमों के एवज में मानसिक तनाव का शिकार होना पड़ रहा है और इसका सरलीकरण बेहद आवश्यक है। शुक्रवार सुबह से ही व्यापारी संघ और बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने बन्द को सफल बनाने के लिए सड़कों पर रैली की शक्ल में निकले और व्यपारियों का बन्द में सहयोग करने के लिए आभार जताया और अपनी इस लड़ाई में एकजुटता कायम रखने की बात कही।इस दौरान एन एम डी सी के अधीन संचालित को ऑपरेटिव सोसाइटी ने भी व्यापारियों के इस माह बन्द में सहयोग प्रदान कर अपनी सभी शाखाएं बन्द रखी जिसका भी व्यापारियों ने आभार माना बन्द को किरन्दुल कांग्रेस की इकाई ने भी प्रत्यक्ष समर्थन दिया। इस दौरान चैम्बर के उपाध्यक्ष धीरज माकन, ओम प्रकाश सोनी, विशाल जैन, विप्लव मल्लिक, उन्नी बालन, विकास स्वामी, दयालु राम, सिंहासन गुप्ता, शेख आजाद,दीपक गोस्वामी, बप्पी, राजू गुप्ता, सुभाष गुप्ता, कमलेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बारह लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर चन्दन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आग से जलने, बांध और नदी में डूबने से मृत्यु होने के तीन प्रकरणों में उनके निकटतम वारिसों के लिए चार-चार लाख रूपये की मान से 12 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किये है। उल्लेखनीय है कि अंतागढ़ तहसील के ग्राम खड़कागांव निवासी 03 वर्षीय टुकेश्वर सलाम की आग में जलने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता सगनसिंह और रिसायबाई के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। इसी प्रकार नरहरपुर तहसील के ग्राम कोर्रामपारा निवासी 35 वर्षीय महेश कुमार नेताम की बांध में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती सुखमीन नेताम के लिए चार लाख रूपये और पखांजूर तहसील के ग्राम तुमरा निवासी 80 वर्षीय मनीराम बोगा की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी आयते बोगा के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के माध्यम से किया जाएगा।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा विश्वविद्यालयीन, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य विद्यालयीन परीक्षा के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो, इसलिए छत्तीसगढ़ कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 एवं धारा-6 के अंतर्गत सम्पूर्ण कांकेर जिले में राजस्व सीमा के अन्दर तीव्र संगीत, हार्नटाइप, ध्वनि विस्तारक का उपयोग अनुज्ञा के बिना तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध किया गया है।

कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक चलाये जाने के लिए अनुमति हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसील कांकेर के लिए प्राधिकृत अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कांकेर को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तहसील चारामा के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा, तहसील नरहरपुर के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी नरहरपुर, तहसील भानुप्रतापपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, तहसील दुर्गूकोंदल के तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्गूकोंदल, तहसील अंतागढ़ के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंतागढ़ तथा तहसील पखांजूर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर चन्दन कुमार ने प्राधिकृत अधिकारियों को परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाये जाने की अनुमति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की पंजी रखने तथा प्रत्येक प्राप्त आवेदन पत्रों की तिथि एवं समय दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदन पत्र का परीक्षण कर पृथक से अनुमति आदेश जारी किया जावे, जिसमें अनुमति की तिथि एवं समय का भी स्पष्ट उल्लेख किया जावे। प्रदान की गई अनुमति की सूचना संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारी को तथा कलेक्टर कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

# बचेली में चलाया गया स्वच्छता पखवाड़ा सर्वेक्षण 2021




पायनियर संवाददाता बचेली
www.dailypioneer.com

स्वच्छता पखवाड़ा सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रचार रथ के माध्यम से नगर पालिका परिषद बचेली के द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया बता दे नगर पालिका परिषद बचेली की अध्यक्ष पूजा साव उपाध्यक्ष उस्मान खान बचेली नगर के समस्त दुकानदारों से अपील की प्लास्टिक उपयोग ना करें प्लास्टिक का बहिष्कार करें दुकानदारों को उन्होंने समझाइश दिए यदि कोई भी सामान देते हैं तो जूट के बने थैले कैरी बैग में ही समान विक्रय करें इस दौरान समस्त दुकानदारों को मैगजीन किताब वितरण किया गया।

# नक्सलियों ने डीवीसी मेंबर के विस्फोट में मारे जाने का लगाया बैनर

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के आमाबेड़ा इलाके में सुरक्षाबलों को विष्फोट से उड़ाने के लिए नक्सली बम लगा रहे थे, लेकिन बम लगाते समय स्वयं ही बम के विष्फोट में उड़ गये, विष्फोट इतनी भीषण थी कि डीवीसी मेंबर के चिथड़े पेड़ पर लटके मिले, इसमें दो नक्सली घायल भी हुए हैं। नक्सलियों ने मारे गये डीवीसी मेंबर सोमजी उर्फ सहदेव वेड़दा के नाम पर नक्सलियों ने पर्चे फेंके और बैनर लगाकर इसका खुलासा किया है।

नक्सलियों द्वारा लगाये गये बैनर में लिखा है कि 18 फरवरी को आमाबेड़ा के गांव चुकपाल में सुबह 6.15 बजे एक हादसा हुआ। इसमें कांकेर के आलदंड, कंदाड़ी निवासी सोमजी उर्फ सहदेव वेड़दा की मौत हो गई, यह डीवीसी मेंबर था। पर्चा उत्तर बस्तर डिवीजनल कमेटी के प्रवक्ता सुखदेव कावड़े की ओर से जारी किया गया है। बैनर में यह भी लिखा है कि सुरक्षाबलों को उड़ाने के लिए बम लगाने के डौरान विस्फोट हो गया।

## बस आगजनी में शामिल स्थाई वांरटी एक नक्सली मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में थाना कुटरू से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के हमराह जिला बल की टीम टुंगेली, रानीबोदली, गटटापल्ली, चिन्गेर की ओर निकली थी। पुलिस बल द्वारा रानीबोदली एवं चिन्गेर के बीच से जंगल से स्थाई वांरटी 01 नक्सली मिलिशिया सदस्य रमेश कुरसम पिता नरगो कुरसम उम्र 30 साल जाति मुरिया निवासी गटटापल्ली थाना कुटरू को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार नक्सली थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत 07 जून 2019 को चिन्गेर नाला के पास जय भवानी ट्रेव्हल्स की यात्री बस को रोककर यात्रियों को बस से उतारकर आगजनी करने की घटना में शामिल था। जिसके विरूद्ध थाना कुटरू में 01 स्थाई वांरट भी लंबित है। आज थाना कुटरू में कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

## चित्रकोट महोत्सव में बस्तर संस्कृति पर आधारित होगी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**जगदलपुर।** चित्रकोट महोत्सव का आयोजन 09 से 11 मार्च तक घमरमुण्ड चित्रकोट में किया जा रहा है। पारम्परिक गौरवशाली चित्रकोट महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत एवं अन्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त बस्तर संस्कृति पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं रैम्प वॉक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। बस्तर परिधान की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं रैम्प वॉक प्रतियोगिता के इच्छुक प्रतिभागी कार्यालय आदिवासी विकास शाखा में व्यक्तिगत संपर्क कर अपना नाम, संक्षिप्त प्रदर्शन विवरण देते हुए विधा के प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रविष्ट प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि 05 मार्च 2021 कार्यालयीन समय निर्धारित है। इस हेतु अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए 6264255659, 7000983374 एवं 9406110260 पर संपर्क कर सकते है।

# चारामा में बढ़ते पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर के दामों को लेकर शिवसेना ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता चारामा
www.dailypioneer.com



बढ़ते पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दामों को लेकर शिवसेना ने अपना प्रदर्शन तेज कर दिया है। शिवसेना ने शुक्रवार को सदर बाजार चारामा से पेट्रोल ,डीजल, रशोई गैस का लगातार बढ़ोतरी के विरोध कर धर्मेन्द्र प्रधान मुर्दाबाद का नारा लगाते दीनदयाल चौक चारामा में पुतला दहन का विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि केंद्र सरकार ने लगातार पेट्रोल की मूल्यवृद्धि के कारण महंगाई बढ़ गई है। इससे आम आदमी पर बोझ बढ़ गया है। इसके पहले कोरोना की मार अब महंगाई की मार। घर में महिलाओं का राशन के बजट से लेकर आम आदमी की जरूरत के सामानों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। राशन, कंस्ट्रक्शन, आदमियों के रोजमर्रा की जरूरत के सामान सब महंगे हो गए हैं। इनका भार गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार पर ज्यादा पड़ रहा है। एक प्रकार से कहा जाए तो आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया। इस महंगाई के जमाने पर आदमी की आमदनी पहले की तरह यथास्थिति बनी हुई है और महंगाई बढ़ती जा रही है। ऐसे में शिवसेना चारामा इकाई द्वारा भरपूर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चारामा ब्लाक अध्यक्ष शिवेंद्र निर्मलकर, ब्लाक सचिव रविराज देवांगन, जिला युवा अध्यक्ष खेमलाल महला, कैलाश सिन्हा, रघुवीर साहू ,देवेंद्र साहू, योगेश्वर नेताम ,पुरुषोत्तम सिन्हा, कोमारा ,सतीश ताराम, पहलाद देवांगन, एवं अन्य शिवसेना कार्यकर्ता शामिल थे।

# स्वेच्छानुदान से बस्तर सांसद ने स्वीकृत की आर्थिक सहायता

■ सांसद दीपक बैज ने 03 लाख 75 हजार रूपए की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर सांसद दीपक बैज द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 03 लाख 75 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों में विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के मिचनार ग्राम मारिगुड़ापारा, ग्राम तारागांव, ग्राम नेगानार इरिकपाल को बर्तन सेट खरीदने हेतु 5-5 हजार रूपए, ग्राम पं. गड़िया पंरियागु?ा 50 हजार रूपए, ग्राम बड़े धाराऊर और बदरेंगा ग्राम पंचायत को 30-30 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है। विकासखंड तोकापाल से ग्राम डिमरापाल को 10 हजार, ग्राम बड़ेमारेंगा को 15 हजार, ग्राम पखनारचा के डुमरगोदरा को 5 हजार, ग्राम करंजी को 20 हजार, ग्राम कुरेंगा को 45 हजार, ग्राम पलवा को 30 हजार और ग्राम सालेपाल को 15 हजार की स्वीकृति तथा विकासखंड दरभा के अंतर्गत ग्राम पखनार, ग्राम गुमढ़पाल और ग्राम चिंतापुर के चुआरास को 10-10 हजार रूपए की स्वीकृति बर्तन सेट खरीदने के लिए दिया गया है। सांसद बैज के द्वारा स्वीकृत स्वेच्छानुदान आर्थिक सहायता के तहत् विकासखंड जगदलपुर के गुरूद्वारा रोड इंदिरा वार्ड-16 के धवल जैन को आर्थिक सहायता राशि 10 हजार, ग्राम बिरिंगपाल की बोदे बाई को आर्थिक सहायता राशि 05 हजार और ग्राम पंडरीपानी के बुदरू को 05 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई। विकासखंड बस्तर ग्राम इच्छापुर-2 के बंटू यादव को 10 हजार रूपए, ग्राम बड़ अलनार खालेपारा के भुवनेश्वर बघेल को 10 हजार रूपए, ग्राम बाघमोहलई की सुनिता मंडावी को ईलाज हेतु 20 हजार रूपए, ग्राम मुंडागांव को क्रिकेट सामग्री हेतु 10 हजार रूपए और ग्राम सतोसा के युवा समिति को अर्थिक सहायता राशि हेतु 10 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई।

गांव पहुंचने स्वास्थ्य विभाग को करनी पड़ी मशक्कत

# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची संवेदनशील ग्राम पचौली ग्रामीणों को तम्बाकू गुड़ाखु मुक्त ग्राम बनाने का दिलाया संकल्प

पायनियर संवाददाता कटेकल्याण
www.dailypioneer.com



कटेकल्याण ब्लॉक के ग्राम पचोली के कोरोपाल में मितानिनों के अनियमितता रैवये के कारण ग्रामीणों के द्वारा उन्हें कार्य करने से रोक दिया गया था। जिसके बाद संदीप ताम्रकार जिला कार्यक्रम प्रबंधक पीयूष उपाध्याय ग्रामीण चिकित्सा सहायक राजंती कश्यप जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक सुश्री बानो की पूरी टीम अति संवेदनशील क्षेत्र पहुंची जहां पहुँचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के टीम को कई गड्ढे पार करने पड़े बता दें इस क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सड़क को काटकर आवागमन बाधित कर दिया गया है जिसके बाद भी यह टीम पैदल चलकर गड्ढे पारकर उक्त स्थल जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को समझाइश दी उसके पश्चात सभी ग्रामीणों ने मितानिनों से पुनः कार्य कराने का निर्णय लिया।इसी बीच बैठक में आए लगभग सभी ग्रामीण जो तंबाकू गुड़ाखू का उपयोग कर रहे थे उन्हें गुड़ाखू नहीं करने एवं उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में समझाइश देते हुए गुड़ाखू मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प दिलाया गया।

# तीन दिन चले ऑपरेशन संगम में सात नक्सली कैम्प ध्वस्त

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन संगम के तहत बस्तर पुलिस ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर में और नारायणपुर-कांकेर-गढ़चिरौली के सीमावर्ती क्षेत्र में बीते 03 दिनों से ऑपरेशन संगम चलाया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों जवानों ने 07 नक्सली कैंप ध्वस्त कर भारी मात्रा में नक्सल सामान और विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस और जवानों की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन के दौरान हुए नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिला नारायणपुर-कांकेर और गढ़चिरौली के सरहदी क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी. नारायणपुर और कांकेर से डीआरजी,एसटीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी की संयुक्त टीम अलग-अलग इलाकों में सर्चिंग निकली थी, सर्चिंग के दौरान ग्राम बरमटोला, कुदुलपाड़, कुम्मचलमेटा, टेकमेटा और कुकुर गांव के जंगल-पहाड़ी में नक्सलियों के कैम्प दिखाई देने पर चारों तरफ से घेराबंदी करके आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, इस दौरान पुलिस पार्टी को अपने ओर आते देख नक्सली जंगल-पहाड़ों की आड़ लेकर भाग गये। नक्सलियों के अस्थायी कैम्पों की सर्चिंग के दौरान पुलिस की टीम ने कैम्प से विस्फोटक पदार्थ, टिफिन बम, पाईप बम, वायर, नक्सली वर्दी, दवाईयां, नक्सली साहित्य, बैनर, पोस्टर, पिट्ठू, प्रशिक्षण सामान, बर्तन और अन्य दैनिक उपयोगी का सामान भारी मात्रा में बरामद किया है।

## ब्राण्ड डेनेक्स ने ट्राइफेड के साथ किया अनुबंध

**दन्तेवाड़ा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा हाल ही में लांच की गई जिले के ब्राण्ड डेनेक्स ने ट्राइफेड के साथ अनुबंध किया है। गरीबी, उन्मूलन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर इस गारमेंट फैक्ट्री शुरू की गई है। इस अत्याधुनिक फैक्ट्री में महिलाओं को नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराने के मद्देनजर यहां के उत्पादों के बिक्री के लिए कलेक्टर दीपक सोनी, वनमण्डालाधिकारी संदीप बलगा, डिप्टी कलेक्टर मुकेश कुमार गोंड तथा ट्राइफेड के रिजनल हेड पीके पाण्डा की उपस्थिति में अनुबंध किया गया। इस अनुबंध से नवा दन्तेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री की कार्यरत महिलाओं द्वारा निर्मित दन्तेवाड़ा के ब्राण्ड डेनेक्स की बिक्री के लिए महिलाओं को मार्केट मिला है।

# छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में माघी पुन्नी मेला आज से, विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे शुभारंभ

■ त्रिवेणी संगम स्नान के लिए तीन विशेष पर्व

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध राजिम में माघी पुन्नी मेला 27 फरवरी से शुरू होकर 11 मार्च महाशिवरात्रि तक चलेगा। त्रिवेणी संगम स्नान के लिए 27 फरवरी माघ पूर्णिमा, 6 मार्च जानकी जयंती और 11 मार्च महाशिवरात्रि को विशेष पर्व रहेगा। मेले का शुभारंभ 27 फरवरी को शाम 5 बजे छत्तीसग? विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत करेंगे। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक,लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू एवं सुनील सोनी, संसदीय सचिव सर्वश्री विकास उपाध्याय, चिंतामणि महाराज एवं कुंवर सिंह निषाद, विधायक सर्वश्री धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल, डमरूधर पुजारी, अजय चंद्राकर एवं श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित रहेंगी। शुभारंभ समारोह में स्मृति नीरज ठाकुर अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, पुष्पा जगन्नाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, देवनंदनी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, रेखा राजू सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम एवं धनराज मध्यानी अध्यक्ष नगर पालिक परिषद, गोबरा नवापारा उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि महानदी के तट पर स्थित राजिम छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ है। इसे छत्तीसगढ़ का 'प्रयाग' भी कहते हैं। यहाँ के प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर में भगवान विष्णु प्रतिष्ठित हैं। प्रतिवर्ष यहाँ पर माघ पूर्णिमा से लेकर शिवरात्रि तक एक विशाल मेला लगता है। यहाँ पर महानदी, पैरी नदी तथा सोंढुर नदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस मेले में श्रीराजीवलोचन मंदिर, श्रीकुलेश्वर महादेव, श्रीमहाप्रभु वल्लभाचार्य जी प्राकट्य स्थल चम्पारण, प्राचीन देवालयों के दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रद्धालु प्रतिदिन आनंद ले सकते हैं। प्रथम दिन प्रातः 4 बजे से विशेषपर्व स्नान से मेला का आगाज होगा ।



### मेले के पहले दिन आरु साहू और उर्वशी साहू द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति

मुख्य मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाम 05 से 07 बजे बाल कलाकार आरू साहू अपनी प्रस्तुति देंगे। वही शाम 07 से रात्रि 10 बजे तक मया के संदेश लोक कला मंच के उर्वशी साहू द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिदिन दो सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री ने लिया जायजा, तैयारी से सन्तुष्ट दिखे

प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजिम मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे सुरक्षा, पेयजल, बायो शौचालय और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि संभावित कोरोना के संक्रमण को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरती जाएगी। साथ ही लोगों से अपील भी की जाएगी कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मेला का आनन्द लें। मंत्री श्री साहू लगातार दौरा कर राजिम मेला तैयारी की स्वयं समीक्षा कर रहे हैं । इस दौरान मुख्य मंच, सड़क , पुलिस कंट्रोल रूम, महानदी आरती स्थल, कुंड, कुलेश्वर मंदिर और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति के सचिव पी.अंबलगन, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पोहा मिलों ने कम किए काम के घंटे

## उपभोक्ता राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर का असर

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

तगड़ा झटका। उपभोक्ता राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर के बाद लॉकडाउन के फैसले का असर प्रदेश की पोहा यूनिटों पर पड़ने लगा है। जमीन पर आ चुकी मांग के बाद अब यह क्षेत्र फिर से उत्पादन की मात्रा तेजी से कम करना चालू कर चुका है।

महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश हमेशा से छत्तीसगढ़ के पोहा उद्योग के भरोसेमंद साथी रहे हैं। उत्पादन का लगभग 75 फ़ीसदी हिस्सा इन्हीं दोनों राज्यों को जाता रहा है लेकिन यह दोनों फिर से कोरोना की दूसरी लहर की चपेट में आ चुके हैं। लिहाजा लॉकडाउन जैसे फैसले ने छत्तीसगढ़ की पोहा यूनिटों को हिला कर रख दिया है। लागत में वृद्धि और टूटते बाजार से बचने के प्रयासों के बीच अंतिम प्रयास के रूप में, काम के घंटे काम करने और उत्पादन घटाने जैसे फैसले लिए जाने लगे है लेकिन यह फैसला कब तक राहत पहुंचा पाएगा, इस सवाल का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।

**इसलिए कम किया उत्पादन :** कोरोना संक्रमण की पहली लहर से निपटने के बाद अभी बाजार ने फिर से रफ्तार पकड़ी ही थी कि संक्रमण की शिकायतों के बाद लॉकडाउन जैसे फैसले ने इस गति पर फिर से ब्रेक लगा दिया है। महाराष्ट्र में बेहद कड़ाई के साथ लागू किया गया लॉकडाउन के बाद आंध्रप्रदेश के भी काफी बड़े हिस्से में भी इसी तरह के फैसले लिए जा चुके हैं। बता दें कि जिन क्षेत्रों में कड़ाई ज्यादा है वहां से ही सबसे ज्यादा मांग निकलती रही है। अब चूंकि बाजार बंद हैं। लोग घरों में बंद हैं। इसलिए मांग जमीन पर आ चुकी है। यही वजह है कि काम के घंटे और उत्पादन की मात्रा कम करने जैसे अप्रिय फैसले लेने पड़ रहे हैं।

**नुकसान से बचने यह फैसला :** छत्तीसगढ़ में वैसे तो 200 की संख्या के आसपास पोहा मिलें हैं



लेकिन इनमें से 175 से 180 मिलें ही संचालन में हैं। ताजा परिस्थितियों के बाद इनकी संख्या में और भी गिरावट की खबर आने लगी है। बाजार घटने के बाद पोहा मिलों में नुकसान से बचने के हर संभावित विकल्प की खोज के बीच या तो काम के घंटे कम किए जाने लगे हैं या फिर उत्पादन की मात्रा कम की जाने लगी है क्योंकि घरेलू मांग भी राहत नहीं दे पा रही हैं।

**रियायत की दरकार :** प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच काम कर रहा यह क्षेत्र अब बिजली दरों में कमी और मंडी टैक्स में छूट जैसी मांग के साथ सरकार के पास जाने की तैयारी कर रहा है ताकि समय रहते कृषि आधारित इस उद्योग की जान बचाई जा सके। भरोसा इसलिए भी है क्योंकि यह क्षेत्र रोजगार के वृहद अवसर देने वाला क्षेत्र के रूप में भी मजबूत पहचान बना चुका है।

> उपभोक्ता राज्यों की मांग में कमी आने लगी है। इसलिए काम के घंटे कम करने और उत्पादन की मात्रा घटाने का फैसला लेना पड़ रहा है। लागत में जैसी वृद्धि आ रही है उसके बाद बिजली दरें कम करने और मंडी शुल्क में छूट की मांग सरकार से की जाएगी।
>
> **-कमलेश कुकरेजा,** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पोहा मिल एसोसिएशन, रायपुर

# कैलाश गोपाल बने अभा यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि वे दो दिन के दौरे पर जाँजगीर प्रवास पर थे जहा पर पहुंचते ही अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के जाँजगीर चाँपा जिला के यादव समाज के लोगों ने स्थानिय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में गर्मजोशी से प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु का स्वागत किया। जिसके बाद यादव समाज के स्वजातिय बंधुओं की बैठक रखी गई जिसमें सभी समाजिक लोगों ने अपनी बात रखते हुए कैलाश गोपाल यादव को अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा का जिलाध्यक्ष न्युक्त कर न्युक्ति पत्र दिया गया। साथ ही अनिल गोपाल यादव को जिला महासचिव, विजय यादव, जिला संरक्षक, जगदीश यादव जिला उपाध्यक्ष, अंशु यादव जिला महासचिव, मनोज गोपाल जिला महासचिव के पद पर नियुक्ति पत्र देकर समाजहित में कार्य करने संकल्प दिलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से गुहा राम गोपाल एवं समाजिक बंधुजन उपस्थित थे। सभी नवन्युक्त समाजिक पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी मिलने से जांजगीर चाँपा जिला के यादव समाज के लोगों में भारी उत्साह हैं सभी के सहयोग से समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।



# पुलिस कप्तान राजिम मेला में यातायात तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने निकाला फ्लैग मार्च





■ मेला ड्यूटी में आये पुलिस जवानों को किए ब्रीफ

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान के द्वारा मेला ड्यूटी हेतु आये पुलिस जवानों को किए ब्रीफ । विभिन्न जिलों से मेला ड्यूटी में आए पुलिस जवानों का स्वास्थ्य संबंधी हालचाल पूछे । मेला ड्यूटी हेतु तैनात पुलिस जवानों को कोरोना वायरस से बचाव हेतु हमेशा मास्क पहनने तथा समय-समय पर हाथों को सैनिटाइज करने दिए कड़े निर्देश। पुलिस कप्तान के द्वारा मेला ड्यूटी में यातायात तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने निकाले फ्लैग मार्च। पुलिस कप्तान ने मेला स्थलों का किया पैदल निरीक्षण। ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने वाले पुलिस जवानों के विरुद्ध की जाएगी दंडात्मक कार्यवाही। मेला ड्यूटी में तैनात समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से यातायात एवं सुरक्षा ड्यूटी के बारे में ब्रीफ किया ।

पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के द्वारा विभिन्न जिलों से आए पुलिस जवानों को मेला ड्यूटी के संबंध में किए ब्रीफ ड्यूटी ब्रीफिंग के दौरान पुलिस जवानों के स्वास्थ्य के संबंध में हालचाल पूछे एवं ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी खराबी होने पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने हेतु कहा गया। मेला ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस जवानों को ड्यूटी के दौरान हमेशा मास्क पहनने एवं समय-समय पर अपने हाथों को सैनिटाइजर करने को कड़े निर्देश दिए। इसी दौरान पुलिस कप्तान के द्वारा मेला के विभिन्न स्थलों का पैदल निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ मेला ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने वाले पुलिस जवानों के ऊपर दंडात्मक करने हेतु निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा मेला ड्यूटी में तैनात समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताए गया।

# इन्द्र साव को जांजगीर-चाम्पा जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छ.ग.पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्र साव को जांजगीर-चाम्पा जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू के आदेशानुसार राष्ट्रीय समन्वयक एवं छ.ग प्रभारी खुर्शीद अहमद चौधरी, सह प्रभारी दिनेश कुमार एवं प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव द्वारा की गई है। इन्द्र साव को नई जवाबदारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई प्रेषित किया है।

विदित हो पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्र साव कांग्रेस संगठन में दो बार ब्लॉक अध्यक्ष का पद भी सम्भाल चुके है दो बार साहू समाज का अध्यक्ष एवं विभिन्न वार्डो से लगातार चार बार पार्षद रहकर उनके द्वारा विभिन्न जनहित के कार्य किये गए है। जमीनी कार्यकर्ता को पहली बार प्रदेश कांग्रेस संगठन ने जिला स्तर पर पर्यवेक्षक बनाया है जिससे सभी कांग्रेसजन खुश है। इन्द्र साव ने नई जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वे बहुत जल्द अपने प्रभार वाले जिले का दौरा कर रिपोर्ट सौपेंगे ।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किये जाने प्रविष्टियां आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

8 मार्च 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर इस वर्ष 2020-21 में सम्मान/पुरस्कार प्रदाय किया जाना है। यह सम्मान महिलाओं को विशेष क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य/योगदान के लिये प्रदाय किया जायेगा। साहित्य के क्षेत्र में, लोककला एवं सांस्कृतिक के क्षेत्र में, जो स्थानीय संस्कृति को ब?ावा दे,शिक्षा के क्षेत्र में, महिला एवं बच्चों के विकास के लिए किये गये सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य,जिससे महिलाओं एवं बच्चों के जीवन स्तर में सुधार हुआ हो दिया जायेगा। पुरस्कार प्राप्तकर्ता की उम्र नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तिथि पर 25 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। पुरस्कार 08 मार्च 2021 को राज्य स्तर पर आयोजित महिला सम्मेलन में प्रदाय किया जायेगा। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पुरस्कार/सम्मान के लिए 28 फरवरी 2021 तक आवेदन आमंत्रित है। पुरस्कार के संबंध में विवरण एवं आवेदन का प्रारूप जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग/परियोजना कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना-फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद,मैनपुर, देवभोग में कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

# लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण आवेदन कर सकते हैं 5 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के अन्तर्गत डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री आपरेटर 10वीं पास एवं रिटेल सेलस एशोसिएट 10वीं पास कोर्स में 15 से 45 वर्ष की आयु सीमा वाले हितग्राही को स्किल इंडिया पोर्टल के माध्यम से लाईवलीहुड कॉलेज (डी.पी.आर.सी. भवन, जिला पंचायत के पीछे) गरियाबंद में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। प्रशिक्षण प्रतिदिन अधिकतम 4 से 6 घंटे की होगी, प्रशिक्षण के समय उसकी उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन से ली जावेगी तथा प्रशिक्षणार्थियों की 70 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। सहायक परियोजना अधिकारी सृष्टी शर्मा ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राही अपना पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मार्कशीट की छायाप्रति के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी (कक्ष क्रमांक 40 संयुक्त जिला कार्यालय) में आवेदन कर सकते है। इसी तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के अन्तर्गत आर.पी.एल टाईप-1 के तहत पूर्व में प्रशिक्षित एवं अनुभवी 18 से 45 वर्ष की आयु सीमा वाले हितग्राही जिसे कौशल प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उन्हें स्किल इंडिया पोर्टल के माध्यम से लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में निःशुल्क सर्टिफिकेशन किया जाना है। प्रशिक्षण प्रतिदिन अधिकतम 6 घंटे की होगी, हितग्राही के पास आधार नंबर एवं आधार लिंक्ड बैंक खाता होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के समय उसकी उपस्थिति बॉयोमैट्रिक मशीन से ली जावेगी। सर्टिफाईड हितग्राहियों का 03 वर्ष का कौशल बीमा किया जावेगा।

## ग्राम दुलारपाली के ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों ने किया सराहनीय प्रयास

# 22 वर्षों से क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ियों को मिला अपना मैदान

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

धीरे-धीरे सिमट रही खेल मैदानों की कमी के चलते खिलाड़ियों को एक मैदान भी नसीब नहीं हो रहा है । लेकिन ग्राम दुलारपाली के ग्राम वासियों एवं खिलाड़ियों ने इस कमी को पूरा करते हुए मैदान बनाने के लिए जो काम किया है वह निसंदेह ही प्रशंसनीय है । विगत 22 सालों से गांव की क्रिकेट टीम क्रिकेट खेल रही है लेकिन इस गांव के मैदान पर खेलने का सपना पूरा हुआ। मैदान निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयास चल रहा था जिस पर विगत 3 वर्षों से पर इस पर का शुरु हुआ। आखिरकार दुलारपाली के लोगों की मेहनत रंग लाई और उन्हें मैदान मिला जहां इन दिनों कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता चल रहा है। जिसका समापन 28 को होगा। दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सामूहिक प्रयास के चलते दुलारपाली में एक बड़ा मैदान का निर्माण किया गया है। दुलारपाली गांव मैं दो फ?सली खेती की जाती है। कोई भी खाली जगह मैदान के लिए शेष नहीं है। इसके वावजूद भी ग्रामीणों ने अपना प्रयास नहीं छोड़ा। यहां गांव के प्रारंभ में ही सड़क किनारे शासकीय जमीन के नाम पर मात्र 1 एकड़ जमीन थी। जिस पर भी अवैध कब्जा आदि किया गया था । इस जमीन पर गोटिया परिवार का समाधि स्थल हेतु जगह रखा गया था। उन्होंने भी इसे हटाकर उस जगह को मैदान हेतु छोड़ा है। मैदान में ही पौन एकड़ के करीब एक आदिवासी परिवार की जमीन थी जिसको ग्रामीण फंड से खरीद कर उसे मैदान हेतु दान करवाया गया । इसके अलावा लगभग दर्जनों भर लोगों ने यहां बाड़ी तथा कुछ मकान कुछ मकान भी बना लिए थे जिनको भी यह अन्यत्र स्थानों पर जगह देकर उनके लिए पीएम आवास स्वीकृत कराया गया। जगह मिलने के बाद फिर इसे ग्रामीण फंड, पंचायत एवं रोजगार गारंटी के तहत समतलीकरण का कार्य करवाया गया और एक तरफ की बाउंड्री भी कर दी गई है। पूरे ग्रामीण जनों ने जिससे भी जो सहयोग हुआ उसने मैदान के लिए मदद किए। टीम के कप्तान मनीष साहू ने 100 ट्रीप मिट्टी स्वयं के व्यय से डलवाया।



सरपंच जयनंद गहीर, ग्रामीण महेंद्र साहू, जीवन लाल साहू, उदयलाल साहू, देवेंद्र साहू, नरोत्तम साहू ने बताया कि खिलाड़ियों का हमेशा कहना था कि हमारे गांव में खेल मैदान भी नहीं है जिस पर हम कोई मैच करवा सकें। इस बात को बार-बार बैठकों में एवं सार्वजनिक जगहों पर कहा जाता था जिसके चलते सभी के मन में गांव में खेल मैदान बनाने हेतु एक राय बनी । उसे सभी ने मिलकर पूरा करने का प्रयास किया? ।

यहां पर 12 वीं तक की स्कूल भी संचालित है। स्कूल परिसर में कुछ छोटे-मोटे खेल ही खेले जा सकते हैं। स्कूल के लिए भी यह बड़ा मैदान काम आने वाला है। इसमें स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रेमानंद भोई सहित सभी शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग रहा। मैदान बन जाने के बाद दुलारपाली के खिलाड़ी बहुत ही ज्यादा उत्साहित हैं। पहली बार यहां पर विगत 17 फरवरी से कार्क बाल का टूर्नामेंट चल रहा है। यहां के पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ी भीमेश्वर साहू, सोहन साहू , मुरली साहू केदार साहू, संदीप, मनीष साहू ने कहा कि हम प्रतिवर्ष दूसरे गांव में क्रिकेट खेलने के लिए जाते हैं, हमारे गांव में क्रिकेट खेलते हुए 22 साल हो गए हैं, हम लोग प्रतियोगिता आयोजित नहीं कर पा रहे थे । आज हमको अपने मैदान में खेलने का और प्रतियोगिता कराने का मौका मिला है। यह हमारे लिए एवं हमारे ग्रामवासियों के लिए गौरव का विषय है। मैदान के लिए प्रयास करने वाले सरपंच सचिव रोजगार सहायक से लेकर सभी ग्रामीण जनों का खिलाड़ियों ने आभार व्यक्त किया है।

### राजिम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत आज विवाह कार्यक्रम

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 27 फरवरी को कुल 30 जोड़ों का विवाह किया जाना है। यह सामुहिक विवाह राजीव लोचन मंदिर प्रांगण, राजिम में किया जायेगा। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विभागीय मंत्री अनिला भेंड़िया द्वारा आशीर्वचन/संबोधन दिया जायेगा।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**गरियाबंद।** बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डमरूधर पुजारी के अनुशंसा पर विकासखण्ड देवभोग में ग्राम पंचायत करलागुड़ा के वार्ड क्रमांक-03 में सीसी सड़क निर्माण हेतु 05 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा प्रदान किया गया है।

# अब अस्पताल में नंबर लगाने की जरूरत नहीं, पैसे और समय दोनों की बचत हो रही है

## खुशी है कि सरकार ने ऐसी योजना निकाली जिससे मोहल्ले में मिल रही है चिकित्सा सुविधा

### स्वास्थ्य शिविर में 20099 लोग अब तक करा चुके हैं मुफ्त इलाज

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में आए हुए व्यक्तियों/मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत अपने अनुभवों को साझा किया।

सुपेला चिंगरी पारा निवासी रागिनी पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में अच्छी सुविधा मिल रही है अब अस्पताल में नंबर लगाने की जरुरत नहीं है मोहल्ले में ही इलाज हो रहा है पर्ची के लिए भी पैसा नहीं लग रहा है गरीब लोगों के लिए यह स्वास्थ्य शिविर वरदान से कम नहीं है! आसानी से मुफ्त दवाइयां मिल रही है पैसे की बचत हो रही है ऐसी सुविधा मिलते रहनी चाहिए। रवीना निवासी पावर हाउस सिर दर्द से परेशान होने के कारण बार-बार अस्पताल जाना पड़ता था! अस्पताल जाने के लिए समय नहीं मिलता था, पता चला कि घर के पास ही मोबाइल मेडिकल यूनिट का स्वास्थ्य शिविर लगा हुआ है। मुझे रक्त जांच करवाना था, शिविर में पहुंचते ही तुरंत रक्त जांच हो गया और रिपोर्ट भी जांच होते ही मिल गई। शिविर में बेहतर सुविधा मिल रही है। नफीसा निवासी गणेश चौक मुनादी के माध्यम से पता चला कि स्वास्थ्य शिविर पास में ही लगा है! पहले भी मैं यहां इलाज कराने आ चुकी हूं! शुगर की जांच के लिए आई थी इलाज से मैं पूर्ण रूप से संतुष्ट हूं। गरीबों को सरकार मुफ्त इलाज की अच्छी सुविधा दे रही है।



अर्चना खैरवार छोटी-छोटी बीमारी को लेकर अब हमें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है। घर के पास स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से और अच्छे से हम चेकअप करा पा रहे हैं। जहां भी शिविर लगे वहां पर लोगों को स्वयं आकर अपना इलाज कराना चाहिए। गर्भवती एवं कुपोषित बच्चों का भी इलाज दाई-दादी क्लीनिक में किया जा रहा है! महिलाओं के लिए यह एक अच्छी पहल है। भारती जो अस्पताल नहीं जा सकते उनके लिए बेहतर सुविधा है। पहले भी मैंने स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराया है! स्वास्थ्य लाभ मिला तो दोबारा शिविर में आई हूं! गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लिए महत्वकांक्षी योजना है! यह सुविधा सतत मिलते रहनी चाहिए! जिनके पास इलाज कराने के लिए पैसा नहीं है उनके लिए तो यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है! कीर्ति जंघेल आर्य नगर स्वास्थ्य शिविर में आसपास के लोग आसानी से अपना इलाज करा पा रहे हैं! मैंने भी अपना इलाज कराया है! इलाज से संतुष्टि के बाद में और भी लोगों को इस शिविर के बारे में बताती हूं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में हर तरह के जांच की सुविधा मिल रही है! शिविर में मुफ्त परीक्षण और इलाज के बाद फ्री दवाई मिलने से राहत मिल रही है। लोगों का निःशुल्क इलाज व स्वास्थ्य परीक्षण करने अनुभवी एवं प्रतिष्ठित डॉक्टरों की टीम प्रतिदिन सुबह रूट चार्ट के अनुसार निगम क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट लेकर पहुंच रही है! जहां लोग सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया तथा अन्य बीमारियों के उपचार कराने के साथ ही बीपी, शुगर, पेशाब, हिमोग्लोबिन जैसी आवश्यक जांच की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी लगातार स्वास्थ्य शिविर स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं! बैठक लेकर बेहतर संचालन के लिए निर्देशित कर रहे हैं! स्वास्थ्य शिविर में अब तक 20099 लोगों ने अपना इलाज कराया है। जिसमें से 18635 मरीजों को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया है। 5083 मरीजों का मेडिकल यूनिट में ही लैब टेस्ट किया गया है।

## 2016 से 2020 तक के रायल्टी चुकता प्रमाण पत्रों की जांच समिति का गठन

**कोरिया।** खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में फर्जी तौर पर रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र तैयार कर विभिन्न निर्माण विभाग, नगर पालिका निगम चिरमिरी, एसईसीएल एवं अन्य विभागों में जमा किये गये हैं। जिसके आधार पर विभागों द्वारा संबंधित ठेकेदारों का भुगतान किया गया है। जिले में वर्ष 2016 से 2020 तक के रायल्टी चुकता प्रमाण पत्रों की जांच हेतु समिति का गठन किया गया है।

## भिलाई निगम के वार्डों का आरक्षण 2 मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डों के आरक्षण के लिए कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आदेश जारी कर दिया है, वार्ड आरक्षण 2 मार्च को होना है! नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 के प्रावधानों के अधीन नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डों की रचना पूर्ण हो गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण नियम 1994 के तहत निगम भिलाई के वार्डों का आरक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 2 मार्च को प्रातः 11.00 बजे किया जाएगा।

## श्रीकांत जिला कांग्रेस में संयुक्तसचिव मनोनीत

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



गत दिवस जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया की नयी कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस महामंत्री प्रशासन रवि घोष द्वारा घोषित की गई, जिसमे युवाओं को तरजीह दी गई। घोषित कार्यकारिणी में वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष श्रीकांत सिंह को जिला कांग्रेस कमेटी में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा नेता सिंह पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता का दायित्व भी निभा चुके हैं एवं लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय चुनाव में बूथ की जिम्मेदारी भी निभाते रहे हैं। श्रीकांत के जिला कांग्रेस संयुक्त सचिव मनोनयन पर पार्षद गौरी केरकेट्टा, नीरज सिंह, अनिल एक्का,संतोष रजक, इमरान खान, गौरव गुप्ता, राहुल मल्लिक, पूर्व पार्षद आफाज इराकी, युवक कांग्रेस महासचिव अविनाश विश्वकर्मा, अंकुर सिंह, हिमांशु कुशवाहा, विकास चावड़ा, हाजी जमालुद्दीन, सुमन तिग्गा, राजेश लकड़ा, अजीत सिंह, संतोष शाहा, मनोज, रवि कुशवाहा, अभिमन्यु ओझा, सौरभ यादव ने हर्ष व्यक्त किया।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**कोरिया।** जिला पंचायत की अध्यक्ष रेणुका सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 फरवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेंदाती तिवारी, जिला पंचायत सदस्य फूलमती सिंह, रविशंकर सिंह, दृगपाल सिंह, उशा सिंह, ज्योत्सना राजवाड़े, विजय राजवाड़े, सुनीता कुर्रे, चुन्नी बाई और सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन सहित अन्य विशयों पर चर्चा की जायेगी।

# संयंत्र प्रबंधन ने कोविड-19 के पुनः उभरते खतरे को देखते हुए सावधानी के लिए जारी की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

कोविड से बचाव हेतु सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, अपने कार्मिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस महामारी के दौर में, विभिन्न परिपत्रों और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिस (एसओपी) के माध्यम से कार्मिकों को सकारात्मक कदम जैसे मास्क पहनना, सैनिटाइजर का उपयोग तथा सामाजिक दूरी बनाये रखने आदि के संबंध में समय-समय पर आवश्यक सूचना एवं सलाह दी गई। इसके फलस्वरूप हम काफी हद तक कोविड-19 महामारी के फैलाव को रोकने में सफल रहे हैं। हाल ही में, विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारियों के रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस का एक नया प्रकार (स्ट्रेन) उभरा है जो कि पड़ोसी राज्यों में फैल रहा है। हमारे स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमे अधिक सचेत रहने के लिए चेताया है क्योंकि घातक वायरस का यह नया प्रकार स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए अधिक खतरनाक है। अतएव, कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने हेतु संयंत्र प्रबंधन ने पुनः अपील जारी करते हुए लोगों से निम्नलिखित उपायों को पुनः सुनिश्चित करने का आग्रह किया है-

- कार्मिक जिन्हें फ्लू जैसे लक्षण हों उन्हें ड्यूटी में रिपोर्ट नहीं करना चाहिए एवं विभागीय नोडल अधिकारी को सूचित करना चाहिए। उन्हें केजुअल्टी में आवश्यक चिकित्सकीय सहायता हेतु रिपोर्ट करना एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।
- होम आइसोलेशन/क्वारंटाइन की अवधि में कार्मिक को चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा एवं उन्हें आइसोलेशन की अवधि पूर्ण होने के उपरांत एवं जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र या मेन् मेडिकल पोस्ट-1 या एन.ओ.एच.एस.सी. या माइंस अस्पताल आदि के चिकित्सा प्रमाणन के पश्चात ही ड्यूटी में रिपोर्ट करना होगा। यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाना होगा कि भले ही परीक्षण रिपोर्ट नकारात्मक हो, तब भी पूर्ण आइसोलेशन/ क्वारंटाइन की अवधि का अनुपालन किया गया है।
- स्वयं/परिवार के सदस्य/घरेलू सदस्य द्वारा हेड क्वार्टर में आंतरिक यात्रा के मामलों में कार्मिक द्वारा अनिवार्य रूप से ई-सहयोग में ऑनलाइन घोषणा भरा जाएगा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

इसके अलावा, कार्मिकों को विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों का पालन जारी रखना होगा जैसे फेस मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी का पालन, हाथों की नियमित सफाई, कार्यस्थल/सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ से बचना आदि। संयंत्र प्रबंधन ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि हम सब साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे।

# विपक्ष ने मटका फोड़ने का किया है नाटक : संजय कोहले

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर सरकार में काबिज होने के बाद दुर्ग शहर में हमारी परिषद ने बेहतर पेयजल प्रदाय की व्यवस्था किया है। पूर्व परिषद के समय से पेयजल प्रदाय सिस्टम में जो जो समस्याए थी उसे एक-एक करके ठीक किया। निगम आयुक्त के द्वारा पेयजल व्यवस्था के संबंध में शटडाउन की सूचना देने पर विपक्षी दल के लोगों ने अंगूठा दिखा कर उन्हें बेहतर व्यवस्था के लिए धन्यवाद देकर स्वागत किया गया। फिर निगम कार्यालय में आकर मटका फोड़ने का नाटक किस लिए किया गया। उक्त बातें, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है। इस संबंध में प्रभारी जलकार्य संजय कोहले ने बताया पानी की समस्या को देखते हुये मेरे द्वारा व्यवस्था बनाने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये। अधिकारियों को लापरवाही से निर्मित समस्या के लिए उन्होंने अधिकारियों को फटकार भी लगायी। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार के लापरवाही पूर्वक कार्य नहीं करने की भी हिदायत दी। उन्होंने बताया जनहित व जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से पांच दिन के शटडाउन कार्य के स्थान पर दो दिनों में ही कार्य को पूरा कराकर शहर में जलप्रदाय सामान्य किया गया। उन्होंने बताया रॉवाटर के साथ आने वाले कीड़े-मकोड़े फिल्टर में ही रुक जाते हैं जिसकी सफाई कराना आवश्यक था चूंकि गर्मी के दौरान पानी से होने वाली बीमारियों का प्रभाव अधिक होता है इसे देखते हुये जन स्वास्थ्य के तहत् कार्य को प्राथमिता से कराया गया। इस दौरान 42 एमएलडी टंकी से पानी लेकर कुछ क्षेत्र में पानी की सप्लाई की गई और कुछ क्षेत्रों में मांग अनुसार टैंकर से पानी प्रदाय किया गया साथ ही वार्डो में स्थित सम्पवेलों में भी पानी पहुंचाया गया। बावजूद विपक्षी दल द्वारा पानी की समस्या को लेकर मटका फोड़ने का नाटक महज राजनीति से प्रेरित है। विपक्षी दल के पास कोई मुद्दा न होने के कारण जनता की संवेदनशील व्यवस्था पर हल्ला कर वाह-वाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने बताया विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही हमने जलप्रदाय कार्य पर विशेष रुप से ध्यान दिया। चूंकि नगर निगम की पेयजल प्रदाय के सिस्टम बुरी तरह से चरमराई हुई थी। फिल्टर प्लांट के ट्रांसफारमर जर्जर था पेनल बोर्ड खराब थे, प्लांट में स्टैण्ड बाई मोटर बंद पड़े थे।

# फ्लावर शो के प्रतिभागियों को महापौर ने दिया पुरस्कार और किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज महापौर कक्ष में फ्लावर शो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत सम्मानित किये। इस दौरान सभापति राजेश यादव, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, वित्त प्रभारी दीपक साहू, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, सामान्य प्रशासन प्रभारी जयश्री जोशी, महिला एवं बाल विकास प्रभारी जमुना साहू, पार्षद नजहत परवीन, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, अजय मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी को राजेन्द्र पार्क में पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा के नेतृत्व में फ्लावर शो का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजाति के फूल, पौधों की प्रदर्शनी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किया गया। निगम के इस विशाल फ्लावर शो को पूरा दुर्ग शहर ने सराहा व मुक्त कंठ से प्रसंशा की। फ्लावर शो में बोन साइज पौधे के लिए 6 वर्षीय इनायत परवीन को प्रथम वहीं राजकुमार द्वितीय, तृतीय स्थान मनन ने प्राप्त किया। इसी प्रकार फोलिऐजा में प्रथम स्थान विनोद कुमार, द्वितीय स्थान राजकुमार, तृतीय स्थान अशोक परगनिया को पुरस्कृत किया गया। विशेष पुरस्कार के रुप में आर.के. मुखर्जी को वर्मी खाद प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए मैजिशियन एस0 कुमार और उसकी टीम को पुस्कार दिया गया। कार्यक्रम में नैनिका सिंह राठौर द्वारा चॉकलेट बनाया गया था उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। आर्गेनिक खाद के लिए संतोष और रामअंजिल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छ ग राज्य की गरवा, नरवा, घुरवा बारी को प्रोत्साहित करने के लिए स्व सहायता समूह को और छ ग व्यंजन गढ़ कलेवा हेतु महिला स्व सहायता समूह को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशेष योगदान के लिए ब्लाक अध्यक्ष अलताफ अहमद, एमआईसी प्रभारी जमुना साहू दीपक साहू, एवं प्रकाश भारद्वाज, मीना पॉल को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुशील भारद्वाज, संदीप वोरा, अनीश राजा, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, एल्डरमेन गोलु अजय गुप्ता ,विकास यादव, निकिता मिलन छाया चैधरी अजर जमीन, कन्या ढीमर, सरिता ताम्रकार, संजू धनकर, निखिल खिचरिया, विमल यादव, एनी पीटर, कृष्णा देवांगन, देव सिन्हा, पासी अली, सौरी ताम्रकार, सैयद सैफ उपस्थित थे।



# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं को बताने एवं भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से जिताने के लिए जाएंगे छत्तीसगढ़ बंग वासी

### छत्तीसगढ़ युवा बंगाली समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह से किया भेंट एवं दिया कार्यक्रमों की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ युवा बगली सम्मान के पदाधिकारी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की एवं उन्हें जानकारी दिया कि छत्तीसगढ़ का बंगाली समाज भारतीय जनता पार्टी का हमेशा समर्थक रहा है और इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए समाज के पदाधिकारी और समाज एकजुटता के साथ पश्चिम बंगाल में भी भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में जिताने के लिए वहां चुनाव प्रचार में जाएगा। और, उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राज्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करें जिस पर बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचार प्रसार करने हेतु छत्तीसगढ़ बंग वासी पश्चिम बंगाल जाएंगे एवं भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने इस बात का भी गहरा आक्रोश व्यक्त किया कि भिलाई के अंदर जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े नेता के रिश्तेदारो चारु लता पांडे एवं उनके दोनों पुत्रों मुदित पांडे एवं रुद्राक्ष पांडे द्वारा बंगाली समाज के प्रतिष्ठित डॉक्टर, आर एस एस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भिलाई बंगाली कालीबाड़ी के पूर्व अध्यक्ष डॉ दीप चटर्जी के घर पर हमला किया और उनके बच्चों के साथ गाली गलौज और अश्लील हरकत की जो बहुत ही निंदनीय है। इस पर भी घटना से पार्टी की छबि पर खराब होती है एवं समाज के लोगों में भी ऐसी घटनाओं से भय व्याप्त है। अतः पार्टी को त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसे हरकत करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिए । ऐसे तत्वों पर कार्रवाई करने से भारतीय जनता पार्टी के ऊपर ऐसी घटनाओं से जो धब्बा लगा है वह दूर होगा एवं समाज के लोगों का भी पार्टी के प्रति विश्वास पैदा होगा। भविष्य में होने वाले बंगाल चुनाव में भी इस प्रकार की घटनाओं से प्रभावित होते हैं क्योंकि आज के समय में छोटी सी छोटी बात का प्रचार पूरे देश में त्वरित ढंग से हो जाता है अतः भाजपा को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करना चाहिए। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने समाज को न्याय देने का आश्वासन दिया। ऐसे घटना को बहुत ही गंभीरता से लिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ युवा बंगाली समाज के पदाधिकारी अभिजीत रॉय, ज्योति मंडल,काजल मजूमदार, चंदन चक्रवर्ती तिमिर मुखर्जी विश्वरूप घोष प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

# प्रत्येक गुरुवार को निगम मुख्यालय में प्रशासक स्वयं रहेंगे उपस्थित



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने समस्या लेकर आने वाले आमजन से मुलाकात की और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर डॉक्टर भुरे अब प्रत्येक गुरुवार को निगम मुख्यालय के प्रशासक कक्ष में लोगों की समस्याओं से अवगत होंगे। प्रशासक ने भिलाई निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा की। इस दौरान निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी मौजूद रहे, उन्होंने प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशासक ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं निगम में प्रगति रत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए! स्वच्छ

### आमजन की समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए दिए निर्देश

सर्वेक्षण के तहत होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेकर सभी जोन आयुक्त को गार्बेज पॉइंट को सूचीबद्ध करते हुए कचरा निपटान करने तथा बीएसपी क्षेत्र के कचरे को बीएसपी से समन्वय बनाकर हटवाने के निर्देश दिए। मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन की जानकारी ली और अधिकाधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए! मॉर्निंग विजिट की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रतिदिन क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर उनके निराकरण के लिए निर्देश दिए! डेंगू नियंत्रण पर उन्होंने लगातार कार्य करने कहा। शिविर एवं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी जानकारी ली। निराकरण उपरांत इसके फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए! निगम से प्रेषित दूसरे विभागों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए उन्होंने अन्य विभागों से तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पट्टा, गौठान, कैनाल रोड की प्रगति, वृक्षारोपण, अमृत मिशन के कार्यों की जानकारी, सिटी बस, निदान, कोरोना के संक्रमण से बचाव इत्यादि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा उपरांत तहसील कार्यालय के नवीन भवन हेतु संयुक्त रुप से निगम परिसर का निरीक्षण किया गया। बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं नरेंद्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सुनील अग्रहरि, प्रीति सिंह एवं पूजा पिल्ले, तहसीलदार योगेंद्र वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र से संबंधित समस्त प्रकरण

# अब निगम मुख्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा से होंगे संचालित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र से संबंधित समस्त प्रकरण अब निगम मुख्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा से संचालित किए जाएंगे! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इसका आदेश जारी कर दिया है! पूर्व में यह कार्य जोन कार्यालय से संचालित किया जा रहा था परंतु अब आदेश जारी होने के बाद भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता से संबंधित प्रकरण निगम मुख्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा से किए जाएंगे! आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक भूखंडों के भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता से संबंधित कार्य भी निगम मुख्य कार्यालय से होंगे! उल्लेखनीय है कि आवासीय भूमि पर भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, विद्युत अनापत्ति जारी करने तथा अनाधिकृत विकास के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निगम आयुक्त की शक्ति या जोन आयुक्तों को प्रत्यायोजित की गई थी! परंतु निगमायुक्त ने आदेश में संशोधन करते हुए भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र के सारे कार्य निगम मुख्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा से संचालित करने का आदेश जारी कर दिया है! अब इससे संबंधित प्रकरण के लिए निगम मुख्य कार्यालय के भवन अनुज्ञा शाखा से संपर्क करना होगा। भवन अनुज्ञा शाखा सहित अन्य विभागों में हुई पदस्थापना भवन अनुज्ञा शाखा से संबंधित कार्य में प्रगति लाने के लिए एवं कार्यालयीन व्यवस्था के तहत कार्य के सुचारू संपादन के लिए भवन अनुज्ञा शाखा के साथ ही कुछ अन्य विभागों में कर्मचारियों को पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक हिमांशु देशमुख सहायक अभियंता को भवन अनुज्ञा शाखा (भवन निर्माण अधिकारी), राजेंद्र सिंह राजपूत सहायक अभियंता को जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 के साथ-साथ परियोजना शाखा, बृजेश श्रीवास्तव प्रभारी सहायक अभियंता को 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के साथ-साथ भवन संधारण, तपन अग्रवाल उप अभियंता को प्रभारी अधिकारी डाटा सेंटर एवं प्रयोगशाला के साथ-साथ भवन अनुज्ञा शाखा, नितेश मेश्राम उप अभियंता को जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर से भवन अनुज्ञा शाखा, सिद्धार्थ साहू उप अभियंता को भवन अनुज्ञा शाखा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही भवन अनुज्ञा शाखा, पुरुषोत्तम सिन्हा उप अभियंता को जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर से भवन अनुज्ञा शाखा, जगमोहन वर्मा सर्वेयर को जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर से भवन अनुज्ञा शाखा, मीना मानकर डाटा एंट्री ऑपरेटर को शिक्षा विभाग मुख्य कार्यालय से गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग, तेजस्व गुप्ता स्वच्छता पर्यवेक्षक को गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग से भवन अनुज्ञा शाखा, कोमल चंदेल पंप सहायक को जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर से भवन अनुज्ञा शाखा में लिपिक कार्य हेतु, मिथिलेश कुमार लाइनमैन को शिक्षा विभाग मुख्य कार्यालय से जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर तथा अनीसुल फातिमा चौकीदार को शिक्षा विभाग मुख्य कार्यालय से परियोजना शाखा में पदस्थ किया गया है।

संपादकीय

# नेपाल में उथल-पुथल ओली के सामने संकट

**नेपाल** की सर्वोच्च अदालत ने प्रधानमंत्री ओली द्वारा संसद भंग करने का निर्णय खारिज कर दिया है जिससे उनको अब अविश्वास मत का सामना करना पड़ेगा। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से तगड़ा धक्का लगा है जिसने हिमालयी राज्य में उनके दिसंबर, 2020 का फैसला खारिज कर दिया है। इसके माध्यम से उन्होंने संसद भंग कर दी थी जिसे अब पुनः बुलाना होगा। संसद को पुनः बुलाने के लिए अदालत ने ओली को दो सप्ताह का समय दिया है। संसद भंग करने का निर्णय सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी में लंबे आंतरिक विवाद के बाद हुआ था। ओली के लिए सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय मुंह पर तमाचे की तरह है कि प्रधानमंत्री ने संसद भंग कर अपनी शक्तियों से बाहर काम किया तथा यह असंवैधानिक है। सर्वोच्च अदालत के फैसले का अर्थ है कि अब ओली को संसद सत्र में अविश्वास मत का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उन्होंने अपना पांच साल का जनादेश पूरा होने से दो साल पहले ही संसद भंग कर दी थी। पार्टी में उनके विरोधी अविश्वास मत को आगे बढ़ाएंगे। अब ओली के सामने कोई रास्ता नहीं बचा है तथा नेपाल एक और राजनीतिक अस्थिरता के दौर की ओर बढ़ रहा है। फिलहाल सभी संकेत हैं कि ओली सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करेंगे। उनके सलाहकारों ने कहा है कि वे आपातकाल लागू करने का अलोकतांत्रिक रास्ता नहीं अपनाएंगे। भारत और चीन इस घटनाक्रम पर गहरी नजर रखेंगे क्योंकि ओली 2017 में चीन के साथ संबंध मजबूत करने के वादे पर सत्ता में आए थे। उन्होंने यह वादा पूरा किया है। इससे भारत को दूसरे स्थान पर आना पड़ा जिसे पहले हिमालयी राज्य का 'बड़ा भाई' कहा जाता था। ओली बीजिंग के इशारों पर नाच रहे थे और चीनी राजदूत हू यांकी ने चीन से व्यापार व आवागमन को बढ़ने के लिए कई बड़ी विकास परियोजनायें शुरू कराई थीं। इनसे न केवल नेपाल में भारत का एकाधिकार टूटा था, बल्कि दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव भी बढ़ा था क्योंकि ओली ने भारत के खिलाफ अनेक अनुचित व असहज करने वाली टिप्पणियां की थीं। नेपाल पर बीजिंग के बढ़ते प्रभाव तथा ओली की पार्टी की भूमिका से संबंध और खराब हुए थे। नेपाल द्वारा मई 2020 में नए राजनीतिक मानचित्र से रिश्ते रसातल तक पहुंच गए थे जिसमें उत्तराखंड के कई क्षेत्रों को अपना बताया गया था। भारत को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने अपने दीर्घकालीन मित्र के मामले में संयम बनाए रखा तथा विवाद दूर करने के सारे प्रयास किए। आखिरकार ओली ने भी भारत से बेहतर संबंधों की दिशा में कदम बढ़ाए क्योंकि उनको स्पष्ट हो गया था कि एनसीपी में विभाजन होने पर चीन उनकी सरकार बनाए रखने के प्रति संवेदनशील नहीं है। ओली के दृष्टिकोण में परिवर्तन राष्ट्रवादी एजेंडे पर कब्जे का प्रयास हो सकता है जो उनके अभियान का प्रमुख हिस्सा था और जिसने 2018 में एनसीपी को विजय दिलाई थी। चीन के उनकी सरकार बनाए रखने के प्रति संवेदनहीन नजरिया अपनाने के बाद ओली ने अपना दृष्टिकोण बदला था। अब भारत और चीन, दोनों नेपाल में अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वे नेपाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर गहरी नजर रखे हैं। जहां तक भारत का सवाल है, एक कमजोर गठबंधन सरकार नई दिल्ली के लिए ज्यादा अच्छी रहेगी क्योंकि कट्टरपंथी ओली किसी भी तरह केवल सत्ता में बने रहने के इच्छुक हैं।

# म्यांमार में लोकतंत्र पर संकट

## सुशासन के लिए लोकतंत्र सर्वोत्तम तरीका है। लेकिन केन्द्रीय मूल्यों से समझौता करने पर यह निरर्थक हो जाता है। म्यांमार में यही हुआ है।



**ऋषि गुप्ता**
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)



म्यांमार में लोकतंत्र स्थापित करने का बहु-प्रतीक्षित लक्ष्य 2011 में पूरा हुआ था। इसके लिए सिविल सोसाइटी के नेतृत्व में पांच दशक लंबा संघर्ष हुआ जिसमें अंतरराष्ट्रीय तत्वों और एजेंसियों ने देश में स्वेच्छाचारी सेना के खिलाफ अपनी भूमिका अदा की। लेकिन राष्ट्रीय सेना द्वारा हालिया तख्तापलट के बाद म्यांमार में फिर अनिश्चितता हावी हो गई है। सैनिक तख्तापलट ने दुनिया को आश्चर्यचकित किया है और इसे आंग सान सूकी के ढुलमुल नेतृत्व का नतीजा समझा जाना चाहिए। नवंबर, 2020 के चुनाव में भारी विजय पाने के बावजूद सूकी नीत नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी-एनएलडी पर सेना और विपक्ष ने चुनावों में धांधली, भ्रष्टाचार तथा विजय 'पाने' के लिए अनैतिक तरीकों का आरोप लगाया था जिसका नतीजा सैनिक विद्रोह के रूप में सामने आया। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने एनएलडी द्वारा चुनावी अनियमितताओं के सारे दावे खारिज कर दिए थे। इस प्रकार सेना अपनी राजनीतिक विजय के लिए आक्रामक होने पर मजबूर हुई जो पिछले 6 साल से एनएलडी सरकार के साथ असहज स्थिति में थी।

बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण सैनिक शासक 2010 में लोकतांत्रिक शक्तियों को स्थान देने के लिए तैयार हुए थे। सूकी समेत राजनीतिक कैदियों को रिहा किया गया था, पर एनएलडी ने सेना-समर्थित यूनियन सालिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी द्वारा कथित अनियमितताओं के आरोप में एनएलडी ने चुनावों का बहिष्कार किया था। लेकिन अगले पांच वर्षों में एनएलडी की लोकप्रियता बढ़ी जो 2015 के आम चुनाव में दिखाई पड़ी। एनएलडी को अम्योथा हुटा-राष्ट्रीयताओं के सदन में 224 सीटों में से 168 पर विजय मिली जिसमें बिना मुकाबले के 25 प्रतिशत सीटें सेना के लिए आरक्षित थीं। इससे स्पष्ट था कि लोकतंत्र-समर्थक नेतृत्व को बहुदलीय संसदीय व्यवस्था बहाल करने के लिए ज्यादा स्पेस की जरूरत थी। 2011 में राष्ट्रपति थीन सीन ने महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक सुधार किए, हालांकि इनको सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप माना गया। वर्तमान परिदृश्य के लिए हमें म्यांमार सेना के 2008 के संविधान पर नजर डालनी होगी जो समस्या का प्रमुख कारण है। संविधान ने कानूनी मोर्चे पर संसदीय व्यवस्था में सेना की भूमिका मजबूत की। नई राजनीतिक व्यवस्था में सूकी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए सेना ने खासतौर से यह प्राविधान शामिल कराया कि राष्ट्रपति सैनिक पृष्ठभूमि का होना चाहिए तथा उसके परिवार का कोई व्यक्ति विदेशी नागरिक नहीं होना चाहिए। इससे सूकी के राष्ट्रपति बनने की संभावना समाप्त हुई क्योंकि उनके दो बेटे ब्रिटिश नागरिक हैं। इसके साथ ही गृह व रक्षा विभाग केवल सेना के पास रहने थे तथा पूर्ण नियंत्रण के लिए सेना ने अपने लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया था। आपातकालीन प्राविधानों से सेना की स्थिति और मजबूत हुई थी। लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की मांग पर जनता के लोकप्रिय आंदोलन ने सूकी के उभार को लोकतंत्र का पर्याय बना दिया था। इसके बावजूद उन्होंने राखीन राज्य में रोहिंग्याओं के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन की निन्दा नहीं की। बड़ी संख्या में शरणार्थी रोहिंग्याओं को पड़ोसी बांग्लादेश जाना पड़ा। दुनिया को उम्मीद थी कि सूकी रोहिंग्याओं के लिए मसीहा बन कर उभरेंगी, पर उन्होंने केवल अपनी पार्टी पर ध्यान दिया। आश्चर्यजनक रूप से उन्होंने रोहिंग्याओं को 'अवैध आप्रवासी' बता दिया जिनको सेना पहले से ही 'इस्लामी आतंकी' कह रही थी। इस पर एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सूकी से सम्मान वापस लिया तथा उनसे नोबेल शांति पुरस्कार छीनने के आह्वान भी किए गए। सूकी भले ही म्यांमार में लोकतंत्र के लिए मुखर रही हों, पर वे सत्ता के खिलाफ खड़ी होने में विफल रहीं। उन्होंने सेना द्वारा राज्य-प्रायोजित नस्ली सफाए की निन्दा नहीं की और वे एक बौद्ध समूह द्वारा कथित अत्याचारों के बारे में भी खामोश रहीं। इस प्रकार जहां दुनिया सैनिक तख्तापलट की निन्दा कर रही है, वहीं अनेक अंतरराष्ट्रीय पक्ष सूकी के बचाव में सावधानी बरत रहे हैं। यह कोई छिपी बात नहीं है कि एनएलडी का सेना के साथ सह-अस्तित्व था, पर लोकतंत्र की मजबूरियों के कारण उनको अलग अलग दृष्टिकोण अपनाना पड़ता था। वास्तव में जनरलों ने कभी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षायें छिपाई नहीं और चुनावी रास्ते की विफलता ने सैनिक तख्तापलट को अपरिहार्य बना दिया। भारत ने म्यांमार में लोकतंत्र और सामान्य स्थिति बहाल करने के बारे में अपनी आवाज उठाई है। इसके साथ ही नई दिल्ली ने अमेरिका, ब्रिटेन या यूरोपीय संघ द्वारा लगाए जाने वाले संभावित प्रतिबंधों का समर्थन नहीं किया है। लोकतंत्र के पैरोकार के रूप में स्थिति बहाली की भारत की अपील वैश्विक स्तर पर उभरते परिवर्तनशील राजनीतिक तत्वों का हिस्सा है। इससे नई दिल्ली को ज्यादा सक्रिय रूप से शांति व लोकतंत्र का संदेश देने में सहायता मिली है। म्यांमार को भारत से कोविड-19 वैक्सीन का उपहार इस बात का प्रमाण है कि वह शांतिपूर्ण मानवतावादी लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

> भारत ने म्यांमार में लोकतंत्र और सामान्य स्थिति बहाल करने के बारे में अपनी आवाज उठाई है। इसके साथ ही नई दिल्ली ने अमेरिका, ब्रिटेन या यूरोपीय संघ द्वारा लगाए जाने वाले संभावित प्रतिबंधों का समर्थन नहीं किया है। लोकतंत्र के पैरोकार के रूप में स्थिति बहाली की भारत की अपील वैश्विक स्तर पर उभरते परिवर्तनशील राजनीतिक तत्वों का हिस्सा है।

भारत की एक्ट ईस्ट नीति में महत्वपूर्ण देश होने के कारण नई दिल्ली को म्यांमार सीमा के पार बहुत सावधानी से देखना होगा। चीन और म्यांमार सेना के बीच बढ़ती दोस्ती से भारत की चुनौतियां और बढ़ेंगी। बांग्लादेश में संभावित राजनीतिक संकट से भी भारत के पूर्वी क्षेत्र में चुनौतियां और बढ़ेंगी। हाल ही में अल जजीरा ने 'आल द प्राइम मिनिस्टर्स मैन' में खुलासा किया है कि बांग्लादेश सेना प्रमुख, उनके भाई तथा प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के बीच एक कथित आपराधिक गठजोड़ बना है। हालांकि, बांग्लादेश सरकार को सेना का समर्थन प्राप्त है, पर इस खुलासे से उजागर गठजोड़ गंभीर चिन्ता का विषय है। इसलिए भारत की एक्ट ईस्ट नीति में राजनयिक, खुफिया, सुरक्षा और राजनीतिक प्रकृति की आपातकालीन रणनीतियों को स्थान मिलना चाहिए।

# भारत में आसान नहीं विद्युत वाहनों को अपनाना

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



ईंधन की बढ़ती कीमतों, शैशवावस्था में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहायक बुनियादी ढांचा और हाल ही में घोषित प्रदूषण के स्तर के बीच वाहन परिमार्जन नीति, भारतीयों के लिए एक अभूतपूर्व संकट पैदा कर रहे हैं। इन स्थितियों को चरमराती सार्वजनिक परिवहन प्रणाली और भी बिगाड़ देती है जो खराब होती जा रही है। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की अजेय गतिशीलता निश्चित रूप से एक राष्ट्र के लिए अब तक का सबसे ज्यादा परेशान करने वाला विकास है जो एक महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी और आय के स्तर में गिरावट से जूझ रहा है। एक विभाजित और कमजोर विपक्ष के मद्देनजर, जो आम आदमी को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों को उठाने में बार-बार विफल होता है, सरकार को नए साल के पहले दो महीनों में 21 बार ईंधन मूल्य बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास होना चाहिए, अगर मीडिया खबरों पर विश्वास किया जाए। हम में से कई लोगों के लिए, प्रदूषण के स्तर और ईंधन की कीमतों में वृद्धि ईवीएस या सार्वजनिक परिवहन की ओर स्थानांतरित करने के लिए एक संकेत के रूप में आई है, लेकिन कोरोनोवायरस-प्रेरित सामाजिक गड़बड़ी के इन समय में, सार्वजनिक भीड़ में धक्का-मुक्की स्वाभाविक नहीं लगती है।

वाहन परिमार्जन नीति की घोषणा से आवागमन के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बनाने की अंतिम क्षमता को और मजबूत किया गया है, जिससे दिल्ली-एनसीआर में एक पुराने वाहन रखना असंभव हो जाता है और देश में कहीं और महंगा हो जाता है। यद्यपि इस नीति ने ऑटो निर्माताओं को प्रसन्न किया है क्योंकि नए वाहन की मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिन नागरिकों के बजट में महामारी की चपेट में आया है, वे शायद ही उत्साह साझा न करें, क्योंकि उनके कई बनाए हुए वाहन कबाड़खाने में समाप्त हो जाएंगे। इस अराजकता के बीच, ईवी उद्योग सभी मौजूदा समस्याओं के लिए उपयुक्त समाधान के रूप में उभर रहा है, लेकिन भारतीय विद्युत वाहन क्षेत्र चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ऑटो सेक्टर, जो वायरस के फैलने से पहले ही




मंदी का सामना कर रहा था, कोविड-19 के पूर्ण प्रभाव के सामने आने के बाद अपने घुटनों पर आ गया। केंद्रीय बजट ने ईवी स्टार्टअप के लिए कर अवकाश जैसी राहत पर ध्यान केंद्रित करके क्षेत्र की चिंताओं को संबोधित किया। 'स्वच्छ वायु' के लिए 2,217 करोड़ रुपये की स्थापना, एक लाख से अधिक आबादी वाले 42 शहरी केंद्रों के लिए भी एक अच्छा कदम है जो ईवी के पर्यावरणीय लाभों के बारे में जागरूकता फैला सकते हैं। इसी तरह, 20,000 बसों के संचालन के लिए 18,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सार्वजनिक-निजी-भागीदारी मॉडल के तहत सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की योजना ईवी उद्योग के लिए उत्साहजनक है। यह योजना वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से लड़ने में मदद कर सकती है। लेकिन बेवजह, यह वह जगह है जहां सरकार की दृष्टि धुंधली हो जाती है क्योंकि बजट में ईवी-केंद्रित पहल या नीति का उल्लेख नहीं किया गया है, जिसमें तेजी से अपनाने और इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण शामिल है। ईवी चार्जिंग ढांचे की गड़बड़ी, ईवी के लिए खुदरा वित्तपोषण को सक्षम करना और बैटरी सहित ईवी इनपुट घटकों पर करों को कम करने के साथ-साथ उल्टे माल और सेवा कर (जीएसटी) संरचना के संशोधन सहित अन्य उम्मीदों को भी संबोधित नहीं किया गया।

ईवी निर्माता सरकार से एक मजबूत नीतिगत प्रतिबद्धता के प्रति आशान्वित थे, विशेषकर बैटरी से संबंधित कर्तव्य संरचना में। बजट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल 18 प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक बैटरी जैसे घटकों के लिए औंधा शुल्क संरचना को ठीक करने के लिए किया जा सकता था और बुनियादी ढांचा सेवाओं को चार्जिंग/ स्वैपिंग के लिए भी 18 प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक किया जा सकता था। उदाहरण के लिए, ईवी में लगी लिथियम आयन बैटरी पर 12 फीसदी जीएसटी लगता है, लेकिन अलग से बेचे जाने पर यह 18 फीसदी जीएसटी हो जाएगा। इस तरह के मुद्दों को सुधारने से ईवी निर्माताओं को भारी विश्वास होगा और इस क्षेत्र को एक बहुत जरूरी बल मिलेगा। इसी तरह, मोटर वाहन भागों पर आयात शुल्क कम करने के बजाय उन्हें उत्पादन की महत्वपूर्ण लागत को कम करने के अलावा, उद्योग की भावना पर समान सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

स्वदेशी ईवी उद्योग के लिए सरकार की ओर से आक्रामक दबाव के अभाव ने इसके भविष्य के लिए चिंताएं बढ़ा दी हैं। टेस्ला जैसे दुनिया के प्रमुख ईवी निर्माता पहले से ही भारतीय बाजार की विशाल क्षमता पर नजर गड़ाए हुए हैं। वास्तव में, टेस्ला ने पहले ही ईवी कारों के निर्माण के इरादे से बंगलुरु में भारत में एक इकाई के रूप में खुद को पंजीकृत किया है। हुंडई के कोना और मॉरिस गैरेज्स के जेडएस ईवी, पहले से ही भारतीय बाजार में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा में पहले से ही गर्म होने के साथ, भारतीय ईवी निर्माताओं को सरकार से सहायता के रूप में, चार पहिया ईवी निर्माताओं के लिए कर अवकाश, बेहतर जीएसटी संरचना और कम आयात शुल्क के अलावा उपभोक्ताओं के लिए मजबूत वित्तपोषण विकल्पों की आवश्यकता है। बेहतर राष्ट्रव्यापी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के साथ संयुक्त ये उपाय जीवाश्म ईंधन कारों को अप्रचलित कर सकते हैं, उनके चरण-आउट के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। ईवी तकनीक गतिशीलता का भविष्य है लेकिन सरकारी उपायों का मतलब है कि यह अद्भुत तकनीक अभी भी देश में उपेक्षित है।

## फरमाया



**उत्तर** प्रदेश में कोविड संक्रमितों के रोगमुक्त होने की दर देश में सर्वाधिक है और डब्लूएचओ ने इस बाबत राज्य के प्रयासों की सराहना की है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**मेरे** लिए केरल आना स्फूर्तिदायक होता है, क्योंकि मैंने पाया है कि यहां लोग मुद्दों में दिलचस्पी लेते हैं, वो भी सतही तौर पर नहीं बल्कि विस्तृत रूप से।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**कुछ** दिन पूर्व राहुल उत्तर-पूर्व में भारत के पश्चिमी भाग के लिए जहर उगल रहे थे, अब उत्तर भारत के खिलाफ विषवमन कर रहे हैं।

**- जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी

**भारत** विश्व में सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है, लेकिन युवाओं की बेरोजगारी, बढ़ती जा रही है। हर सरकार अपने मैनीफेस्टो में, युवाओं को रोजगार का अंगूर देकर, वोट ले लेते हैं। जबकि हर बार, शिक्षित और प्रशिक्षित युवा, धोखा का शिकार हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने, युवाओं को कंपटीशन की तैयारी के लिए, मुफ्त में कोचिंग का शुभारंभ किए है। अगर ध्यान से देखा जाए तो, लगता है भाजपा सरकार भी केजरीवाल के मुफ्त स्कीम के पदचिन्हों पर चलना शुरू कर दी है। यूपी के मुख्यमंत्री ने, युवाओं को तैयारी करने के लिए तो सुविधा दे दी, लेकिन रोजगार के लिए कुछ भी नहीं किया। योगी जी को समझना चाहिए कि बच्चों को तैयारी की नहीं बल्कि रोजगार की जरूरत है। प्रयागराज हो या लखनऊ, दिल्ली हो या बंगलौर, हर तरफ युवाओं ने, स्वयं बेरोजगार होने के बावजूद, बड़े शहरों में रहकर, न जाने कितने लोगों को रोजगार दे दिया। सोचने और चकित करने वाली बात है, जो खुद बेरोजगार है, वो लोगों के लिए जीविका का साधन बना हुआ है। लॉक डाउन के बाद से बेरोजगारी दर में आसमान छूती वृद्धि हुई है। जिसके बाद से ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट लोग, सफाई कर्मी और डी ग्रुप के परीक्षा में बैठ रहे हैं।

**- अमन जायसवाल**, दिल्ली

## क्या माफ हो सकते हैं सात खून?

**क्या** देरी से मिले न्याय को सच में न्याय माना जा सकता है? वर्षों की देरी के बाद अगर कोर्ट कानूनी तरीके से सही फैसला भी लेती है, तो देरी की वजह से कई जीवन अवश्य ही प्रभावित हो जाते हैं। बहरहाल स्वतंत्र भारत में यानी वर्ष 1947 के बाद पहली बार किसी महिला को फांसी होने वाली है और एक मासूम बेटा है, जो अपने लिए मां का हक मांग रहा है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में जहां शबनम नाम की एक लड़की ने अपने परिवार के सभी 7 लोगों की हत्या कर दी थी क्योंकि, वो अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी और घर वाले शादी के खिलाफ थे। शबनम को लगा कि अगर वह अपने घर वालों को रास्ते से हटा दे तो शादी भी हो जाएगी और घर की संपत्ति पर भी उसका कब्जा हो जाएगा, जिससे वो अपनी जिंदगी आराम से गुजार लेगी लेकिन शबनम अपराध के बाद अपने प्रेमी के साथ गिरफ्तार कर ली गई और उन दोनों को 2010 में अमरोहा की अदालत ने फांसी की सजा सुना दी थी। अदालत के इस मामले को अब लगभग 13 वर्ष बीत चुके हैं। शबनम ने दिसंबर 2008 में जेल में एक बेटे को जन्म दिया था। जिसके बाद अब ये कहानी उस बच्चे की भी है। बच्चा चाहता है कि देश का कानून उसकी मां को जीवनदान दे।

**- निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

## स्वागतयोग्य पहल

**बंगलुरु** के बासठ फ्लैट खरीदारों ने सर्वोच्च न्यायालय में एक अपील दायर कर माननीय न्यायालय से निवेदन किया है कि पूरे देश में एक समान बिल्डर बायर एग्रीमेंट, लागू किया जाए। अभी क्रेता और विक्रेता के बीच होने वाले मकान या फ्लैट खरीदी के अनुबंध में पूरे भारत के राज्यों में बेहद असमानता है। इन्हीं विसंगतियों के कारण बिल्डर उपभोक्ताओं का शोषण करते हैं और उन्हें आवश्यक सुविधाओं से वंचित रखते हैं। बंगलुरु के नागरिकों की यह पहल स्वागत योग्य एवं प्रशंसनीय है। अपने निजी मकान का सपना हर नागरिक देखता है। यह उसकी मूलभूत आवश्यकता भी है। अपने गाढ़े पसीने की कमाई मनुष्य मकान या फ्लैट खरीदने पर खर्च करता है। अतः वह उन समस्त सहूलियतों का हकदार है जिसकी कल्पना उसने अपने मन मस्तिष्क में संजो कर रखी होती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई का मन बना लिया है। यहां पर सर्वोच्च न्यायालय का यह सुझाव भी महत्वपूर्ण है जिसमें केंद्र सरकार से पूरे देश में एक समान मॉडल लागू करने की बात कही गई है।

**- ललित महलकारी**, इंदौर

## स्वप्निल उपाध्याय दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री नियुक्त किए गए

**कुम्हारी।** पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष स्वप्निल उपाध्याय को निर्मल कोसरे अध्यक्ष, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) द्वारा जिला कार्यकारिणी में महामंत्री पद प्रदान किया गया। नगर के एक अनुभवी और उत्साही कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता को जिले में सम्मानित स्थान दिए जाने पर नगर वासियों में प्रसन्नता की लहर फैल गई है, विशेषकर युवा वर्ग में नए उत्साह का संचार हुआ है। नवनियुक्त जिला महामंत्री स्वप्निल उपाध्याय ने विनम्र भाव से समस्त कांग्रेस जनों एवं नगर वासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबों के आशीर्वाद से मैं सदैव सेवा के लिए तत्पर रहकर नगर एवं पार्टी के विकास और उत्थान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास सतत जारी रखूंगा।



## गृहणियों ने सीखे नागरिक सुरक्षा के गुर

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा संयंत्र के कार्मिकों के गृहणियों हेतु सिविल डिफेन्स कार्यक्रम 'हम भी है तैयार' का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन मानव संसाधन विकास विभाग के महाप्रबंधक द्वय सौरभ सिन्हा एवं अरविन चंद्र गोयल ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास विभाग के उपमहाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। महिलाओं हेतु आयोजित नागरिक सुरक्षा के इस कार्यक्रम में शामिल गृहणियों को नागरिक सुरक्षा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही इसमें उनकी सार्थक भूमिका की चर्चा की गई। देश में आपदा प्रबंधन के दौरान नागरिक सुरक्षा की जरूरत व योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इसमें महिलाएं किस प्रकार योगदान दे सकती है इन विषयों पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त कोरोना जैसी महामारी के समय महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भूमिका कैसी हो इस पर चर्चा किया गया। इसके अतिरिक्त घरों में गैस सेफ्टी जैसे विषयों पर उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा नागरिक सुरक्षा किस प्रकार समाज के कल्याण में अपना योगदान दे रहा है, इसकी भी जानकारी दी गई।

## नलकूप खनन के लिए अधिकारी की अनुमति आवश्यक नहीं

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर कहा कि जिले मे पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत 30 जनवरी 2021 से 30 जून 2021 तक नलकूप खनन हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी पड़ती थी। उक्त आदेश को 24 फरवरी 2021 से शिथिल किया जाता है। अब नवीन नलकूप खनन हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति की अवश्यकता नही होगी।

## जिले के सुदूर वनांचल कांदावानी में निवास करने वाले बैगा समुदाय के लोगों को सड़क निर्माण का मिलेगा लाभ

# वनवासियों के लिए आवागमन की समस्या का हुआ समाधान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सुदूर वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले विषेश पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मददगार सिद्ध होता रहा है। घने जंगलो, पथरिले रास्ते और ऊचीं-ऊची पहाड़ों के साथ घाटी में रहने वाले बैगा परिवार एक गांव से दूसरे गांव में जाने के लिए ऐसे जटिल रास्तों का सामना करते रहें है क्योंकि मुख्य सड़क कि दूरी ज्यादा होता है। वनवासियों के आवागमन की परेशनियों का हल महात्मा गांधी नरेगा योजना से घाट कटींग कार्य के रूप में हुआ। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के सुदूर वनांचल गांव कांदावानी की जो कि जिला मुख्यालय से 100 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत कांदावानी मुख्यालय से ग्राम बांगर एवं आमापानी जैसे अन्य गांव जाने के लिए बैगा समुदाय के साथ ग्रामीण घनें जंगलों के बीच पहा?ी से होकर जाया करते है। प्रतिदिन आवागमन की व्यवस्था को दूरूस्त करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कांदावानी में दो अलग-अलग घाट कटींग का कार्य स्वीकृत किया गया। घाट में बनने वाले रास्ते के कारण अब दूसरे गांव आना-जाना आसान हो जाएगा साथ ही दूरी कम होने से आवगमन में समय भी बचेगा।

### घाट कटींग से बनने वाले रास्ते से हो रहे फायदे

वितीय वर्ष 2020-21 में 17 लाख 31 हजार 500 रूपए की लागत से राम प्रसाद के घर से दलदल बांगर, सरईटोला, मिठा आमा रोड तक 2000 मीटर सड़क की स्वीकृति महात्मा गांधी नरेगा योजना से किया गया। इस कार्य में 16 लाख 28 हजार 800 रूपए का मजदूरी भुगतान होना प्रस्तावित है। 30 जनवरी 2021 से प्रारंभ हुए इस कार्य में अभी तक 103 बैगा परिवारों को रोजगार प्राप्त हुआ है। 188 पंजीकृत मजदूर कार्य कर रहें है जिसमे 93 पुरूष एवं 95 महिलाओं के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है जो विगत 5 सप्ताह से लगातार चल रहें। इस कार्य में 3970 मानव दिवस रोजगार का सृजन हो चूका है तथा 7 लाख 54 हजार 300 रूपए का मजदूरी भुगतान अभी तक ग्रामीणों को प्राप्त हो गया है। इस सड़क के बन जाने से कांदावानी एवं आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन हेतु सीधा लाभ मिलेगा। रूखमी दादर, सरईटोला, बांगर, सेंदूरखार, भुरसीपकरी, बाहपानी आदि गांव के लोग सीधे लाभान्वित होंगे। कांदावानी के गांव बाहपानी (भलिन दादर) में दूसरा घाट कटींग कार्य भलिन दादर ज्ञान के घर से आमापानी झीरिया तक के लिए 1000 मीटर का कार्य हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस कार्य की स्वीकृति महात्मा गांधी नरेगा योजना से 9 लाख 91 हजार 400 रूपए की लागत से हुआ है। जिसमें 9 लाख 29 हजार 800 रूपए सीधे तौर पर मजदूरी पर भुगतान होना प्रस्तावित है। 25 जनवरी 2021 से प्रारंभ हुए इस कार्य में 2431 मानव दिवस रोजगार का सृजन कर कांदावानी एवं आस-पास के बैंगा समुदाय के लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है जिसके लिए 4 लाख 61 हजार 890 रूपए का मजदूरी भुगतान किया गया है। लगभग 80 परिवार मिलकर इस कार्य मे 5 सप्ताह से रोजगार प्राप्त कर कार्य कर रहें है जिसमें प्रतिदिन लगभग 55 महिलाएं एवं 45 पुरूष है। यह सड़क बन जाने से 600 की आबादी को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी एवं सरईटोला, बाहपानी, बांगर और रूखमीदादर के ग्रामीण सीधे लाभान्वित होगें।

### समस्या का साधक बना रोजगार गारंटी योजना : सीईओ

बिहड़ जंगल में बन रहें घाट कटींग के कार्य पर जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजय दयाराम के. ने बताया कि कांदावानी एवं आस पास के क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए 3 किमी की स?क, घाट को काट कर बनायी जा रही है। दो अलग-अलग कार्यो की स्वीकृति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से दिया गया है। जिसके कारण सड़क निर्माण में लगे पंजीकृत मजदूरों को बहुतायत में रोजगार का अवसर प्राप्त होकर मजदूरी भुगतान उनके व्यक्ति गत खातों में जा रहा है। रूखमी दादर एवं भलिन दादर जैसे गांव में होने वाले इस कार्य से महात्मा गांधी नरेगा योजना की सार्थकता सिद्ध होती है।

उन्होंने बताया कि वनवासी अक्सर जंगल के रास्ते से बांगर, रूखमी दादर भलिन दादर, सेंदुरखार, बाहपानी, भुरसीपकरी, सरईटोला जैसे गांव आना जाना करते है उनकी आवागमन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जंगल में घाट कटींग कर चलने योग्य मार्ग तैयार किया जा रहा है। जो आस पास के क्षेत्र में बसने वाले 1000 से 1200 की आबादी को सीधे लाभ पहुंचायेगा। वर्तमान में कार्य प्रगतिरत है तथा ग्रामीण कार्य को पूरी लगन के साथ कर रहें है क्योंकि इससे उनके क्षेत्र का विकास तो हो ही रहा है साथ ही सुविधाओं में वृद्धि हो रही है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के अंतर्गत विकासखण्ड नवागढ़ में 27 फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है इस विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 27 जोड़ी दांपत्य जीवन में प्रवेश करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा विवाहित दांपत्य को ऑनलाइन के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के अंतर्गत प्रत्येक जोड़ों को 19 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत वैवाहिक जोड़ी को फर्नीचर, बर्तन, गद्दे, तकिए, वस्त्र, प्रेशर कुकर, जेवर, घड़ी आदि उपहार सामग्री दी जाती है एवं 1000 रुपये की नगद राशि नव विवाहिता को दी जाती है। इस योजना में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के अधिकतम दो कन्याओं का विवाह कराये जाने का प्रावधान है।

इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही दिया जाता है इस योजना का मुख्य उद्देश्य निर्धन कन्याओं के विवाह में आने वाली परेशानियों को दूर करना तथा विवाह में अनावश्यक फिजूल खर्ची को रोकना है। मुख्यमंत्री महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पूरे प्रदेश में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में आशीर्वचन दिया जायेगा।

## जिला कलेक्टर शिव अनंत तायल संवेदनशील, एक ट्वीट पर की कार्यवाही : सौरभ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने बेमतरा जिले में बोर खनन पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने कलेक्टर शिव अनंत तायल को ट्वीट किया था, जिसमे जिले में बोर खनन पर लगाये गए प्रतिबंध को किसानों के हित मे शिथिल करने के लिए कारण बताया गया था चूंकि भूजल स्तर इस वर्ष अच्छी बारीश के कारण नीचे नही गया है और विशेष परिस्थितियों के तहत बोर खनन के अनुमति के नाम पर कुछ बिचौलिए किस्म के लोग किसानों से अतिरिक्त पैसे ऐंठते है,और बोर आपरेटर भी परिस्थितयों का लाभ उठाते हुए प्रति फुट खनन की दर को महंगा कर देते हैं। बेमेतरा कलेक्टर ने अपने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ,ट्वीट के आधार पर ही आदेश को निरस्त करते हुए बोर खनन पर लगाया हुआ प्रतिबंध हटा लिया है,जिसका लिखित आदेश कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया। किसान कांग्रेस बेमेतरा ने अपनी मांग पूरी होने पर कलेक्टर शिव अनंत तायल का आभार व्यक्त किया है, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी ,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, जिला पंचायत सदस्य शुशीला जोशी, जिला पंचायत सदस्य बालकुमारी ध्रुव,साजा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जागेश, कृषि समिति के सभापति जनपद सदस्य लाला भारती, झाल सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा, सरपंच नीलेश वैष्णव, झिरिया सरपंच रामविशाल मिश्रा, असंगठित मजदूर कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार जोशी, कर्चुवा सरपंच जितेंद साहू, कुसमी सरपंच मोहन वर्मा, पेडितरि सरपंच इतवारा बाई गंधर्व,युवा कांग्रेस नांदघाट के अध्यक्ष लाला कटारे,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष विजय यादव, दाढ़ी से कांग्रेस नेता शिशिर दुबे,जिला पंचायत प्रतिनिधि मोतीलाल साहू ने खुशी प्रगट करते हुए कलेक्टर बेमेतरा के संवेदनशीलता पर आभार व्यक्त किया है।

## राजनांदगांव हाकी टीम ने किया महापौर ट्राफी कप पर कब्जा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में कांग्रेस की सरकार स्थापित होने के बाद पहलीबार आयोजित इस राज्य स्तरीय हाकी प्रतियोगिता में राजनांदगांव की हाकी टीम ने महापौर ट्राफी पर कब्जा किया। उन्होनें महापौर इलेवन दुर्ग को फाइनल मैच में 4-1 से हराकर प्रथम आया। फाइनल मैच के विजेता टीम राजनांदगांव और उपविजेता टीम महापौर इलेवन दुर्ग को विधायक अरुण वोरा जी, महापौर धीरज बाकलीवाल, एवं शिक्षा एवं खेल कूद प्रभारी मनजीत सिहं भाटिया द्वारा बधाई और शुभकामनाए दी गई। उन्होनें विजेता टीम और उपविजेता टीम को महापौर ट्राफी कप प्रदान कर टीमों के सभी खिलाड़ियों को हाकी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभापति राजेश यादव, उप पुलिस अधीक्षक सबा अंजुम, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व साडा अध्यक्ष भज सिंह निरंकारी, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, वित्त प्रभारी दीपक साहू, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, महिला एवं बाल विकास प्रभारी सुश्री जमुना साहू, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन, विद्युत यांत्रिकी विभाग प्रभारी भोला महोबिया, गरीबी उपशमन प्रभारी शंकर सिंह ठाकुर, सांस्कृतिक प्रभारी अनुप चंदानियॉ के अलावा पार्षदगण, जनप्रतिनिधि श्रीकांत समर्थ, शमीम अहमद, हाकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी एवं अधिक संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## महापौर और सबा अंजुम ने हाकी खेलें पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने प्रदेश स्तरीय हाकी प्रतियोगिता को सराहा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



विधायक अरुण वोरा की पहल और महापौर धीरज बाकलीवाल के प्रयास से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पहलीबार प्रदेश स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 24 फरवरी को सेमी फाइनल मैच पर राजनांदगांव के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे।

इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, उप पुलिस अधीक्षक सबा अंजुम, सीएसपी विवेक शुक्ला एवं अन्य उपस्थित थे। सेमी फाइनल मैच के दौरान मैदान में महापौर बाकलीवाल और सबा अंजुम और शिक्षा एवं खेलकूद प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया ने खिलाड़ियों के साथ हाकी खेल का रिहर्सल किये। 25 फरवरी को रात्रि 8.00 बजे सिविल लाईन मैदान में महापौर इलेवन और राजनांदगांव टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया । दोनों टीम ने 24 फरवरी को सेमी फाइनल मैच में राजनांदगांव ने 3-0 से बिलासपुर टीम और महापौर इलेवन ने 5-3 से जिला हाकी एसोसिएशन टीम को हरा कर फाइनल में पहुँचें। सेमी फाइनल मैच में महापौर इलेवन की तरफ से पहला गोल अरबाज खान ने और गुलाम रहमानी ने 2 शानदार मैदानी गोल दाग कर टीम काके फाइनल में पहुँचाया। इसी प्रकार राजनांदगांव के शकील और कार्तिक ने खेल का शानदार प्रदर्शन किया गया।

फाइनल मैच में महापौर इलेवन और राजनांदगांव की टीम अपने खेल का प्रदर्शन करेगें। जिसके उपरान्त विजेता टीम को पुरस्कृत किया जावेगा।

## विश्व महिला दिवस में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम को बेमेतरा आने नेवताः प्रज्ञा निर्वाणी



**बेमेतरा।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम को विश्व महिला दिवस पर बेमेंतरा आने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने नेवता दिया, इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव प्रगति बाजपेयी भी उनके साथ थी,राज्य सभा सांसद फूलों देवी नेताम को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा ने कांग्रेसी गमछा ओढ़ाकर अभिवादन किया बता दें कि फूलोदेवी राज्यसभा सांसद के साथ ही छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं उन्होंने बेमेतरा जिले की ग्रामीण महिलाओ को संगठन की गतिविधियों में अधिक से अधिक जोड़ने के लिए निर्देश दिए, और कहा कि आधी आबादी महिलाओं की है ,उन्हें अब अपने अधिकारों के लिए सजगता से आगे आना चाहिए।

## पोंडी में हर तरफ फैली गंदगी पंचायत निष्क्रिय

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




पोंडी कवर्धा से 14 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पोंडी में हर तरफ गंदगी और कचरे को देखा जा सकता है इस पंचायत में 20 वार्ड है हर वार्ड में सफाई का अभाव है न ही ठीक से नाली साफ होती है न ही कचरे की सफाई होती है बस स्टैंड से लेकर बाजार और वार्डो में गंदगी ही गंदगी है लोग व्यसायिक परिसर में ही पेशाब तक कर रहे है जिस जगह सरकारी व्यसायिक परिसर है उसमें भारी गंदगी है नाली की भी सफाई सिर्फ कागजों पर होती है कुछ महीने पहले 3 से 4 लाख तक नाली सफाई में लगाया गया लेकिन नाली की सफाई नही हो पाई इतनी भारी भरकम राशि खर्च करके भी साफ सफाई नही हो पाई इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायत और सरपंच सिर्फ कागजों पे ही सफाई कर रहे है, सरपंच पति का पंचायत के कामो में है दखल। आमजनों का कहना है पंचायत में सरपंच पति का दखल है हर कामों में सरपंच पति दखल देता है मनमानी करता है जिससे कि पंचायत अधिनियम की भी धज्जिया उड़ाई जा रही है जबकि महिला सरपंच के कामों में पंचायत में सरपंच पति मनमानी नही कर सकता लेकिन यहाँ विपरीत स्तिथि है। पंचायत सफाई के मामले में उदासीन केंद्र से लेकर राज्य सरकार का साफ सफाई के लिए इतनी भारी भरकम राशि खर्च करती है जिससे आमजनों को लाभ मिल सके गंदगी से कोई गंभीर बीमारी न पनपे इसलिए नाली से लेकर कचरे की सफाई पे केंद्र और राज्य सरकारें विशेष जोर देती है राशि खर्च करती है लेकिन इस पंचायत में सिर्फ सफाई कागजों तक सीमित है लगभग पंचायत निष्क्रिय हो चुका है।

### किसान नेता ने यातायात दबाव कम करन शीघ्र बायपास शीघ्र निर्माण की मांग

## शहर के मध्य टूलेन सड़क निर्माण की धीमी गति से लोग परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शहर के मध्य 33 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर लम्बे टू लेन सड़क का निर्माण प्रगति पर है। निर्माण की धीमी गति से शहर के लोगो की परेशानी बढ़ती जा रही है। पूरी सड़क, निर्माण के नाम पर खोद दी गई है। उक्त बातें किसान नेता योगेश तिवारी ने कही है। उन्होंने कहा कि यहां एक लेन सड़क का निर्माण कर, दूसरी लेन का निर्माण शुरू करना था, लेकिन ठेकेदार ने मनमानी करते हुए लगभग पूरी सड़क को उखाड़ दिया है। यह मार्ग भारी व्यस्त होने के कारण वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। नतीजतन दिन रात धूल का गुबार सड़क किनारे स्थित लोगो के घरों व दुकानों में घुस रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कार्यादेश मार्च 2020 से 10 महीने में निर्माण पूर्ण करना था, लेकिन 11 महीने में सड़क का बेस वर्क भी पूर्ण नही हो पाया है। इसी से कार्य की धीमी गति का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### हादसे का शिकार हो रहे लोग, अधिकारियों की चुप्पी पर खड़े हुए सवाल

किसान नेता के अनुसार एक बार पानी डालकर खानापूर्ति कर ली जा रही है। सड़क उखाड़ने के कारण नीचे की मिट्टी ऊपर आ गई है, ऐसी स्थिति में पानी डालने के बाद मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालक फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई लोगो की गम्भीर चोट आई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इसके अलावा भारी मालवाहक के गुजरने से सड़क पर हुए गड्ढे भी जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस ओर अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि ठेकेदार व अधिकारियों को लोगो की परेशानी से कोई लेना देना नही है। निर्माण की गति काफी धीमी है । यहां अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### धूल के गुबार से लोग हो रहे परेशान, घण्टो लग रहा जाम

सड़क पर उठ रहे धूल के गुबार से लोग बीमार हो रहे हैं। लोगों को फेफड़े व श्वास सम्बधी रोग हो रहे हैं। काम की धीमी गति से लोगो की नाराजगी बढ़ती जा रही है। धूल के गुबार में सामने आ रहा वाहन नही दिखने से भी लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। वही अव्यवस्थित सड़क निर्माण व सूचना बोर्ड नही लगे होने के कारण दो ट्रक पलटकर हादसे का शिकार हो चुकी है। बावजूद प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार है। इसके अलावा लोगो को रोजाना घण्टो जाम का सामना करना पड़ रहा है।

### बायपास सड़क निर्माण जल्द पूरा करने की मांग

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि ग्राम चोरभट्टी से लेकर बैजी तक बन रहे बायपास सड़क का निर्माण पूर्ण होने के बाद, शहर के बीच सेटूलेन सड़क का निर्माण शुरू करना था। ताकि भारी मालवाहकों की निकासी बायपास सड़क से होती। लेकिन दोनों सड़क का निर्माण करीब एक ही समय मे शुरू कर लोगों की परेशानी बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों सड़क का निर्माण एक ही ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा सम्बंधित ठेकेदार द्वारा आसपास की सभी बड़ी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। नतीजतन मैनपावर व मशीने बटने से सड़कों का निर्माण काफी धीमी गति से हो रहा है। इसलिए शीघ्र बायपास निर्माण की मांग की जाएगी।

### नवीन काम्प्लेक्स का निर्माण शुरू नहीं, होगा विलम्ब

सड़क निर्माण के दायरे में आने वाले पालिका कांप्लेक्स को डिस्मेंटल किया जाना है। इस सम्बंध में विधायक को बैठक लिए करीब तीन माह हो चुके हैं, लेकिन नवीन दुकानों के निर्माण का निर्माण अब तक शुरू नही हो पाया है। क्योंकि बैठक में नवीन दुकानों के निर्माण के बाद ही पालिका काम्प्लेक्स के डिस्मेंटल का प्रस्ताव पर सहमति बनी थी।


AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़ें

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह–ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि एवं समय | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (Loan A/c No.): L9001060714526052, शत्रुघ्न कुमार वर्मा पुत्र भगवत वर्मा (ऋणी), मुकेश वर्मा पुत्र भगवत वर्मा (सहऋणी), भगवत लोधी पुत्र ररूहा राश लोधी (सहऋणी एवं बंधककर्ता) | 16-जुलाई-19 ₹ 12,91,548/- बारह लाख इक्यानवे हजार पांच सौ अडतालीस रूपये मात्र 16-जुलाई-19 तक | 5-जनवरी-2021 | मकान खसरा नं. 1009/45 के भाग पर, ग्राम – दुर्ग शंकर नगर, पीएच नं. 16/24, रिक दुर्ग–1, तहसील एवं जिलाः दुर्ग, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 640 वर्ग फीट | ₹ 9,75,000/- नौ लाख पिचहत्तर हजार रूपये मात्र | ₹ 50,000/- पचास हजार रूपये मात्र | 30-मार्च-21 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल के साथ | 26-मार्च-21 तक या ईससे पहले प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः स्काई पार्क, तृतीय तल, भाटिया नर्सिंग होम के सामने, कैनाल रोड, राजा तालाब,जिलाः रायपुर 492001, छत्तीसगढ | भानु प्रताप सिंह 9358002663 - Email Id- auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 26-मार्च-2021 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तः
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री भानूप्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663 औरई–मेल auctions@aubank.in
नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन व 30 दिवस का सूचनापत्र माना जायेगा।यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्तसंपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्तदिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**स्थानः दुर्ग**
**दिनांकः 26.02.2021**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## क्विक न्यूज

### दुकान में शटर के लॉक को काटकर चोर ले उड़े समान और नगदी को

**सक्ती।** मुलमुला थाना अंतर्गत ग्राम नरियरा के संजय नगर स्थित दिनेश कुमार साहू के सोयम इलेक्ट्रिकल्स में शातिर चोरों ने शटर की पट्टी को काट कर लगभग पांच - छह हजार नगदी एवं कूलर टुल्लू पंप और सीसीटीवी कैमरा के डीवीआर सेट को चोरी कर ले उ?,जानकारी के मुताबिक चोरों ने शटर को काटने के लिए कटिंग मशीन का उपयोग किया है, मौके पर मुलमुला थाना के थाना प्रभारी और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची है और जांच की जा रही है, चोरों का अब तक पता नही लगा है। ग्रामीणों ने लगातार चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है।

### महिला की टांगी मारकर हत्या

**रायगढ़।** महिला की टंगिया मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी रिश्ते में मृतिका का समधी है। आरोपी ने हत्या की घटना को क्यों अंजाम दिया इसका पता नही चल सका है। पुलिस के गिरफ्त से आरोपी फरार है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कापू अन्तर्गत ग्राम सरिया (मड़वाताल) निवासी मनीराम मझवार पिता स्व. मुंशी राम मझवार ने बुधवर की सुबह उसकी समधन रमनिया बाई पति बलसाय अगरिया उम्र 65 वर्ष निवासी मडवाताल, कापू की टांगी से मारकर हत्या कर दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है। कापू पुलिस घटना के संबंध में आरोपी के पुत्र धनसिंह मझवार (उम्र 45 वर्ष) की रिपोर्ट पर हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि 21 फरवरी को अपनी पत्नी व दो बच्चों को साथ लेकर अपने लड़के के शादी के लिए कपड़ा खरीदने के लिए बनिया गया हुआ था। घर में पिता मनीराम, सास रमनिया बाई, लड़का दीपक, लड़की शशीमोती थे। बुधवार की सुबह करीब 11 बजे जब घर वापस आया, तब पता चला कि सास रमनिया बाई को पिता मनीराम द्वारा गुरूवार की सुबह 5-6 बजे के मध्य टांगी से सिर में मारकर हत्या कर दिया है। सास के सिर में दो-तीन जगह काफी गहरा चोट आकर खून निकला है।

# जूटमिल के अखाड़े में पुनः हो सकेगी दंगल

- **कलेक्टर देंगे सुविधाए, खुली जगह से कचरा सफाई कराने मिला निर्देश, मटन मार्केट के व्यवसायियों को दी गई समझाइस**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर भीमसिंह के मार्गदर्शन और नेतृत्व में महापौर, आयुक्त, एसडीएम, आरआई, पटवारी एवं पूरा नगर निगम अमला महा सफाई अभियान के अंतर्गत रायगढ़ के जूट मिल क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में पहुंचा। महासफाई अभियान पुराने बस स्टैंड से निरीक्षण आरम्भ किया गया वार्ड में काफी गंदगी दिखी, जिसे देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और तत्काल निगम की टीम को अच्छी तरह से साफ सफाई के निर्देश दिए वहीं इस वार्ड में स्थित शराब दुकान होने के कारण शराबियों द्वारा सब्जी बेचने के लिए बनाई गई पसरो पर बैठकर शराब पिया जाता है और वहां गंदगी की जाती है। जिस पर साफ सफाई के साथ ही साथ शराब दुकान के पास शराबियों के बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही। वहीं स्थित मटन चिकन दुकानदारों द्वारा काफी गंदगी की जा रही है एवं निगम द्वारा दी हुई जगह पर नहीं बैठा जा रहा है जिस पर उन्हें बैठने के निर्देश दिए और साथ ही साथ उस क्षेत्र की भी साफ सफाई की भी बात कही। नालियों में भी यहां काफी गंदगी दिखी जिसके साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए एवं एक अन्य ब?ा नाला बनाने के लिए स्टीमेट बनाकर आगे भेजने की बात कही गई। इस वार्ड में काफी अधिक खुली जगह होने के कारण लोगों में जागरूकता की कमी होने से लोग खुली जगहों पर कचरा फेंक रहे हैं जिसके साथ सफाई के साथ-साथ खुली जगहों को निजी मालिको को बाउंड्रीबाल एवम अन्य स्थल को निगम के बेरिकेट्स लगाने के भी निर्देश दिए और लोगों में एवरनेस लाने की भी बात कही। वार्ड में कुछ बुजुर्गों ने आवास की भी मांग की तो कलेक्टर ने आयुक्त को निर्देशित किया वही कुछ निर्धन परिवार के बच्चों ने पढ़ाई और रोजगार की सहायता मांगी तो कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त करते हुए अपने कार्यालय बुलाया। निरीक्षण के दरमियान वार्ड वासियों द्वारा बताया गया कि इस वार्ड में कई स्टेट और नेशनल कुश्ती के खिलाड़ी रहते हैं और यहां पहले कुश्ती के लिए एक भवन बना हुआ था जिसे हाल में ही तोड़कर बनाया जा रहा है जो पहले से भी छोटा हो गया है जिसका आकार बढ़ने के साथ-साथ कुश्ती के लिए अन्य सुविधाओं की भी मांग कलेक्टर से की गई इस पर कलेक्टर ने मेट के अलावा अन्य मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।वही कुली लाइन में सामुदायिक शौचालय का मरम्मत जल्द करने निर्देश दिया गया।

### बिजली मीटर की व्यवस्था करने कहा

नगर निगम के महापौर ने बताया कि वार्ड नंबर 31 में दौरा किया गया। वहां लेबर कॉलोनी से कुश्ती खिलाड़ियों ने अखाड़ा की मांग की जो कि आकार में छोटा निर्माण हो रहा है। जिसे बढ़ाकर करने निर्देशित किया गया है। रिक्शा सभी घर में पहुंच रहा है यूजर चार्ज भी सभी दे रहे हैं। वार्ड में खुली जगह के कारण कचरा का गंदगी बहुत है। शराब भट्टी के कारण लोग बाहर पसरा में बैठकर पीते हैं। और गंदगी करते हैं। उनके लिए स्थान व्यवस्थित करने कहा गया है। शौचालय की मरम्मत, बिजली मीटर की व्यवस्था के लिए कहा गया है। जिससे वार्ड वासियों को नियमित बिजली की सुविधा मिल सके और बिल प्राप्त कर सकें।

# मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आज

- **90 जोड़े वैवाहिक बंधन में जुड़ेंगे**

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देषानुसार मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जिला मुख्यालय स्थित आदर्ष कृषि उपज मंडी मुंगेली के प्रांगण में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जिले के 90 जोड़े वैवाहिक बंधन में जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और वर-वधु को आर्षीवाद प्रदान करेंगे। जिला मुख्यालय स्थित आदर्ष कृषि उपज मंडी मुंगेली के प्रांगण में 27 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेवर साहू होंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौषिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव, मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के विधायक पुन्नू लाल मोहले, लोरमी विधान सभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी और महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति के सभापति वषी उल्लाह खॉ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विषिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा, रजनी मानिक सोनवानी, भारती लोक राम साहू, अंबालिका साहू, रानू संजय केषरवानी,अश्वनी अघन मरावी, श्रीमति दुर्गा उमाषंकर साहू, लैलाबाई ढ़िढ़े, शीलू साहू, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी पार्षदगण, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत के सभी सदस्यगण और मुंगेली जिले के सम्माननीय पत्रकारगण शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कष्यप ने गरिमामय वार्तावरण में आयोजित कार्यक्रम में संबंधितों को निर्धारित स्थान और समय पर उपस्थित होकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया है।

## नगर पंचायत अड़भार का दर्री तालाब साफ-सफाई के बाद हुआ उपयोगी

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी वनीषचंद्र दुबे के मार्गदर्शन में विगत सप्ताह प्रारंभ हुए तालाबों की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार के कार्य के बाद शहर के दर्री



तलाब सहित अन्य तालाबों की सुंदरता वापस आने लग गई है,तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के मार्गदर्शन में जहां सफाई कर्मचारियों एवं जन सहयोग से शहर के प्रमुख बड़े तालाबों की गंदगी को बाहर निकालने एवं तालाबों के जीर्णोद्धार का अभियान प्रारंभ किया गया था तथा इस अभियान को जहां शहर वासियों ने भी स्वस्फुरतः सहयोग दिया, तो वही अड़भार शहर के बड़े तालाब स्वच्छ एवं सुंदर नजर आने लगे हैं,तथा तालाबों की सुंदरता को देखकर ऐसा लगता है कि वर्षों से यह तालाब अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहे थे तथा अब लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता नजर आने लगी है, नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी वनीषचंद्र दुबे ने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छता का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# हाथी के हमले से वृद्धा की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

वन मंडल रायगढ़ के सारंगढ़ वन परिक्षेत्र के मल्दा में हाथी ने आज एक वृद्धा पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी लगने पर तत्काल वन अमला मौके पर पहुंच कर मृतका के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि देकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सराईपाली महसमुंद वन मंडल की ओर से एक मादा हाथी व उसका शावक जंगल के रास्ते से लगभग 25 किमी की दूरी तय कर गोमर्डा अभ्यारण्य के सारंगढ़ होते हुए सारंगढ़ वन परिक्षेत्र सामान्य अंतर्गत ग्राम मल्दा पहुंचे। यहां तीजमति भारती पति शोभाराम भारती उम्र 70 वर्ष बाड़ी में कृषि कार्य कर रही थी। तभी हाथी ने उस पर हमला कर दिया। इससे तीजमति की मौत हो गई। घटना के बाद जब मामले की जानकारी वन अमला को हुई तो तत्काल वन अमला मौके पर पहुंच कर मृतका के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि 25000 रूपए देकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी।



**कर रहे हाथी की निगरानी-** विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हाथी यहां हमला करने के बाद आगे अपने शावक के साथ आगे बढ़ गई। इसके बाद उसके उपर लगातार वन अमला द्वारा नजर रखी जा रही थी। जहां बताया जा रहा है कि हाथी जांजगीर चांपा वन मंडल क्षेत्र में पहुंच गई है और यहां वन मंडलाधिकारी जांजगीर चांपा, गोमर्डा अभ्यारण्य अधीक्षक, उप वनमंडलाधिकारी रायगढ़, वन परिक्षेत्र अधिकारी सारंगढ़, वन परिक्षेत्र अधिकारी गोमर्डा सारंगढ़, बरमकेला, हाथी मित्र दल, रायगढ़ वन मंडल के साथ जांजगीर चांपा वन मंडल के अधिकारी कर्मचारी द्वारा हाथियों से सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं।

सराईपाली महासमुंद वन मंडल की ओर से मादा हाथी अपने शावक के साथ मल्दा ग्राम की ओर पहुंची। कृषि कार्य कर रही तीजमति पर उसने हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। आगे की प्रि या पूरी की जा रही है। हाथी पर रायगढ़ व जांजगीर चांपा वन मंडल के कर्मचारी नजर रखे हुए हैं।

**प्रणय मिश्रा,** डीएफओ, वन मंडल रायगढ़

मादा हाथी व उसके शावक पर नजर रखी जा रही है। शाम, रात में उसके मुवमेंट को देखा जाएगा। कोशिश रहेगी कि वह वापस जंगल की ओर लौट जाए।

**एआर बंजारे,** उप वन मंडलाधिकारी, रायगढ़

## दैनिक सब्जी बाजार लगेगा पुरेन्हा तालाब के ऊपर

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती नगर में दैनिक सब्जी बाजार गणेश बंध तालाब तथा कंचनपुर चौक पर प्रतिदिन सब्जी विक्रेताओं द्वारा दुकान लगाकर सब्जी बिक्री की जा रही थी, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था और आए दिन दुर्घटनाओ की संभावनाएं बनी रहती थी, इन सब बातों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल की पहल पर महबूब भाई सहित पालिका के अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मचारियों के साथ 25 फरवरी को नगर पालिका सभागार में सब्जी विक्रेता व्यापारियों की बैठक रखी गई, जिसमें सभी पहलुओं पर विचार करते हुए एकमत से दैनिक सब्जी मार्केट प्रतिदिन पुरैना तालाब पर लगाने का निर्णय लिया गया, बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सब्जी विक्रेताओं से आग्रह किया गया कि आप लोग अनुपयोगी सब्जियों को तालाबों में ना फेंके।

# माता शबरी के मंदिर निर्माण कराने की मांग, ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ महंत रामसुन्दर दास से शबरी जन्मभूमि-शिवरीनारायण में माता शबरी की भव्य मंदिर निर्माण कराने की मांग ज्ञापन सौंप कर किया है । डॉ. कैवर्त्य ने। मठ मंदिर द्वारा आयोजित गद्दी महोत्सव के अवसर पर श्री कविता गंदी पर विराजित भगवान श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर के मठाधीश व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राज्य अवर सेवा आयोगराज्य गौ सेवा आयोग केम छो महंत डॉ राम सुंदर दास को सौपे अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि इस पवित्र पावन मनोरम स्थल माता शबरी जन्मभूमि - शिवरीनारायण के धार्मिक गरिमानुरूप छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी परियोजना श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ में शामिल कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इस पुण्य धरा को महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है जो शिवरीनारायण ही नहीं अपितु इस पावन प्रदेश सहित भारतवर्ष के लिए गौरव की बात है। यह पावन स्थल रामायण कालीन पवित्र धरा स्वरूप भीलनी शिरोमणि माता शबरी की जन्मभूमि है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की अनन्य भक्त है जिसे श्री राम जी ने नवधा रामायण भक्ति से उपकृत कर धन्य किया है।

# माघी पूर्णिमा के अवसर पर त्रिवेणी संगम में होगी महाआरती

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे प्राचीन तथा सबसे बड़ा तीर्थ स्थल शिवरीनारायण का महत्व प्रयागराज की तरह है इसलिए यहां लोग बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक भगवान का दर्शन कर अपने मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आते हैं यहां के लिए माघी पूर्णिमा का विशेष महत्व है इस दिन यहां भगवान जगन्नाथ जी साक्षात विराजते हैं इसलिए लोग उनकी एक झलक पाने के लिए लालायित रहते हैं यहां पर स्थित




त्रिवेणी संगम तट पर चित्रोत्पला गंगा की आरती हर दिन होती है लेकिन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 27 फरवरी की शाम 6.30 बजे बाबा घाट में महा आरती का आयोजन किया गया है, इसकी प्रतीक्षा न केवल नगरवासी बल्कि संपूर्ण शिवरीनारायण क्षेत्रवासी कर रहे हैं यदि लोगों की मानें तो यहां नगर के प्रत्येक घर से सभी लोग प्रायः परिवार सहित इस आरती में उपस्थित होने की संभावना बताई जा रही है करण कि यहां के लिए हरिद्वार बनारस एवं प्रयाग की तरह प्रथम भव्य आयोजन होगा इस पुण्य के अवसर पर प्रत्येक लोग साक्षी बनेंगे चांपा सेवा संस्थान के पदाधिकारियों के द्वारा 26 फरवरी के दोपहर बाबा घाट में पहुंचकर इसका विधिवत निरीक्षण किया गया 27 फरवरी के शाम 4.00 बजे के पूर्व तक यह स्थान सज-धज कर अपना मूर्त रूप धारण कर लेगा इस संदर्भ में श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने बताया कि विगत 20 वर्षों से शिवरीनारायण के महानदी के संगम तट पर स्थित बाबा घाट में प्रतिदिन सांध्य कालीन बेला में प्रत्येक परिस्थितियों में गंगा आरती का कार्यक्रम निर्विघ्न रुप से संपन्न होते आ रहा है यह उसका अक्काईसवां वर्षगांठ होगा। इसका शुभारंभ नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने पूर्णिमा के दिन ही किया था उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# डीजल, पेट्रोल, गैस की महंगाई ने लोगों का बिगाड़ा बजट : खुशबू

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 25 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने भी केंद्र सरकार की डीजल, पेट्रोल, एलपीजी गैस की बढ़ती महंगाई को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया, इस प्रदर्शन में जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारी शामिल हुए तो वहीं प्रदेश कांग्रेस महिला छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के नेतृत्व में प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष खुशबू केडिया के सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर इस महंगाई को आम आदमी का बजट बिगाड़ने वाला तथा केंद्र की मोदी सरकार को महंगाई को नियंत्रित कर पाने में असफल बताया, इस दौरान




प्रदेश महिला कांग्रेस की पदाधिकारी खुशबू केडिया बढ़ती महंगाई को लेकर एक अनोखी वेशभूषा में प्रदर्शन करते हुए लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही, तथा खुशबू केडिया ने डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की महंगाई को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार को जमकर कोसा, इस अवसर पर श्रीमती खुशबू केडिया ने कहा कि जब से इस देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है आम आदमी का जीना दूभर हो गया है, मोदी की सरकार ने जहां देश की महंगाई को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है, तो वहीं आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है, एवं इस महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित महिलाएं हुई है, तथा महिलाओं को इस महंगाई के कारण अपने घर का बजट संभालने में एड़ी- चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, एवं केडिया ने कहा कि आज केंद्र की सरकार हर मोर्चे पर विफल है, तथा सरकार ने जहां कई महीनों से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर अभी तक किसानों के हित में कोई निर्णय नहीं लिया है, तथा यह कृषि कानून पूरे देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर देंगे, किंतु मोदी की सरकार को इन कानूनों से कोई लेना देना नहीं है,उल्टा यह सरकार किसानों के ऊपर बेवजह इन कानूनों को थोपना चाहती है, जो कि गलत है।

## पेज 1 के शेष...

### यह देश और प्रदेश अन्नदाताओं ...

नई उद्योग नीति लागू की, जिसके बाद 1249 उद्योगों की स्थापना हुई। इन उद्योगों में 16 हजार 986 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश हुआ। 22 हजार लोगों को रोजगार मिला है। इसी तरह मेगा औद्योगिक परियोजनाओं के लिए 104 एमओयू किए गए, जिससे 42 हजार 417 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश होगा। उन्होंने कहा कि हमें निवेश को आकर्षित करने के लिए कहीं नहीं जाना पड़ा। हमनें यहीं के उद्योगपतियों पर विश्वास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने 200 फूड पार्क स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें से 111 स्थानों पर फूड पार्क के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। सिंचाई से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अरपा-भैंसाझर एक वृहद परियोजना हो सकती थी, लेकिन उसे मध्यम बना दिया गया। बीते दो सालों में राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से वास्तविक सिंचाई 9 लाख 68 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 13 लाख हेक्टेयर हो गई है, जो अपने आप में कीर्तिमान है। उन्होंने कहा कि पिछ्ली सरकार ने 15 सालों के अपने कार्यकाल में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए 18 हजार 225 करोड़ रूपए खर्च किए। वास्तविक सिंचाई क्षमता में मात्र 16 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी हुई। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बोलते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है। हम बेहतर कानून व्यवस्था देने में सफल रहे हैं। प्रदेश में नक्सली घटनाएं कम हुई है। इससे 13 साल से बंद स्कूल फिर से खुले हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, मलेरिया उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल हुई है। लोगों का विश्वास शासन पर बढ़ा है। राज्य में कानून व्यवस्था है इसका प्रमाण यह है कि टाटा ट्रस्ट की ओर से जारी इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2020 में छत्तीसगढ़ की पुलिसिंग को देशभर में दूसरा स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र से हमें 14 हजार 73 करोड़ रूपए हमारे कार्यकाल की लेनी है, जो केन्द्रीय करों में छत्तीसगढ़ का हिस्सा है। वर्ष 2004 से लेकर अब तक कुल 15 हजार 154 करोड़ रूपए लेने हैं। भूपेश बघेल ने कहा केन्द्रीय करों में हिस्सा हमारा हक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में छत्तीसगढ़ में शिक्षा की व्यवस्था की तारीफ नीति आयोग और प्रधानमंत्री जी ने भी की। राज्य के विद्यार्थियों को हर तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु स्वामी आत्मानंद के नाम पर अंग्रेजी माध्यम के 52 स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी सरकार के कार्यकाल में रेत खदान का संचालन पंचायतों द्वारा किया जाता था। तब तरह-तरह की शिकायतें मिलती थी। आज हमनें उन्हें टेंडर के जरिए संचालन की व्यवस्था की है। केवल टेंडर से ही 25 करोड़ रूपए का राजस्व आ गए। खदानों के संचालन से जो आय होगी, उसका 25 प्रतिशत हिस्सा एड करके पंचायतों को उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमनें चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज का अधिग्रहण छात्रों के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया है। इस कॉलेज का संचालन निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता रहा है। ठीक ढंग से संचालन नहीं होने के कारण छात्रों के हित के लिए हमने अधिग्रहण किया। नगरनार इस्पात संयंत्र का विनिवेशीकरण नहीं होने देने का संकल्प भी इसी सदन में पारित किया गया है। हम बस्तर के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र को एनएमडीसी या सीएमडीसी जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां संचालित करें। एकतरफा विनिवेश नहीं होने देंगे। छत्तीसगढ़ सरकार इस स्टील प्लांट को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से पहले छत्तीसगढ़ में मात्र 151 वेंटीलेटर थे, जिसे बढ़ाकर हमनें 514 किया है। इसी तरह आईसीयू की संख्या 53 से बढ़ाकर 406, ऑक्सीजन बेड की संख्या अब बढ़ाकर 1668 कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के टीकाकरण मामले में केवल 3 करोड़ लोग ही भारत सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। 135 करोड़ लोगों को निःशुल्क टीके लगवाने की व्यवस्था करनी चाहिए। यदि केन्द्र सरकार ऐसा करने से इंकार करती है, तो अपने राज्य में हम अपने खर्च पर टीकाकरण करवाएंगे। उन्होंने कहा कि कोवैक्सीन का उपयोग 11 राज्यों में केवल एक प्रतिशत लोगों के लिए ही किया गया है। छत्तीसगढ़ ने भी निर्णय लिया है कि इसका उपयोग तीसरे ट्रायल के बाद ही किया जाएगा।

# कोरोना के नए स्ट्रेन से बचने को सचेत हुआ स्वास्थ्य विभाग

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन और संक्रमण की दर के बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सचेत हो गया है। कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर से रेलवे स्टेशन और दूसरे राज्यों की सीमा पर चिन्हित जगहों पर कोविड स्त्रक्रीनिंग एवं कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के लिए सेंटर खोले हैं। रेलवे स्टेशन पर महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा होती है इसलिए यहां पर स्वास्थ्य विभाग ने तीन शिफ्टों में टीम की ड्यूटी लगाई है। दूसरे राज्यों की जिले की लगती सीमाओं पर स्क्रीनिंग काउंटर खोलने की तैयारी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से वर्तमान समय में और अधिक सावधानी बरतने की अपील की है। मास्क लगाना और दो गज दूरी का पालन करना अभी भी जरूरी है। वहीं कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी के द्वारा कोराना संक्रमण रोकने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी को कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया कोरोना संक्रमण की टेस्टिंग को ब?ाया जाएगा, मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया है। दूसरे राज्यों से आने वाले यात्री ज्यादातर रेलवे स्टेशन पर ही होते हैं तो वहां स्क्रीनिंग सेंटर खोल दिया गया है। जो लोग फ्लाइट से आते हैं उनका डेटा हमें प्राप्त हो जाता है तो उसके आधार पर उनकी स्क्रीनिंग की जा रही है।

**नए स्ट्रेन से बचकर रहना है-सीएमएचओ केसरी-** सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने बताया कोरोना वायरस के नए म्यूटेड स्ट्रेन के लक्षण पुराने लक्षण जैसे बुखार, सूखी खांसी, गले में खराश, स्वाद और गंध का पता न चलना इत्यादि जैसे ही हैं।

## दिगम्बर जेन समाज का जत्था रवाना



**रायपुर।** दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायत सन्मतिनगर, फाफाडीह का एक जत्था शनिवार को पावापुर (झारखण्ड) हेतु रवाना हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए पंचायत के प्रचार सचिव विजय गोधा ने बताया कि आगामी चौमासे में आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज (ससंघ) के रायपुर में चौमासा करने हेतु विनती करने के लिए दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायत सन्मतिनगर, फाफाडीह के अध्यक्ष-अरविंद बडजात्या के साथ सुरेश पाटनी, मनीष गोधा, मनोज पान्डया, कन्नु बाकलीवाल, निकेश गोधा, प्रदीप पाटनी आदि जैनीयों के महातीर्थ झारखण्ड स्थित पावापुर जी रवाना हुए।

## ग्राहकों की मांग पर व्ही.आई.पी. सिटी में आवास मेला 7 मार्च तक, बुकिंग पर कैश डिस्काउंट

**रायपुर।** आरसीपी इन्फ्राटेक की ओर से सड्डू स्थित टाउनशिप व्ही.आई.पी. सिटी में 20 फरवरी से आवास मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राहकों की भारी मांग पर कंपनी द्वारा आवास मेले की अंतिम तिथि 7 मार्च की गई है। मेले में अब तक 300 से ज्यादा लोगों ने साईट विजिट की और इनमें से काफी ने बुकिंग कराई, मेले के दौरान प्लाट खरीदारों को कई नई विशेष सुविधाएं और ऑफर में डायरेक्ट कैश डिस्काउंट दिया जा रहा है। टाउनशिप में 1000 वर्गफीट, 1200 वर्गफीट और 1500 वर्गफीट साइज के प्लॉट्स जो की टाउनशिप की सबसे प्राइम लोकेशन पर स्थित है।

## कलेक्टर ने राइस मिलर्स की ली बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स, अनुज्ञप्तिधारी, थोक धान एवं अनाज विक्रेता व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें शासन के निर्देशानुसार धान की ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन के बारे में मिलर्स को जानकारी दी गई। बैठक में मिलर्स को क्रेता पंजीयन की अर्हता, प्रक्रिया व नीलामी की प्रमुख नियम व शर्तों के बारे में बताया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के धान उठाव हेतु मिलर्स को निर्देशित किया।

# सरायपाली में सिलिकोसिस संभावितों की हुई जांच

### औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग ने प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, मेडिकल बोर्ड ने प्राथमिक जांच के आधार पर कुछ लोगों में लक्षण की बात स्वीकारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार ब्लाक के सरायपाली गांव में सिलिकोसिस संभावितों की जांच के लिए स्वास्थ्य कैम्प लगवाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की जाँचें की गईं। गांव के 7 लोगों का सीटी स्कैन, एक्स रे होने के बाद अन्य तरह की जांच की गई है। जांच के पहले औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने कई लोगों का बयान लिया फिर उनकी जांच कराई गई। पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी संस्था जनचेतना ने इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को दी थी जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने वहां का दौरा किया। कुछ लोग लंबे समय से सिलिकोसिस से प्रभावित रहे हैं।

कई बार सर्वे हुआ और कई बार जांच भी हुई इसके बाद भी यहां इस बीमारी की समस्या बनी हुई है। विभाग के सहायक संचालक राहुल पटेल ने बताया साल 2015 में इस बीमारी को लेकर पहली बार शिकायत हुई थी। उस समय 12 से 15 संभावित लोगों का वहां कैंप लगाकर इलाज किया गया था और कई तरह की जांच भी की गई। उस समय 4 लोगों में सिलिकोसिस पॉजिटिव आया था। इनके लिए शासन से 3-3 लाख रुपये की मुआवजा राशि भी मुहैया कराई थी। अभी फिर से 7 लोगों की पूरी जांच की गई है इसमें सिटी स्कैन एक्स-रे, बलगम समेत अन्य जांच शामिल है। मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट की जांच करेगी इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. मनोज मिंज ने बताया कि जिन लोगों की जांच रिपोर्ट हमारे पास आई थी उसे औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक संचालक के पास भेज दी गई है। रिपोर्ट में कुछ लोगों में न्यूमोकोनिओसिस के लक्षण पाए तो गए है पर पॉजिटिव केस के कंफर्मेशन के लिए उच्च केंद्र से जांच के लिए अभिमत पेश किया गया है।

### 2015 में आया था पहला मामला

जनचेता से जुड़ी सविता रथ ने बताया कि सरायपाली वाले क्षेत्र में सिलिकोसिस बीमारी 2015 में पुष्टि हुई। नीदरलैंड के डॉक्टर मुरलीधरन जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़े थे उन्होंने इस क्षेत्र में कैंप लगाकर लोगों की जांच की और बीमारी की पुष्टि की तब जाकर सिलिकोसिस के मामले को जिले में दर्ज किया गया। हमारी संस्था लगातार इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लोगों समेत उद्योगों को बार-बार सचेत करते रही है।

# महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण के लिए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई मुंगेली के कार्यकर्ताओं द्वारा वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए एस. एन. जी. महाविद्यालय के समस्याओं के निराकरण के लिए प्राचार्य द्वारा कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्यतः महाविद्यालय से पूरक में पास हुए छात्रों के एडमिशन के लिए पर्याप्त सिटे नहीं होने के कारण एडमिशन से वंचित है तथा उनके अध्ययन कार्य के लिए महाविद्यालय द्वारा कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहा तथा कुलपति से ज्ञापन में माध्यम से प्रथम द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाने के लिए मांग किया गया है जिससे छात्र अपना अध्ययन कार्य कुशलता पूर्वक कर सके। साथ ही महाविद्यालय का जो जमीन है उनका सीमांकन होना चाहिए, छात्रों के लिए शौचालय का व्यवस्था नहीं है, महाविद्यालय में सीसीटीवी फुटेज पूरा बंद है उसे तुरंत चालू कराया जाए, महाविद्यालय में छात्रों को आई कार्ड क्यों दिया जा रहा है, जो प्रोफेसर हैं उनके द्वारा छात्रों का क्लास नहीं लिया जा रहा है जिससे छात्र के पढ़ाई में समस्या आ रही है, लगभग 5 वर्षों से जो एनुअल फंक्शन( वार्षिक उत्सव) का पैसा आ रहा है पर वह कहां आ जा रहा है, महाविद्यालय की कुछ वर्षों से मरमद ओर पेंट क्यों नहीं किया गया है, महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र का कॉशन मनी किसी भी छात्र को जो अब वह महाविद्यालय को अपना पढ़ाई संपन्न करता है तो किसी भी छात्र को कॉशन मनी क्यों नहीं दिया जा रहा है।

महाविद्यालय छात्रों छात्र निकल गए हैं उनका डिग्री या यूनिवर्सिटी द्वारा मिलता है वह डिग्री दीमक लग गया है विद्यार्थियों को क्यों नहीं दिया जा रहा है।

## रामचरितमानस के पात्रों की प्रासंगिकता विषय पर वेबिनार आयोजित

**मुंगेली।** जीवन में जो बिखरा नहीं, वही निखरा है। विपरीत परिस्थितियों से जो डिगे नहीं, वह पीछे कभी दिखे नहीं। श्रीरामचंद्र जी संघर्ष की आग में तपकर कुंदन-सा व्यक्ति त्व पाया। मानवीयता की सोंधी खुशबू हैं श्रीराम। उनकी जीवन-गाथा के हर सोपान पर सीख मिलती है। 'विशेष वक्त ा' के रूप में ये उक्ति यां 'डॉ.चन्द्रशेखर सिंह' विभागाध्यक्ष हिन्दी ने 'अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य प्रवाह फिलाडेल्फिया- अमेरिका ' द्वारा 'वर्तमान समाज के संदर्भ में रामचरितमानस के पात्रों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में कहीं। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष 'डॉ.मीरा सिंह (अमेरिका)' ने वेबिनार का कुशल संचालन करते हुए कहा कि- इस वेबिनार का उद्देश्य मानवीय मूल्यों पर चिंतन और टूट रहे पारिवारिक व सामाजिक संबंधों में प्रेम का प्रकाश लाना है।

# योग महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य का साधन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शैक्षणिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन एवं नक्षत्र स्कूल किड्स अकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं के लिए निःशुल्क योग शिविर का आयोजन 25 से 1 मार्च तक नक्षत्र स्कूल में शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश शाह, संस्थापक छत्रपती शिवाजी स्कूल उपस्थित रहे साथ ही सीईएससीओ के अक्ष्यक्ष संतोष दुबे, सचिव डॉ. अरूण कुमार दुबे एवं कोषाध्यक्ष डॉ. दिव्या पांडे उपस्थित थे। शिविर की प्रशिक्षक डॉ. आशु गोयल है। डॉ. आशु गोयल ने सर्वप्रथम योग के अर्थ को समझाते हुए बताया की योग का तात्पर्य मनुष्य की आत्मा, शरीर, बुद्धि का एकाकीकरण एवं योग के द्वारा मनुष्य की आंतरिक एवं बाह्य प्रकृति से सह-संबंध स्थापित होता है। जो स्वास्थ्य एवं सुन्दर जीवन का निर्माण करता है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही मुख्यालय पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़)**

**//ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 05 (प्रथम बार)//**

क्रमांक 1004/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2020-21 पेण्ड्रा, दिनांक 25/02/2021

कार्यालयीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक क्र.05 (प्रथम बार) पत्र क्र. 983/दिनांक 19.02.2021 प्रकाशन क्र. G-87248/1 दिनांक 24.02.2021 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही
मुख्या. पेण्ड्रा
जिला- गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G-87360/5

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि DEEPAK KUMAR S/o Dwarika Prasad, 294, Ganesh Chowk, Ward-12, Near Ram Mandir, Jamul, Durg (C.G.) यह शपथ करता हूं। कि मैने अपना पुराने नाम को त्याग कर नया नाम DEEPAK CHOUBEY S/o Dwarika Prasad रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DEEPAK CHOUBEY के नाम से जाना व पहचाना जावें।

DEEPAK CHOUBEY
294, Ganesh Chowk,
Ward-12, Near Ram
Mandir, Jamul, Durg (C.G.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**-: ईश्तहार :-**

क्रमांक क / वा /नजूल/ 2021/ 135
मुंगेली, दिनांक 26.02.2021

छ.ग. शासन ...आवेदक
बनाम
**मो. इकबाल पिता अब्दुल करीम वगै.**
निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली (छ.ग.) ... **अनावेदक**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में अनावेदक मो. ईकबाल पिता अब्दुल करीम वगैरह, निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली तहसील व जिल मुंगेली द्वारा मोहल् ला पड़ावपारा मुंगेली स्थित नजूल सरकार के नाम पर शासकीय अभिलेखों में दर्ज शासकीय नजूल भूमि शीट नंबर 28 डी. प्लाट नंबर 157, क्षेत्रफल 2974 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 1239 वर्गमीटर शासकीय नजूल भूमि पर अतिक्रमण करते हुए व्यवसायिक / आवासीय उपयोग कर रहा है। उपरोक्त भूमि को शासन के योजना के अनुसार अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थपन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26.10.2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12.03.2021 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 26.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक क / वा /नजूल/ 2021/ 138
मुंगेली, दिनांक 23.02.2021

**श्रीकांत स्वर्णकार पिता स्व. श्री तुलसीराम स्वर्णकार एवं अन्य निवासी सोनारपारा, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)** ...आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन ... **अनावेदक**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्रीकांत स्वर्णकार पिता स्व. श्री तुलसीराम स्वर्णकार एवं अन्य निवासी सोनारपारा तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38 डी, प्लाट नंबर 59/2, क्षेत्रफल 278.97 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड आवेदकगणों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 18.03.2021 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 23.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

रा.प्र.क्रं. 202011113700026/अ-6/2020-21
रायपुर, दिनांक 11.02.2021

**श्री नेमीचंद जैन पिता सूरजभाई जैन निवासी - चौबे कालोनी, रायपुर (छ.ग.)** ...आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन ... **अनावेदक**

इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय कुमार गोल्छा पिता स्व. श्री जसराज जी गोल्छा निवासी रामसागर पारा, रायपुर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक के-7, खसरा नंबर - 495/2 का भाग, रकबा 1685 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 30.05.2008 को आपसे क्रय किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार हैं। दस्तावेजों में दिए पते पर आपको नोटिस जारी की गई किन्तु पता नहीं मिलने से नोटिस बिना तामील वापस प्राप्त हुआ है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 08/03/2021 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कॉलोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना में से भवन/भूखण्ड के **एल.आई.जी.-29/340** में **श्री राघव प्रसाद मिश्रा पिता स्व. श्री सरयु प्रसाद मिश्रा** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक **06.07.2006** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

मूल आबंटी **श्री राघव प्रसाद मिश्रा** की मृत्यु दिनांक **30.07.2020** एवं उनकी पत्नी श्रीमती आशा मिश्रा की मृत्यु दिनांक **25.10.2003** को हो जाने के कारण (वारिस पुत्री) **कुमारी अस्मिता मिश्रा पिता स्व. श्री राघव प्रसाद मिश्रा** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **कुमारी अस्मिता मिश्रा पिता स्व. श्री राघव प्रसाद मिश्रा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 443, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ 96/1 बूढ़ापारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती लक्ष्मीबाई बेवा राममकुमार गंगले** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती संजना शर्मा पति गिरिश शर्मा पिता स्व. श्री रामकुमार गंगले** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 445, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/358 पुरानी बस्ती** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती शैलकुमारी जौहरी मौजे स्व सत्यनारायण एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती बीना सोनी पति श्री राकेश सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 245
वार्ड का नाम- पं. जवाहर लाल नेहरू

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. जवाहर लाल नेहरू** वार्ड स्थित भवन/भूमि **APNO-408 E अविनाश आशियाना** जो कि निगम अभिलेख में **श्री महेश सोलंकी पिता रतनलाल सोलंकी** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती धीरज कुमार श्रीवास्तव s/o जयप्रकाश श्रीवास्तव** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 444, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ पुरानी बस्ती थाना के पास** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती शैलकुमारी जौहरी मौजे स्व. सत्यनारायण एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती यशवंत जौहरी स्व. श्री सत्यनारायण जौहरी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 446, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/389/11 से 14 बूढ़ापारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सरिता कोठारी पति प्रभात कोठारी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री डॉ. प्रभात कोठारी पिता स्व. मांगीलाल कोठारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मौ. अब्दुल रऊफ
वार्ड क्र. 28, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 909/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -670/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - द रायपुर मशीनरी मर्चेन्ट एसोसियेशन अध्यक्ष- हरीश खन्ना, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- 1. भारत शर्मा S/o सूरज शर्मा 2. उत्तम शर्मा S/o सूरज शर्मा.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - छत्रपति शिवाजी
वार्ड क्र. 15, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 905/ 25.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -77/15, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सूरज लाल भारती S/o समारू भारती, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- नागेश्वर दास S/o सूरज लाल भारती.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 904/ 25.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -936/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सनत कुमार महोबे S/o राम जी लाल महोबे, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- निर्मला देवी W/o भरत भूषण साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मां कर्मा माता वार्ड
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 903/ 25.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -290/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - कन्हैया लाल साहू S/o झाड़ू राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- हितेश कुमार S/o कन्हैया लाल साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मां कर्मा माता वार्ड
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 902/ 25.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -271/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - कन्हैया लाल साहू S/o झाड़ू राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- हितेश कुमार S/o कन्हैया लाल साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - शहीद कौशल यादव
वार्ड क्र. 06, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 914/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -238/06, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राजकुमार टंडन S/o स्व. सुभऊ टंडन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- पुरूषोत्तम देवांगन S/o भगत राम देवांगन.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 913/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -1361/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बलराम साहू S/o स्व. बेनीराम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- प्रकाश पटेल S/o स्व. चेतन पटेल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - गुरू घासीदास वार्ड
वार्ड क्र. 01, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 912/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -278/01, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राजाराम देवांगन S/o धरमचंद देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- गयाराम साहू S/o छेदीलाल साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मां बंजारी धाम
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 911/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -505/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - संजय कुशवाहा S/o रामप्रसाद कुशवाहा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- नंदलाल वर्मा S/o हरिराम वर्मा.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.03.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 910/ 26.02.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** -1600/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - रामप्रकाश सैनी S/o पुरनचंद सैनी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- मसूद अहमद खान S/o स्व. रशीद खान.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

# संक्रमण को निमंत्रण - कपड़े की सेल में कोविड प्रोटोकॉल तार-तार, प्रशासन-निगम से भी नहीं ली किसी तरह की अनुमति

## बाहरी राज्यों से आए लोगों की कोविड जांच भी नहीं, रोजाना सैकड़ों की भीड़ के बाद हालात बिगड़ सकते हैं

■ न ही निगम में कर पटाया न अनुमति ली, जिम्मेदारों न यहां झांकने तक की जहमत नहीं उठाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोविड के दूसरे चरण को लेकर बरती जा रही एहतियात के बीच दूसरे राज्यों से आए लोग बड़े स्तर पर शहर में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। कोविड के लिहाज से यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है। रेलवे स्टेशन के पास मौजूद महाजन वाड़ी में कपड़ों की सेल लगाई गई है। किन्हीं लखन सोलंकी इस सेल के कर्ताधर्ता हैं। बड़ी बात ये कि इस सेल के लिए न ही निगम से और न ही जिला कार्यालय से किसी तरह की अनुमति ली गई है। व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए किसी तरह का कर भी नहीं चुकाया गया है।

भवन के भीतर लगी इस सेल में सैकड़ों लोगों की आवाजाही हो रही है। लेकिन यहां के कर्मचारी और लोग दोनों ही कोविड नियमों का पालन करते नहीं दिखते। न ही भवन के भीतर कोविड से बचाव के पर्याप्त उपाय ही किए गए हैं। बाहरी राज्यों से आए लोग यहां सेल संभाल रहे हैं। उनकी थर्मल स्कैनिंग सहित अन्य जांच हुई है या नहीं इसकी भी कोई पुष्टि नहीं हो सकी है।






### जिम्मेदारों को सुध ही नहीं

जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार भी कोविड काल में ऐसी गतिविधियों को लेकर ज़रा भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। गुरुवार को ही कलेक्टर ने शहर के विभिन्न वार्डों की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी है। कोविड काल में किसी भी तरह की ऐसी गतिविधि जिससे संक्रमण फैलने की आशंका हो उसकी रिपोर्ट जिम्मेदारों को आगे भेजनी है। महाजन वाड़ी वार्ड क्रमांक 14 में है। यहां की जिम्मेदारी जिला समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन भूपेन्द्र साहू के दी गई है। आश्चर्यजनक रुप से उन्होंने इस संक्रमण फैलने की आशंका वाली इस व्यवसायिक गतिविधि और बाहर से आए लोगों के संदर्भ में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है।

जीबी ब्रांडेड कॉटन बाजार कपड़े की सेल के कर्ताधर्ता लखन सोलंकी इससे उलट ही जवाब देते हैं। पायनियर ने उनसे चर्चा की तो उन्होंने अपने पास सभी तरह की अनुमति होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमने नगर निगम से अनुमति ली है। हालांकि यहां कोविड को लेकर बचाव उपायों के बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। पायनियर की टीम ने जब सेल का मुआयना किया तो यहां सैनेटाईज़र सहित किसी भी तरह की कोरोना से बचाव के उपाय, संसाधन नज़र नहीं आए।

### कोविड काल में निगम की लापरवाही

शहर के भीतर महिने-दो महिने के भीतर कपड़ों की सेल लगाई जाती है। अक्सर यह सेल महाजनवाड़ी में ही लगती आई है। इस व्यवसायिक गतिविधियों के लिए कभी भी निगम से अनुमति नहीं ली गई और न ही किसी तरह का कर चुकाया जाता है। नियमों के विपरित संचालित होने वाली इन व्यवसायिक गतिविधियों पर निगम किसी तरह की सख्ती नहीं करता। जबकि स्थानीय कारोबारियों के लिए कई नियम कायदे लागू होते हैं। जानकारी यह भी निकल कर सामने आती है कि निगम प्रशासन के कुछ बाशिंदे ऐसी सेल से अपनी जेबें गर्म करते आए हैं। दूसरी ओर यहां कोविड से बचाव के उपायों को लेकर भी कोई मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है और न ही जिम्मेदार यहां निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं।

### न क्वारंटीन और न ही कोविड की जांच कराई



इसके इतर यह मसला इसलिए भी गंभीर है कि राज्य शासन ने कोविड 19 के दोबारा बढ़ते संक्रमण को देखते हुए बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों को लेकर कुछ बंदिशे लागू की हैं। बताया जा रहा है कि सेल में काम करने वाले महाराष्ट्र राज्य से आएं हैं जो कि कोविड के लिहाज से अब भी रेड जोन में है। ऐसे में इन्हें क्वारंटीन किए जाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। क्वारंटीन न भी सही तो इन कर्मचारियों को कोविड टेस्ट बहुत आवश्यक हो जाता है। सेल में सैकड़ों लोगों की रोजाना आवाजाही होगी। सोशल डिस्टेंसिंग तो दूर की बात यहां सैनेटाईज़र तक की व्यवस्था नहीं है। ये सीधे तौर पर संक्रमण को निमंत्रण के समान है।

### कलेक्टर के आदेश की अवहेलना

बीते 24 फरवरी को कलेक्टर ने कोविड 19 के फैलते संक्रमण को देखते हुए समीक्षा बैठक के बाद कई निर्णय लिए थे। इस दौरान उन्होंने दुकानों तथा बाजारों में अधिक भीड़ की स्थिति होती है और मास्क नहीं लगाया जा रहा है। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन दुकानदारों द्वारा कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है उन पर चालानी कार्रवाई करने की बात कही थी। इसके अलावा उन्होंने शादी, रैली, सांस्कृतिक आयोजन या अन्य कार्यक्रमों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य किया है। कार्यक्रमों में अधिक भीड़ होने पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश एसडीएम को दिए गए हैं। बावजूद इसके महाजनवाड़ी में लगी कपड़ों की सेल को लेकर ऐसी कोई सख्ती नहीं बरती जा रही है।

### कहा ये गलत है, पर कार्रवाई नहीं हुई

इस संदर्भ में पॉयनियर ने आयुक्त चंद्रकांत कौशिक से चर्चा की। निगम की अनुमति और कोविड प्रोटोकॉल से जुड़े सवालों के मसले पर उन्होंने इस कपड़े की सेल को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने इसे गलत भी बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की व्यवसायिक गतिविधियों के लिए निगम की अनुमति तो जरुरी है ही इसके अलावा बाहरी राज्यों से लोगों का आना और इस तरह यहां भीड़ का उमड़ना भी चिंता का विषय है.. ये गलत है। उन्होंने कहा कि मैं इसे दिखवाता हूं। आयुक्त द्वारा ही चिंता जाहिर किए जाने के बाद भी देर शाम तक कपड़े की सेल में निगम अमले से किसी ने दस्तक नहीं दी और न ही यहां का निरीक्षण करना ही जरुरी समझा।

स्थानीय दुकानदारों के चालान काटे जा रहे हैं। कोविड प्रोटोकॉल को लेकर एहतियात बरतने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस बीच बाहर से आने वाले और यहां सेल जैसी व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों के लिए किसी तरह के नियम लागू नहीं है। यह प्रशासनिक कार्रवाई का पक्षपात तो दर्शाता ही है बल्कि उनकी लापरवाह कार्यशैली भी सामने आ रही है। कोविड का दूसरा चरण सामने है। इस बीच बाहर से आने वालों के नहीं कोविड टेस्ट हुए हैं और न ही सेल में पर्याप्त बचाव उपाय अपनाएं जा रहे हैं। इससे लोगों को खतरा भी हो सकता है।

**-किशुन यदु,** नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण काफी तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना है। उन्होंने कहा कि कोरोना का नया रूप और भी खतरनाक है। इससे बचने के लिए कोविड-19 प्रोटोकॉल पालन करना, मास्क लगाना, सोशल डिस्टेसिंग और समय-समय पर हाथों को सेनेटाईज करते रहे।

**-डॉ. मिथलेश चौधरी,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# स्टेट हाइवे में मार्केट एरिये के अतिक्रमण पर रडार अफसरों व व्यापारियों के मध्य हुई तीखी तकरार

## एसडीएम व सीएमओ की जुगलबंदी से कार्रवाई





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में लम्बे अरसे के बाद मुख्यमार्ग में यातायात दुरुस्त करने कवायद की जा रही है। स्टेट हाइवे में स्थित नगर के दोनों छोर में व्यापारियों को सप्ताहभर पुर्व निकाय की ओर से अल्टीमेटम के बाद मियाद खत्म होते ही डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम के अगुवाई में प्रशासन ने मेनरोड किनारे प्रतिष्ठानों के शेड हटाने मुहीम छेड़ दी है। इस दरम्यान एक भाजपानेता के काम्प्लेक्स के सामने अफसरों व व्यापारी बन्धुओं के मध्य जमकर विवाद के बाद तीखी तकरार हो गई। उल्लेखनीय है कि नगर के मेनरोड मार्केट एरिया में यातायात तंगहाल हो गया है। व्यवसायियों को अल्टीमेटम बाद भी सामान नही हटाए जाने से एसडीएम के अगुवाई में निकाय के राजस्व अमले ने मेनरोड में ताबड़तोड़ कार्रवाई की मुहीम छेड़ दी है। रेस्टहॉउस सामने से प्रारंभ कर एक पूर्वी दिशा के छोर को टारगेट किया गया है। दूसरे दिन पश्चिमी छोर को टारगेट करने की बात अफसरों ने कही है। अभियान में नगर पंचायत के अमले गिरीश साहू व टामन पटेल सहित पुलिस बल शामिल थे।

### बस स्टैंड में भी दिखाई सख्ती

नगर के पुराने बस स्टैंड परिसर में प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम हितेश पिस्दा ने सीएमओ आरबी तिवारी के साथ जुगलबंदी के साथ बस स्टैंड व्यावसायिक परिसर में भी कार्रवाई की। कुछ प्रतिष्ठानों के सामान व बोर्ड भी हटाये। कुछ व्यापारियों को सामान हटा लेने हिदायत दी है।

### भाजपा नेता के परिसर में तकरार

नगर में भाजपानेता व पूर्व नपं उपाध्यक्ष के मेनरोड स्थित परिसर में एसडीएम ने अपनी शक्ति प्रदर्शन करते हुए सामान जब्ती की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से व्यापारी बंधुओं की एसडीएम व सीएमओ से जमकर विवाद हो गया। गालीगलौज की बात पर एसडीएम भड़क उठे थे। व्यापारियों को ताकीद देकर गए हैं। व्यापारी अपने सामान जब्त करने से नाखुश नजर आये।

# दुर्ग को 4-1 से पीटा, हॉकी राजनांदगांव ने महापौर कप का खिताब जीता

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दुर्ग में आयोजित महापौर कप रात्रिकालीन नए साइड राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का खिताब राजनांदगांव ने दुर्ग को 4-1 से पराजित कर अपने नाम किया। राजनांदगांव के युवा खिलाड़ियों ने मैच के हर मिनट में कलात्मक हॉकी का प्रदर्शन किया और दर्शको का दिल जीता। हाफ टाइम तक नांदगांव 2-1 की बढ़त पर थी। मैच के दूसरे हाफ में भी हॉकी नर्सरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम समय मे 4-1 की सम्मानजनक बढ़त से मैच अपने नाम किया। इस अवसर पर विजेता टीम को शानदार आकर्षक ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। नांदगांव की ओर से शकिल अहमद, सुखदेव निर्मलकर, कार्तिक यादव, तथा खुशाल यादव ने गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। टीम के कार्तिक यादव प्रतियोगिता के उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित हुए। साथ ही खेमराज को बेस्ट गोलकीपर और अर्जुन यादव को बेस्ट फारवर्ड का पुरस्कार दिया गया। टीम के शकील अहमद, सुखदेव निर्मलकर, तौफीक अहमद, खुशाल यादव, मनीष यादव, लव यादव, सोनू निषाद ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के मैनेजर शब्बीर सोलंकी और कोच आशीष सिन्हा थे। प्रतियोगिता में शुरू से ही नांदगांव ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए रायगढ, भिलाई, बिलासपुर को पराजीत कर फायनल में प्रवेश किया था। इस अवसर पर अतिथि के रूप में हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी आदि उपस्थित थे।

### आज साल्हेटोला में संकुल स्तरीय सुपर स्मार्ट शाला लोकार्पण समारोह

**छुरिया।** संकुल छुरिया के अन्तर्गत संकुल स्तरीय सुपर स्मार्ट शाला का लोकार्पण कार्यक्रम 27 फरवरी, शनिवार को सुबह 11 बजे ग्राम साल्हेटोला में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि विधायक छन्नी चन्दू साहू होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती हेमलता रोहित महानदिया सरपंच साल्हेटोला, रितेश जैन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया, प्रकाश शर्मा सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमती मीना कुंजाम जनपद सदस्य छुरिया, धर्मेन्द्र साहू अध्यक्ष सरपंच संघ छुरिया करेंगे। इस कार्यक्रम में लालजी द्विवेदी वि. खं. शिक्षा अधिकारी छुरिया, संतोष पाण्डेय वि. खं. स्त्रोत समन्वयक छुरिया, भावना यदु सहा. वि. खं. शिक्षा अधिकारी छुरिया, अनिल ठाकुर वि. खं. शिक्षा अधिकारी छुरिया, एच. के. खिलारी प्राचार्य शास. उ. मा. शाला छुरिया, मेवाराम पंचारे प्राचार्य शास. उ. मा. शाला साल्हेटोला, कामता प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत घोघरे, श्रीमती बिन्देश्वरी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोईरडीह, संतोष कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत लाममेटा, ब्रम्हानंद खोब्रागड़े सरपंच ग्राम पंचायत घुपसाल, हौसीलाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत धरमुटोला, खिलेश्वर साहू पूर्व सरंपंच साल्हेटोला, पूर्णिमा साहू पूर्व सरपंच साल्हेटोला, अनूप राम चंद्रवंशी उपसरपंच, भीखम देवांगन समाजसेवी, दुलचंद साहू समाजसेवी, ऋषि हिरवानी समाजसेवी, परदेशीराम चन्द्रवंशी समाजसेवी, वासुदेव विश्वकर्मा समाजसेवी, बंशीलाल यादव समाजसेवी, गजेन्द्र पाल समाजसेवी, गिरधारी निर्मलकर समाजसेवी, अगनूराम चन्द्रवंशी समाजसेवी उपस्थित रहेंगे।

## 120 युवाओं ने कराया था पंजीयन, साल्हे में रक्तदान शिविर का समापन

# पुरुषों सहित दो महिलाओं ने किया रक्तदान, 100 यूनिट ब्लड जिला अस्पताल भेजा गया

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

कलयुगी युग मे कौन किसका होता है लेकिन आज भी मानवता जिंदा है। शिक्षित व सभ्य समाज में लोग अपने लिये ही नही बल्कि दूसरों की भलाई के लिये भी सोचते हैं और रक्तदान जैसे पुनीत कार्य मे सहयोग कर पीड़ित लोगों की जान बचा कर मानवता का संदेश देते है। ऐसे ही युवाओं ने रक्तदान शिविर आयोजित कर जागरूक करने का बीड़ा उठाया है।

डोंगरगांव, छुरिया, कुमर्दा, कौड़ीकसा, जोशी लमती के युवाओ के द्वारा लगातार रक्तदान के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 25 फरवरी को ग्राम साल्हे लक्ष्मीनगर में युवा रक्तवीर समूह के गुलशन पटेल के संयोजन राम पटेल के मार्गदर्शन व प्रथम शिक्षक रक्तदान समहू ज्ञानचन्द साहू के कुशल निर्देशन में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम के प्राथमिक शाला भवन में सम्पन्न हुआ।



शिविर में 120 युवाओ का पंजीयन पूर्ण कर 100 यूनिट ब्लड जिला अस्पताल राजनांदगांव काउंसलर जगदीश सोनी को सुपुर्द किया गया। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिये महीने भर से तैयारियां शुरू की गई थी। जिसके फलस्वरूप दानदाताओ की भीड़ लगी रही। माहौल को खुशनुमा बनाने के लिये स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे आयोजन के समाप्ति तक सम्पन्न होते रहा। सभी दानदाताओ को बीमा अभिकर्ता मुनेश्वर यादव के दुवारा मेडल व समूह की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्रामीण अंचल में पहली बार रक्तदान जैसे शिविर आयोजित होने से पूरे गांव में जोश व उल्लास का वातावरण निर्मित था जिसके कारण 99 पुरुष व 2 महिलाओं ने रक्तदान किया।

गौरतलब है कि ग्राम के इस शिविर में छत्तीसगढ़ अंचल के ब्लड डोनेट ग्रुप के सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा जिसे मोमेंटो भेट का सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान नागरिकों - जनप्रतिनिधियों जिनमें जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर, प्रियंक जैन, लीलेश पटेल, अतुल सोनी, गिरजा शंकर उइके, अभिषेक जैन, देव पन्द्रों, बली राम साहू, गिरधारी पटेल, मूलचंद पटेल, होतप्रकाश साहू, चिंतामणि, चम्पा बाई समेत अस्पताल के स्टॉफ है सहयोग सराहनीय रहा।

# सरपंच ने किया तालाब गहरीकरण का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बम्हनी चारभांठा में मनरेगा के तहत लोगों को रोजगार देने के साथ ही गांव में निस्तारी के सुविधाओं में विस्तार के लिए ग्राम पंचायत बम्हनी चारभांठा के प्रतिबद्ध सरपंच धर्मेंद्र साहू ने तालाब गहरीकरण का भूमिपूजन कर खुद भी काम किया। ग्राम के विकास कार्यो अब तक के तेजी से कार्य कर रहे वर्तमान सरपंच की कार्यप्रणाली से ग्रामीण अत्यंत प्रसन्न है। धर्मेंद्र साहू ने बताया कि तालाब गहरीकरण में ग्रामीणों को रोजगार के साथ निस्तार की समस्यायों से भी निजात मिलेगी। ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों में ये एक और



नया आयाम है जो आम जनमानस को रोजगार मूलक योजनाओं से लाभान्वित करते हुए शासन प्रशासन के बीच लोगों को जोड़ती है।

## क्विक न्यूज

### मुख्य डाकघर को अम्बेडकर वार्ड शिक्षक नगर के नये भवन में शिफ्ट किया



**मुंगेली।** पुराना बस स्टैण्ड परशुरामजी चौक स्थित डाकघर को अम्बेडकर वार्ड शिक्षक नगर में जैन मेडिकल एजेंसी के पास नये भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। डाक अधीक्षक बिलासपुर संभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 27 फरवरी को मुंगेली मुख्य डाकघर पिन कोड 495334 को अम्बेडकर वार्ड शिक्षक नगर में नये भवन में शिफ्ट किया जा रहा है अतः 27 फ रवरी शनिवार को मुख्य डाकघर मुंगेली जन सामान्य के लिए बंद रहेगी,किसी भी प्रकार कार्य नहीं होगा। शिक्षक नगर के नये भवन में 1 मार्च को मुख्य डाकघर का कार्य प्रारंभ होगा, जिसमें उक्त तिथि को बचत बैंक से संबंधित लेन देन नहीं होंगे। केवल रजिस्ट्री,स्पीड पोस्ट पत्रों की बुकिंग का कार्य किया जावेगा। इसके पश्चात 2 मार्च से मुख्य डाकघर से संबंधित सभी कार्य नियमित रूप से होंगे।

# तालाब पाटकर बनाया जा रहा अवैध कॉम्प्लेक्स

- सुप्रीम कोर्ट, भूमि विकास नियम के नियम-कानून-निर्देशों की अनदेखी कर रहे अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली शहर में मल्हापारा शंकर मंदिर के आगे रवि गैस एजेंसी के सामने शंकर वार्ड तालाब पर अवैध रूप से एक विशालकाय व्यवसायिक काम्पलेक्स बनाया जा रहा है नगर पालिका से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मिली कि उक्त काम्पलेक्स का अनुमति नही लिया गया था और बिना अनुमति के ही तालाब पर विशालकाय काम्पलेक्स का अवैध निर्माण किया जा रहा है, शिकायत करने एवं समाचारों में यह समाचार प्रकाशित होते ही नगर पालिका द्वारा नोटिस संबंधी कार्यवाही की गई। यह अवैध काम्पलेक्स जिसका निर्माण किया जा रहा था नगर पालिका द्वारा रोक लगा दिया गया, तालाब के कुछ हिस्से को पाट कर एवं अतिक्रमण कर इस काम्पलेक्स का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। मल्हापारा शंकर मंदिर के इस तालाब के मेड़ एवं रास्ते को काटकर बेच दी गई है जिसमें वर्तमान में कई दुकानें एवं मकान बने हुये है, इस पर कोई कार्यवाही नहीं होने की वजह से काम्पलेक्स बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है, साथ ही तालाब के चारों ओर मेड़धास्ता को पाट कर बेचने की तैयारी जोरों पर है जिसकी सूक्ष्म जांच की आवश्यकता है। तालाब पास अवैध काम्पलेक्स निर्माण के संबंध में पूर्व भी इस मामले को लेकर अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता स्वतंत्र तिवारी ने कलेक्टर सहित सम्बंधित अधिकारियों के पास लिखित शिकायत की थी, जिस पर फ़िलहाल रोक तो लग गया हैं परंतु प्राप्त ताजा जानकारी के अनुसार उक्त काम्प्लेक्स की अनापत्तिध्अनुमति नगर पालिका ने दे दी हैं, जिसके बाद पुनः स्वतंत्र तिवारी के द्वारा कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को लिखित शिकायत कर नियमों-शर्तो से अवगत कराते हुए कहा गया कि तालाब के पास इस काम्प्लेक्स निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। ''छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 50 (ख) में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि स्थल उच्चतम जल चिन्हों से 9 मीटर की दूरी के भीतर हो और यदि आसपास में कोई बड़ा जल प्रवाह हो, तो उससे भूखंड की दूरी औसत उच्च बाढ़ चिन्ह से 9 मीटर या जल प्रवाह की निश्चित सीमा से 15 मीटर होगी, ऐसे में भूमि के किसी हिस्से का उपयोग भवन निर्माण के लिये स्थल के रूप में नही किया जायेगा।'' उच्चतम न्यायालय ने भी सन् 2001 को पारित ओदश में कहा था कि जंगल, तालाब, पोखर, पठार तथा पहाड़ आदि को समाज के लिये बहुमूल्य मानते हुये इनके अनुरक्षण को पर्यावरणीय संतुलन हेतु जरूरी बताया है।

### काम्प्लेक्स को नहीं दी जा सकती अनुमति

छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र मांक 11930/9015/2019/18 27 दिस2019 जारी कर प्रदेश के समस्त आयुक्त नगर पालिक निगम छग एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत छग को निर्देश देते हुये स्पष्ट कहा कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली के आदेश 10.मई.2019 के परिपालन में राज्य के सभी तालाबध्जल स्त्रोंतो का पुनर्नरूद्धार किया जाना है अतः निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित किसी भी तालाब या जल स्त्रोत पर व्यवसायिक या अन्य किसी प्रयोजन हेतु अनापत्ति/अनुमति किसी भी परिस्थिति में प्रदान नही किया जावे। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया, साथ ही समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़ की ओर माननीय छळज् के आदेश के संदर्भ में पालनार्थ हेतु उन्हें प्रतिलिपि प्रेषित किया गया। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय द्वारा जारी इस निर्देश के अनुसार तालाब पर किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति या अनापत्ति नहीं दी जा सकती, अगर उसके बाद भी नगर पालिका द्वारा तालाब पर काम्प्लेक्स निर्माण की अनापत्ति या अनुमति दी गई हैं तो उसे तत्काल निरस्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

## सागौन चिरान का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया वैगन आर



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर के कुशल मार्गदर्शन में वनों की सुरक्षा के लिए सतत कारगर उपाय एवं रात्रि गश्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में रात्रि लगभग 10.00 बजे बेलगहना परिक्षेत्र के करहीकछार के पास घेराबंदी कर एक वाहन वैगन आर सी.जी 10 बीसी 3889 को सागौन चिरान का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। घेराबंदी के दौरान आरोपी वाहन छोड़कर भाग रहे थे उसमें से एक आरोपी को पकड़ लिया गया लेकिन उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। इस कार्यवाही में परमेश्वर पटेल पिता स्व. अमरनाथ पटेल, उम्र 30 वर्ष , निवासी करहीकछार, थाना कोटा को वाहन वेगन आर सी.जी .10 वीसी 3889 के साथ सागौन चिरान 27 नग = 0.239 घ.मी. के साथ जप्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33. छ.ग. काष्ठ चिरान ( विनियमन ) अधिनियम 1984 एवं छ.ग. वनोपज ( व्यापार विनियमन ) अधिनियम 1969 के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है । इस कार्यवाही में विजय कुमार साह , परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना , मो . शमीम, परिक्षेत्र सहायक बेलगहना, पंकज साह, परिसर रक्षक, थेलगहना, मूलेश जोशी, व.र. जय श्रीवास, व.र. शक्ति यादव, व.र. एवं अन्य स्टॉफ शामिल थे । जप्त वनोपज का मूल्य वाहन सहित लगभग एक लाख रूपये आंकी गयी है।

# पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर

- रिकॉर्ड बनाने के लिए मोदी जी को कांग्रेसजनों ने खिलाई मिठाई
- कन्हैया अग्रवाल और गिरीश दुबे के नेतृत्व में हुआ अनूठा प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण के छाया विधायक प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल और शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में 25 फरवरी को कांग्रेसजनों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की रिकॉर्ड तोड़ बढ़ती कीमतों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को जिम्मेदार बताते हुए जमकर नारेबाजी कर प्रधानमंत्री को कमरतोड़ महंगाई का रिकॉर्ड बनाने के लिए मिठाई खिलाई,रायपुर दक्षिण विधानसभा कार्यालय प्रभारी नागेन्द्र वोरा ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों के कच्चे तेल की कीमतों में भारी कमी के बावजूद भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्योगपति मित्रों (रिलायंस पेट्रो) के फायदे के लिए पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बेतहाशा ब?ती कीमत का दुष्परिणाम हर वस्तु की महंगाई के रूप में सामने आया । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल-गैस की कीमतों में जनता की कमरतोड़ बढ़ोत्तरी कर विश्वव्यापी रिकॉर्ड कायम किया है । रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने कोतवाली चैक में मोदी जी को महंगाई का रिकॉर्ड बनाने पर 'मोदीचूर' लड्डू खिलाकर बधाई दी । कांग्रेस जनों ने कहा कि देश की जनता को जनादेश देने पर महंगाई का अनमोल तोहफा मोदी जी ने दिया है । इसलिए मोदी जी का मुंह मीठा कराया गया,इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज कंदोई, प्रशांत ठेंगड़ी, पुरूषोत्तम शर्मा, उमेश गुप्ता, प्रवीण चन्द्राकर, राजेश केडिया, मो. ताहिर, विक्रांत शिर्के, श्रीनिवास राव, राजू नायक, मुकुंद कागदेलवार, राजेश त्रिवेदी, सुरेश अग्रवाल, सुनील शेरके, सुनील ध्रुव, राजेश यदु, मनोज पाल, महावीर देवांगन, बलभद्र महोबिया, प्रशांत तिवारी, योगेश साहू भूपेन्द्र साहू, लाला धनगर, दीपक चैबे, अजय हंसा, कमलेश नथवानी, अतुल रघुवंशी, दिलशाद हुसैन, महेश सोनी, इखलाक कुरैशी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# लाखों डकारने वाली सिरगिटी की पूर्व महिला सरपंच से वसूली क्यों नहीं?

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एक तरफ राज्य सरकार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से कर्ज ले रही है। आय बढ़ाने में सक्षम नहीं हो पा रही है । खर्च घट नहीं रहा है नागरिकों को राहत नहीं मिल रही है यदि सरकार पूर्व जनप्रतिनिधियों की डिफॉल्ट राशि को वसूले तो सरकार के खजाने में 15 दिन की मेहनत मात्र से अरबों रुपए इकट्ठा हो जाएगा। हम यह बात हवा में नहीं कर रहे हैं, बिल्हा का सिरगिट्टी क्षेत्र जो पहले ग्राम पंचायत था कि सरपंच केसरी इंगोले के ऊपर ऑडिट रिपोर्ट 2006 के मुताबिक 16 लाख 28 हजार 398 रुपए की रिकवरी थी जिसका लेखा नहीं मिलता 2007 में तत्कालीन सीईओ ने उक्त राशि प्राप्ति के लिए फाइल चलाई थी जो बाद में गुम हो गई उसी दौरान 9/10 / 2009 में सूचना के अधिकार के तहत ऑडिट रिपोर्ट और रिकवरी नोटिस बताता है कि सरपंच केसरी इंगोले ने मूलभूत राशि की 397000 रुपए ऋण राशि का 491000 रुपय तालाब, विज्ञापन और अन्य गड़बड़ियों को मिलाकर लगभग 16 लाख 28 हजार रुपए की गड़बड़ी की थी उसके बाद जब वे नगर पंचायत में निर्वाचित हो गई तब उस कार्यकाल में 8 लाख का देनदारी और दोनों राशि आज तारीख तक सरकारी खजाने में वापस नहीं हुई है। 16 लाख रुपए की रकम वर्ष 2008 की है और 8 लाख की रकम वर्ष 2013-14 की है इसी तरह महमंद का पूर्व सरपंच नीरज राय के ऊपर लगभग 3 करोड रुपए की देनदारी बनती है । यदि जिला प्रशासन जिला प्रशासन सीईओ मात्र 15 दिन तक अभियान चला दे तो सरकारी खजाने में रुपयों की बारिश हो जाएगी। आम नागरिक यदि बिजली का दो-तीन माह तक बिल नहीं भरता तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है। नगर निगम का संपत्ति कर न देने वाले का नाम सार्वजनिक किया जाता है आम नागरिकों को जब कोई छूट प्राप्त नहीं है तो जनप्रतिनिधि जो निर्वाचित होकर शपथ लेते हैं उन्हें विशेष छूट क्यों मिलती है। सरकार को चाहिए कि पूरे प्रदेश के अंदर जनप्रतिनिधियों की देनदारी पर संज्ञान ले और प्रदेश की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाएं इससे केवल खजाना ही नहीं भरेगा कांग्रेस का वोट बैंक भी बढ़ेगा।

# भारत बंद का कांग्रेस ने धरना स्थल पहुंच कर समर्थन दिया

- व्यापारी संगठनों द्वारा 26 फरवरी को जीएसटी के सरलीकरण की मांग को लेकर एक दिवसीय भारत बन्द का आव्हान किया था

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



व्यापारी संघ ने नेहरू चौक में धरना--प्रदर्शन किया ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ ग्रामीण) ने नेहरू चौक पहुंचकर बिलासपुर बन्द का समर्थन करते हुए कांग्रेसजन धरना प्रदर्शन में शामिल हुए । जिला शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की क्रियाकलाप से सभी वर्ग परेशान है ,किसान, मजदूर ,नौकरी पेशा हो या व्यापारी वर्ग हो ,केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू कर व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है ,जीएसटी के नियम अव्यवहारिक है जिससे छोटे, मंझले, बड़े व्यापारियों की दिक्कतें हो रही है ,समय मे जीएसटी न भरने वालो को सजा की धमकी दी जा रही है ,अवसरवाद हावी हो रहा है ,व्यापारी व्यवसाय करे कि जीएसटी के अव्यवहारिक व्यवस्था से जूझे ,व्यापारी समझ नही पा रहा है ,प्रमोद नायक ने कहा व्यापारियो के हित में सरलीकरण करने की कांग्रेस मांग करती है। जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हदबड़ी में जीएसटी लागू कर दी ,उसके व्यवहारिक पक्ष पर ध्यान नही दिया ,जबकि जीएसटी लागू करने से पहले व्यापारी संगठनों से बातचीत करना था,ताकि व्यापारी इस बात से अवगत करा सकते थे कि जीएसटी से कहाँ कहाँ और क्या क्या दिक्कत होगी पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अहंकार में इतनी चूर है कि किसी से बात करने के लिए तैयार नही है ,जीएसटी में अभी तक 400 बार संशोधन हो चुका है पर व्यापारियो की समस्या पूर्ववत बनी हुई है ,केंद्र सरकार जानबूझकर व्यापारियो को प्रताड़ित करने का काम कर रही है , सरकार को जीएसटी को व्यवहारिक अरु सरलीकरण करना की मांग करते है ।

## कलेक्टर ने गोठानों में निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में जनपद पंचायत मुंगेली में कार्यरत रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिवों की मैराथन बैठक लेकर गोधन न्याय योजना की प्रगति की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने गोठानों में निर्माण कार्यो की धीमी गति पर अपनी गहरी नराजगी व्यक्त की और कार्यो में तेजी लाने के सख्त हिदायत दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित ब्यास भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर एल्मा ने रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव को अपने समक्ष बुलाकर गोधन न्याय योजना की एक-एक बिन्दुओं की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने गोठान में फैसिंग, शेड निर्माण, गोबर की खरीदी, केछुआ की उपलब्धता, वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण और विक्रय आदि के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। बैठक में उन्होने कहा कि इस योजना के माध्यम से गोठानों में गोबर की विक्रय करने वालो और गोबर क्रय करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी तो हो ही रही है। इसके साथ ही इस महत्वाकांक्षी योजना से कृषकों सहित आम लोगों की भी भलाई होगी। उन्होने कहा कि गोबर से नियमानुसार वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने पर खेतों की उर्वरक क्षमता बनी रहेगी। इसके साथ ही उत्पादन क्षमता में बढोत्तरी होगी। वर्मी कम्पोस्ट खाद से उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होगी। इस हेतु उन्होने रोजगार सहायक,तकनीकी सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिवो को वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण और विक्रय के लिए आवष्यक निर्देष दिये और उन्होने वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से होने वाले लाभों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि महिला स्व सहायता समूहो द्वारा गोठानो में खरीदे गये गोबर को किसी भी स्थिति में खुले में नहीं रखा जाएगा। उन्होने गोबर को शेड में ही निर्धारित अवधि तक रखने के निर्देष दिये।

### साहू समाज का सामूहिक आदर्श विवाह एवं कर्मा जयन्ती 25 अप्रेल को

**मुंगेली।** जिला साहू संघ मुंगेली का बैठक जिला अध्यक्ष बलदाउ साहू के अध्यक्षता में रखा गया जिसमें समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सिद्वमुनि आश्रम मेला नवागांव टेमरी में सैकड़ों वर्षों से मेला आयोजित होते आ रहा है वहा भक्त माता कर्मा भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है जिसमें माता को कि मूर्ति स्थापना करना है इस अवसर पर वहां विशाल सामहिक आदर्श विवाह एवं कमो जयन्ति 24-25 अप्रेल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल समेत समाज के सभी सांसद व विधायको को आमंत्रित करने का निर्णय हुआ है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उदय राम साहू तह. अध्यक्ष लोरमी, ओम प्रकाश साहू पथरिया दुकाल राम साहू लोकराम साहू पहुप राम साहू,लोकेन्द्र साहू राजकुमार साहू सरगांव,श्रीमति इंदिरा साहू,चन्द्रकुमार साहू बोधी राम साहू, डा. रामकुमार साहू,खेलावन साहू,विश्वनाथ साहू प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष निरंजन साहू, डा. लेखूसाहू, रामकुमार साहू (बरछा) रामचन्द्र साहू, जलेश्वर साहू,नेतराम साहू, योगेश साहू,केशव साहू, पवन साहू, उपस्थित रहे।

**24 फरवरी 2021 को एक ही दिन में 10023 वैगनों की लोडिंग की गई**

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस वर्ष एक दिन में सर्वाधिक वैगनों से लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में भी अपनी ठोस इरादों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आपदा को अवसर में बदलते हुए न केवल रिकार्ड के मैंटेनेंस के कार्य किए गए बल्कि अधोसंरचना संबंधी कार्य भी तीव्र गति से पूर्ण किया गया । इसके साथ ही साथ कोरोनाकाल में भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक वस्तुओ का परिवहन तथा बिजलीघरों में कोयले की सतत आपूर्ति करते हुये न सिर्फ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियो को पूरा किया है बल्कि अपनी आय को भी बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से कोरोनाकाल की चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है । कल दिनांक 24 फरवरी, 2021 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस वित्तीय वर्ष में एक दिन में सर्वाधिक वैगनों से लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की गई 7 24 फरवरी को एक ही दिन में 10023 वैगनों का उपयोग कर माल लदान किया गया। इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है ।

इनमें कोयला, क्लिंकर, खाद्यान, रासायनिक खाद एवं लौह अयस्क की सर्वाधिक लदान की गई है । गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी गई एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## कोरोना का थर्ड स्ट्रेन है घातक , डीपी विप्र महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने पोस्टरों पर स्लोगन प्रदर्शन कर जागरूक किया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राष्टीय सेवा योजना विगत एक वर्ष से विश्व में फैले कोरोना वायरस का प्रसार बढ़ता जा रहा है। एक बार तीव्र गति से अपनी प्रचंडता दिखाकर शांत होने के पश्चात रक्तबीज की भांति ये पुनः अपना विकराल स्वरूप धारण कर रहा है। मानव का एक व्यवहार होता है किसी भी आतंक का भय इसे प्रारम्भिक स्वरूप तक ही होता है कुछ समय पश्चात मानव उस आतंक से समायोजित हो जाता है और भयहीन हो जाता है। यही परिस्थिति वर्तमान समाज में देखी जा रही है। हम कोरोना को स्वयं के सामने इतना तुच्छ समझ रहे हैं कि अब उसकी भयंकरता हमें भयभीत नहीं कर पा रही है। इसी वास्तविकता से सभी को अवगत कराने के लिए राष्टीय सेवा योजना,डी.पी.विप्र महाविद्यालय की इकाइयों द्वारा मुख्य परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए महाविद्यालय परिसर में लग रही छात्र-छात्राओं की भीड़ को व्यवस्थित करने तथा कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु पोस्टर बनाकर पोस्टरों पर कोरोना के नियमों का पालन करने सम्बन्धी स्लोगन आदि का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क लगाए रहने हेतु आग्रह किया ताकि सभी सुरक्षित रह सकें। स्वयंसेवकों के इस सूझ को देखकर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला ने स्वयंसेवकों के इस कार्य को सराहनीय बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। राष्टीय सेवा योजना द्वारा किये जा रहे इस कार्य की सराहना महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों द्वारा की गई।इस कार्य में स्वयंसेवक साकेत कुमार चंद्रा, श्रेयांश दीक्षित,अंजली गोंड़, रीना यादव, नीलम टोन्डर, छाया निषाद, प्रतिभा साहू, परदेशी धुरी,सभ्या श्रीवास, शिवा गायकवाड़, मनीषा टोन्डर, तंजीम बानो, विश्वजीत आदि स्वयंसेवक-स्वयं सेविकाएँ सक्रिय रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403